अधिकतम तापमान 23.00* >> न्यूनतम तापमान 11.00* >> सूर्योदय 7:00 >> सूर्यास्त 17:17 >>

डॉलर 81.83 >> यूरो 86.21 >>

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1992 में अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर उमड़ी भीड़ ने बाबरी मस्जिद को गिरा दिया था।

क्यूआर कोर्ड स्कैन कर पहुंचें दैनिक भास्कर पर

dainikbhaskarup.com

# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

नोएडा | वर्ष-13, अंक-167 | मंगलवार 06 दिसम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य 3.00

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित



## छिटपुट घटनाओं के बीच दूसरे चरण में 58.44% मतदान

एजेंसी



**गुजरात विधानसभा चुनाव**



अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान सोमवार को छिटपूट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान में उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 93 सीटों पर वोट डाले गए। कुछ जगहों पर मारपीट की घटनाओं के अलावा मतदान बहिष्कार की भी घटनाएं हुईं। दूसरे चरण में शाम पांच बजे तक औसत मतदान 58.44 फीसदी दर्ज किया गया। इसमें अहमदाबाद में 53.16, अरवल्ली 60.18, बनासकाठा 65.65, आणंद 59.04, छोटो उदेपुर 62.04, दाहोद 55.80, पाटण 56.09, महीसागर 54.26, वडोदरा 56.75, साबरकांठा में 65.84, पंचमहाल 62.03, गांधीनगर 59.14 फीसदी दर्ज किया गया।

दूसरे चरण के मतदान में सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा सीट अंतर्गत राणीप क्षेत्र में मतदान किया। प्रधानमंत्री मोदी की माता हीराबा ने भी सौ साल की उम्र में गांधीनगर स्थित रायसणा क्षेत्र में बूथ पर जाकर मतदान किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अहमदाबाद के बूथ पर जाकर मतदान किया। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी अहमदाबाद में मतदान किया। केन्द्रीय मंत्री देबूसिंह चौहाण समेत राज्य के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में मतदान किया। क्रिकेटर इरफान पठान और यूसुफ पठान ने भी वडोदरा में अपने मत डाले। महेसाणा जिले की खेरालू तहसील के तीन गांवों में लोगों ने पानी के मुद्दे पर मतदान का बहिष्कार किया। खेरालू के डाओल, डालीसरा और वरेठा गांव के करीब 5 हजार लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। इसके अलावा वडोदरा के रेलवे गोदी क्षेत्र के लोगों ने भी पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। यहां करीब 300 लोगों ने मतदान में भाग नहीं लिया। गांधीनगर के समीप कलोल विधानसभा सीट अंतर्गत संत अन्ना स्कूल में वोटिंग बूथ के बाहर गड़बड़ी का आरोप कांग्रेस उम्मीदवार ने लगाया। इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। बात गाली-गलौज से मारपीट तक बढ़ गई। बाद में पुलिस ने मामला शांत कराया।

## तीन सीटों पर उपचुनाव सम्पन्न

- **मैनपुरी में 51.2 % रामपुर में 31.22 % और खतौली में 56.40 % हुआ मतदान**

भास्कर ब्यूरो



लखनऊ। यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट और रामपुर, खतौली विधानसभा सीट पर मतदान खत्म हो चुका है। मैनपुरी में 51.2 %, रामपुर में 31.22 % और खतौली में 56.40 % तक मतदान हुआ। वोटिंग के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि पुलिस लोगों को वोट डालने नहीं दे रही हैं। इसके बावजूद चुनाव आयोग आंखें मूंदे बैठा है। इस चुनाव को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल की तरह देखा जा रहा है। एक तरफ मैनपुरी सीट का रिजल्ट देश की राजनीति में अखिलेश का राजनीतिक कद तय करेगा, तो दूसरी तरफ रामपुर सीट आजम खान के परिवार की राजनीति का भविष्य तय करेगी। वहीं, मुजफ्फरनगर की खतौली सीट पर भाजपा अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहती है। बहरहाल, इन तीनों सीट का रिजल्ट 8 दिसंबर को आएगा, लेकिन राजनीतिक जानकार बताते हैं कि तीनों ही जगह कांटे की टक्कर है। आजम खान के विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम खान ने कहा कि रामपुर उपचुनाव नहीं हो रहा बल्कि धांधली की जा रही है।

## ज्ञानवापी केस की सुनवाई अब 7 दिसंबर को, 6 अन्य मुकदमों को भी सुनने की मांग



वाराणसी। ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रार्थना पत्र की सुनवाई आज वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में हुई। इस प्रार्थना पत्र के माध्यम से मां श्रृंगार गौरी केस के साथ ही ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े अन्य 6 केस को सुनने की मांग की गई है। कोर्ट में यह प्रार्थना पत्र मां श्रृंगार गौरी केस की लक्ष्मी देवी, सीता साहू, रेखा पाठक और मंजू व्यास की ओर से दी गई है। इस प्रार्थना पत्र के समर्थन में मां श्रृंगार गौरी केस की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह नहीं हैं। कोर्ट ने इस प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की अगली डेट 7 दिसंबर फिक्स की है। वहीं, मां श्रृंगार गौरी केस के तहत ज्ञानवापी परिसर में तहखाने को तोड़कर और मलबे को हटाकर एडवोकेट कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग की गई। हाईकोर्ट के निर्देश पर पर सुनवाई के लिए अगली डेट 23 जनवरी 2023 फिक्स की गई है।

# 33 हजार 700 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- **नई योजनाओं के लिए 14000 करोड़ का प्रस्ताव**

भास्कर ब्यूरो





लखनऊ। यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2022 2019 के लिए 33700 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया। बजट में नई योजनाओं के लिए 14000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।

अनुपूरक बजट में फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट के लिए भी प्रबंध किया गया है। नगर विकास विभाग की स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी व प्रधानमंत्री आवास योजना प्रस्ताव है। पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 2000 करोड़ रुपये मांगे हैं। वहीं सिंचाई विभाग के कंप्यूटराइजेशन के लिए भी राशि मिलने की उम्मीद है। सरकार की घोषणा के तहत युवाओं के लिए निशुल्क टैबलेट व स्मार्ट फोन के लिए भी बजट प्रस्तावित होगा। इसके अलावा अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट व अन्य सुविधाओं के लिए भी अनुपूरक बजट के माध्यम से धन की व्यवस्था की जाएगी

बजट पेश करने से पहले सदन में सपा नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सदन में अनुपूरक बजट पेश करने से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास पर बैठक हुई। मंत्री परिषद की बैठक में बजट को मंजूरी दी गई। वहीं यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को सपा सदस्यों ने विधानसभा परिसर में चौधरी चरण सिंह प्रतिमा के पास जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन कर रहे सपाइयों ने सरकार पर आरोप लगाए। सपाइयों ने कानून व्यवस्था और महंगाई को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। सपाइयों ने कहा कि सरकार जनता का पैसा का दुरुपयोग कर रही है। स्लोगन लिखे तक नारों को लेकर सपाइयों ने योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## यूपी : कैबिनेट बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में अनुपूरक बजट के साथ ही कई अन्य प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। कैबिनेट बैठक में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ( पीपीपी) मॉडल पर राजकीय पॉलिटेक्निकों तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन निजी सहभागिता से किए जाने के संबंध में मुहर लगी है। इसी तरह अप्रचलित एवं अनुपयोगी कानूनों को निरसित किए जाने हेतु प्रस्तावित उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक 2022 को अधिनियमित कराए जाने के संबंध में कैबिनेट की मुहर लगी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा विधेयक, 2022 को प्रख्यापित कराए जाने के संबंध में कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

## यूपी विधान सभा शीतकालीन सत्र : सदन में मुलायम सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा के शीतकालीन सत्र के पहली दिन सदन की कार्यवाही शुरु होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव लगभग 83 वर्ष के थे। वह 10 बार विधानसभा के सदस्य और एक बार एमएलसी रहे। वह कई बार मंत्री, तीन बार मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भी रहे। वह लोकसभा सदस्य भी चुने गए। केंद्र की देवगौड़ा सरकार में रक्षा मंत्री भी रहे। उनका निधन प्रदेश और देश के लिए बड़ी क्षति है। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की अनुपस्थिति में समाजवादी पार्टी के विधायक व विधानसभा में मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त की। इनके अलावा कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, अपना दल एस के नेता व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी अध्यक्ष डा. संजय निषात समेत अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त की। सत्र शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार की सुबह 9:30 बजे कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में सदन में पेश होने वाले अनुपूरक बजट के प्रस्ताव को रखा गया। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी।

## अवैध शराब मामले में पंजाब सरकार को कड़ी फटकार

- **सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- अब तक क्या किया, बताएं**

एजेंसी



**कोर्ट ने कहा- अब तक क्या किया, सूची बनाकर भेजो**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार को राज्य में अवैध शराब के बड़े पैमाने पर निर्माण और बिक्री पर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पंजाब में ड्रग्स और शराब की समस्या एक गंभीर मुद्दा है। कोर्ट ने सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि पंजाब सरकार केवल एफआईआर दर्ज कर रही है और आगे की कार्रवाई कुछ नहीं कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के नशा विरोधी कार्यों की गति पर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने सरकार से अवैध शराब बनाने के खतरे को रोकने के लिए उठाए गए विशिष्ट कदमों की सूची भी बनाने को कही। कोर्ट ने इसके बाद सीमा सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया।

## भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना गर्व की बात : प्रधानमंत्री




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभआ चुनाव के मद्देनजर पार्टी नेताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के महत्व और दायित्व के बारे में भाजपा पदाधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही जी-20 की अध्यक्षता के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा नेताओं को प्रेरित करते हुए कई मुद्दों पर विचार विमर्श भी किया।




**लखनऊ, कानपुर व गाजियाबाद समेत महापौर की आठ सीटों को रखा गया अनारक्षित**

## महापौर, पालिका व पंचायतों में चेयरमैन की सीटों का आरक्षण तय

भास्कर ब्यूरो



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 762 में 760 नगर निकायों में महापौर और चेयरमैन के सीटों के आरक्षण की अनंनतिम अधिसूचना जारी कर दिया है। इनमें 17 नगर निगमों में महापौर के अलावा 199 नगर पालिका परिषद और और 544 नगर पंचायतों के चेयरमैन की सीटें शामिल हैं। हालांकि आरक्षण सभी 762 नगर निकायों के लिए निर्धारित कर दिए गए हैं।

लखनऊ, कानपुर व गाजियाबाद समेत महापौर की आठ सीटों को अनारक्षित रखा गया है। 2017 में ये तीनों सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थीं। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात की ओर से जारी अधिसूचना पर 7 दिनों में सुझाव व आपत्ति मांगे गए हैं। महापौर और चेयरमैनों के आरक्षित सीटों की जानकारी देते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर निगम (स्थानों और पदों का आरक्षण और आवंटन) नियमावली 1994 में दी गई व्यवस्था के अनुसार चक्रानुक्रम के आधार पर सीटों का आरक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार महापौर की 17 सीटों पर चुनाव होना है। वर्ष 2017 में 16 सीटों के लिए चुनाव हुआ था। शाहजहांपुर सीट पर पहली बार चुनाव होने जा रहा है। महापौर की कुल 17 नगर निगमों में से 8 सीटें अनारक्षित रखी गई हैं, जबकि महिलाओं के लिए तीन सीटें, आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के लिए 2 और अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 2 सीटें आरक्षित की गई हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति महिला और अनुसूचित जाति के लिए 1-1 सीटें आरक्षित की गई हैं। इसी प्रकार नगर पालिका परिषदों की 200 सीटों में से अनुसूचित जाति महिला के 9 और अनुसूचित जाति के लिए 18 सीटें, पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 18 और पिछड़ा वर्ग के लिए 36 सीटें आरक्षित की गई है। जबकि महिला के लिए 40 और 79 सीटें अनारक्षित श्रेणी में हैं।

इसी प्रकार नगर पंचायतों की 545 सीटों में 217 सीटें अनारक्षित और 107 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के लिए 98 और पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 49 सीटें, अनुसूचित जाति के लिए 48 तो अनुसूचित जाति महिला के 25 सीटें आरक्षित की गई है। जबकि अनुसूचित जनजाति महिला के लिए एक सीट आरक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया कि आरक्षण की अनंतिम अधिसूचना पर सात दिनों में आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। सीटों और वार्डों के आरक्षण की अंतिम अधिसूचना जारी होने के बाद इसकी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार यह काम 12 दिसंबर तक पूरा कर लेगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग को कार्यक्रम सौंप दिया जाएगा। इसके बाद तुरंत चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी।

## निकाय चुनाव को लेकर सासनी में पुलिस ने की बैठक

हाथरस/सासनी। नगर निकाय चुनाव की तैयारियों में पुलिस जुट गई है। सासनी कोतवाली पर मुचलकों में पाबंद करने के लिए लिए सूची तैयार की गई है। पुलिस कप्तान देवेश पांडेय के आदेशानुसार तथा सीओ के निर्देशानुसार एसएचओ सतेन्द्र सिंह राघव के नेतृत्व में गोहाना चौकी क्षेत्र में सम्भ्रांत लोगों एवं ग्राम प्रधानों के साथ आवश्यक बैठक कर निकाय चुनावों से संबंधित निर्देश दिए गये।

# भैया जी न भाई जान! मैडम बनेंगी गुलावठी की चेयरपर्सन

भास्कर ब्यूरो

**गुलावठी।** इस बार गुलावठी की चेयरमैनी सीट पर न भैया जी बैठेंगे और ना ही भाई जान, कुर्सी पर अधिकार होगा तो सिर्फ मैडम का। सिर्फ मैडम ही चेयरमैन की कुर्सी पर बैठेंगी और नगर पालिका के सभी कागजातों पर सिग्नेचर करेंगी। दरअसल, बीती देर शाम आई आरक्षण लिस्ट में गुलावठी नगर पालिका अध्यक्ष की सीट का आरक्षण महिला के लिए हुआ है। आरक्षण आने के बाद दावेदारों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आरक्षण लिस्ट आते ही महिला दावेदारों के नाम सोशल मीडिया पर दौड़ने लगे।




### महिला सीट होने पर भाजपा से विद्यावती तोमर सशक्त दावेदार

गुलावठी में बीते कई दिनों से कुछ पुरूष दावेदार ही अपना प्रचार कर रहे थे। आरक्षण आने से पहले कहीं भी महिला दावेदारों ने अपना प्रचार नहीं किया। महिला वर्ग के लिए सीट आरक्षित होने पर गुलावठी में भाजपा नेत्री विद्यावती तोमर सबसे सशक्त और प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उनके जमीनी नेत्री होने के कारण वास्तव में भाजपा को फायदा हो सकता है। यह भी याद रहे कि भाजपा ने जब उमा जैन पत्नी रमेश चंद जैन को टिकट दिया था तो वो मामूली वोटों से ही हारी थीं।।

### एससी वर्ग के दावेदार हुए निराश

गुलावठी में एससी वर्ग से दावेदारी करने वाले करीब आधा दर्जन लोग पूरी जोर-आजमाइश में लगे हुए थे कि गुलावठी चेयरमैनी सीट का आरक्षण एससी हो जाए और इस बार वो अपनी किस्मत आजमाएंगे। सीट एससी कराने को लेकर कुछ दावेदारों ने भाजपा के कई जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नेताओं से गुहार लगाई, लेकिन कोई गुहार काम न आई। अब एससी वर्ग के कुछ दावेदार घोषित किए गए आरक्षण पर आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं।

### महिला सीट होने पर किसे मिलेगा भाजपा से टिकट?

गुलावठी नगर पालिका अध्यक्ष की सीट का आरक्षण महिला वर्ग के लिए होने पर भाजपा किसे टिकट देती है, यह समय ही बताएगा।

भाजपा से टिकट मांग रहे दावेदार अब अपनी मैडम को टिकट देने की मांग करने लगे हैं। वहीं, महिला वर्ग में सीट होने पर कुछ नए दावेदारों ने भी टिकट के लिए अपनी दावेदारी ठोंक डाली है, जबकि उनमें से कई ऐसे भी आंके जा रहे हैं जो वार्ड मेंबरी का चुनाव भी नहीं जीत पाएंगे।

### नुसरत बनी थी पहली महिला चेयरपर्सन, फिर उतरेंगी मैदान में

गुलावठी में पहली महिला चेयरपर्सन नुसरत जहां पत्नी काले पहलवान बनी थीं। अब नुसरत जहां एक बार फिर मैदान में उतरेंगी और गुलावठीवासियों की सेवा करने का बीड़ा उठाने को तैयार हैं। नुसरत जहां को पुराना अनुभव भी है, सो नुसरत को टक्कर देना भाजपा की उम्मीदवार के लिए आसान भी नहीं होगा।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**अलीगढ़।** रितेश भारती पुत्र चन्द्र प्रताप सिंह निवासी अम्बेडकर कालोनी नौरंगाबाद छावनी थाना गाँधी पार्क अलीगढ़ ने अपने 20000 रुपए व एक मोबाइल ओप्पो ए 12 चोरी हो जाने के संबंध में दिनांक 04.12.22 को थाना देहलीगेट पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना देहलीगेट पुलिस टीम ने वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त इमरान उर्फ फौजी पुत्र मुन्ना निवासी कादिर वाली गली सराय मियाँ थाना देहलीगेट अलीगढ़ को खैर रोड के पास कब्रिस्तान मे से गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से चोरी किये हुए 19,000 रुपए व एक मोबाइल ओप्पो ए 12 बरामद हुआ। अभियुक्त थाना देहलीगेट का हिस्ट्रीशीटर 80अ भी है, अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।

# डेयरियों पर हुआ नगर आयुक्त का एक्शन

### 19 डेयरियों पर कार्यवाई, 71800 रूपये का वसूला जुर्माना

भास्कर ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ की सफाई व्यवस्था को दिन-रात बेहतर बनाने में जुटे नगर आयुक्त अमित आसेरी ने गंदगी और गोबर बहाकर सड़कों और नालियों में गंदगी करने वाले डेयरी संचालकों पर कार्रवाई करने का मन बना लिया है जिसके लिए नगर निगम द्वारा सभी जोन में रोजाना डेयरी संचालकों के विरुद्ध सहायक नगर आयुक्त ठाकुर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करने का कार्यक्रम जारी किया गया है।



सोमवार को सहायक नगर आयुक्त ठाकुर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में आवास विकास कॉलोनी में 19 डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 71800 का जुमार्ना वसूल किया गया और एक हफ्ते में डेयरी संचालकों को अपनी डेरी नगर निगम क्षेत्र से बाहर ले जाने की चेतावनी दी गई साथ ही साथ मौके पर सहायक नगर आयुक्त सभी एसएफआई को डेयरी संचालकों को रोजाना नोटिस तामील कराए जाने के कड़े निर्देश दिए। नगर आयुक्त अमित आसेरी ने कहा कि शहर में अवैध रूप से संचालित अवैध डेयरियों को बाहर करने के लिए नगर निगम ने पूरी तैयारी कर ली है। बार बार चेतावनी देने के बाद भी नहीं मान रहे डेयरी संचालकों पर कार्रवाई कर जुमार्ने के साथ कानूनी कार्रवाई होगी।

सहायक नगर आयुक्त डेयरी संचालकों के विरुद्ध अभियान के संबंध में बताया ने 8 दिसम्बर 2022 को जोन संख्या 3 के सर्किल संख्या 3 में, 9 दिसम्बर 2022 को जोन संख्या 3 के सर्किल संख्या 4 में, 12 दिसम्बर 2022 जोन संख्या 4 के सर्किल संख्या 1 में, 14 दिसम्बर 2022 जोन संख्या 4 के सर्किल संख्या 5 में 15 दिसम्बर को जोन 1 के सर्किल 6 में 16 दिसम्बर को जोन 1 के सर्किल 8 में संचालित हो रही अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई में नगर निगम की ओर से पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी राजेश वर्मा एसएफआई रमेश चंद सैनी अनिल सिंह आदि साथ थे।

# उपजिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर सुनी ग्राम वासियों की जन समस्याएं

भास्कर ब्यूरो

**हाथरस/सिकंदराराव।** जिलाधिकारी अर्चना वर्मा द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में ग्राम पंचायत नगरिया पट्टी देवरी विकासखंड हसायन में उप जिलाधिकारी सिकंदराराव वेद सिंह चौहान की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों की जन समस्याओं को सुना गया तथा उनका मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने हेतु संबंधित विभागी अधिकारियों को निर्देश दिए गये।



उप जिलाधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण हेतु सुबह 11.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक नगरिया पट्टी देवरी, तहसील सिकन्दराराव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की जन सुनवायी की। जन सुनवायी के समय कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को 03 दिवस में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर मौका मुआयना करने के उपरान्त निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इसके पश्चात उन्होंने स्कूल व निमार्णाधीन गौशाला का निरीक्षण किया तथा कूड़ा प्रबन्धन, साफ-सफाई की व्यवस्था करने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत में संचालित परियोजना का प्रचार-प्रसार भी किया। चौपाल के दौरान प्रभारी चिकित्साअधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप खण्ड अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, विद्युत वितरण सिकन्दराराव, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## अमुवि में हिन्दी कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आयोजित

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की हिन्दी कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आज चयन समिति कक्ष में सहकुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर गुलरेज ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं शैक्षणिक केन्द्रों समेत प्रशासनिक कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों को एक पत्र भेजा जाना चाहिये जिसमें उनसे कार्यालय स्तर पर हिन्दी को बढ़ावा देने का प्रयास किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी कार्यान्वयन समिति द्वारा शिक्षा मंत्रालय के राजभाषा अधिकारी का एक लेक्चर आयोजित किया जाये ताकि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त हो।

# जिलाधिकारी-एसएसपी ने गॉधी नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो

**अलीगढ।** गॉधी नेत्र चिकित्सालय, ट्रस्ट से संचालित अत्यन्त ही पुराना चिकित्सालय है। यहां तकरीबन 350 से 400 मरीज प्रतिदिन ऑखों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के रोगों से छुटकारा पाने के लिये आते हैं। मरीजों का समुचित इलाज हो, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, सुनिश्चित कराने के लिये जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ सम्पूर्ण चिकित्सालय का निरीक्षण किया। मरीजों से फीडबैक प्राप्त करने के साथ ही खाने की गुणवत्ता को परखने के लिये संचालित मैस का खाना भी खाया।



जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मरीजों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं को और बेहतर बनाये जाने के उद्देश्य से गॉधी नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। देखने में आया कि चिकित्सालय में तैनात चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ मानवीय संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज कर उनके जीवन में उजाला फैला रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में कुछ चिन्हित वार्डों की मरम्मत का कार्य कराकर उन्हें उपयोगी बनाया जाएगा। इतना प्राचीन होने के बाद भी नेत्र चिकित्सालय का विश्वसनीयता आज भी कायम है। आयुष्मान हैल्थ कार्ड के लाभार्थियों को भी चिकित्सालय में चिकित्सकीय सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है और चिकित्सालय द्वारा 01 करोड़ रुपए से अधिक का क्लेम किया गया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुलावठी जनपद बुलन्दशहर

पत्रांकः 855 / न0पा0प0गु0-नामान्तरण /2022-23 दिनांक : 05/12/2022

### सम्पत्ति नाम परिवर्तन सूचना/विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, पालिका के गृहकर पंजिका में नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन पत्र प्राप्त हुऐ है, जिनका विवरण निम्नप्रकार है:-

| क्रं सं0 | भवन सं0 | मौहल्ला | नाम दर्ज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम व पिता/पति का नाम | नाम हटाये जाने वाले व्यक्ति का नाम व पिता/पति का नाम | नाम परिवर्तन का आधार | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 142 | महरबानपुरा | श्रीमती सबाना पत्नी श्री नसरूद्दीन | श्री अनसार अहमद पुत्र श्री नूर मौहम्मद | बैनामे के आधार पर | - |
| 2 | 10 व 19 | महरबानपुरा | श्रीमती शहिद पुत्र श्री सनुवा | स्व श्री सनुवा पुत्र श्री ननुवा | वारिसान प्रमाण पत्र के आधार | - |
| 3 | 222 | महरबानपुरा | श्री इकबाल पुत्र श्री कमाल | श्री कमाल पुत्र जहांगीर | वारिवारिक बटंवारे के आधार पर | - |
| 4 | 220 | महरबानपुरा | श्री रिजवान पुत्र श्री कमाल | श्री कमाल खां पुत्र श्री जहांगीर खां | वारिवारिक बटंवारे के आधार पर | - |
| 5 | 220 ए | महरबानपुरा | श्री इरफान पुत्र श्री कमाल | श्री कमाल पुत्र श्री जहांगीर खां | वारिवारिक बटंवारे के आधार पर | - |
| 6 | 222 ए | महरबानपुरा | श्री इमरान पुत्र श्री कमाल | श्री कमाल पुत्र श्री जहांगीर | वारिवारिक बटंवारे के आधार पर | - |
| 7 | 602 ए | रामनगर | श्रीमति कुसुमलता पत्नी श्री अशोक कुमार | श्री रामप्रसाद पुत्र श्री मवासी | बैनामे के आधार पर | - |
| 8 | 2801 | रामनगर | श्रीमति शांति देवी पत्नी श्री प्रेमसिंह | श्री गंगाविशन पुत्र श्री गरीबा | मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर | - |
| 9 | 715 ए | रामनगर | श्रीमति पूजा पत्नी श्री अमन कुमार | श्री बलराज पुत्र श्री रत्नलाल | बैनामे के आधार पर | - |
| 10 | 2910 | रामनगर | श्रीमति रीता वर्मा पत्नी श्री राजीव वर्मा | श्रीमति बबीता रानी पत्नी श्री सुनील कुमार | बैनामे के आधार पर | - |
| 11 | 3021 ए | रामनगर | ललित कुमार पुत्र श्री अशोक कुमार | श्री रविन्द्र कुमार पुत्र श्री गन्नू सिंह | बैनामे के आधार पर | - |
| 12 | 489 ए | रामनगर | श्री शरद कुमार पुत्र श्री देवी-दयाल | श्री अरूण कुमार पुत्र श्री वेदपाल | बैनामे के आधार पर | - |
| 13 | 648 | श्यौदत्त | श्री विजय कुमार पुत्र श्री हरीशचंद | श्री सुरेश चंद, श्री राजेश कुमार पुत्रगण श्री हरीशचंद | बैनामे के आधार पर | - |
| 14 | 661बी | श्यौदत्त | श्री राजेश कुमार पुत्र श्री हरीशचंद | श्री सुरेश चंद, श्री विजय कुमार पुत्रगण श्री हरीशचंद | बैनामे के आधार पर | - |
| 15 | 648 ए | श्यौदत्त | श्री राजेश कुमार पुत्र श्री हरीशचंद | श्री सुरेश चंद,श्री विजय कुमार पुत्रगण श्री हरीशचंद | बैनामे के आधार पर | - |
| 16 | 758 ए | श्यौदत्त | श्री जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री भूदत्त शर्मा | श्रीमति दीप्ति पत्नी श्री राजेश अग्रवाल | बैनामे के आधार पर | - |
| 17 | 376 ए | पीरखां | श्रीमति मोहसीना पत्नी श्री शमीम | श्रीमति मोमना बेगम पत्नी श्री अकबर अली | बैनामे के आधार पर | - |

पालिका की गृहकर पंजिका में उपरोक्त भवनों पर नाम परिवर्तन पर, यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के दिनांक से, 15 दिन के अन्दर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करें। कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में,उपरोक्त नाम परिवर्तन कर दिये जायेगे। अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गुलावठी
जनपद बुलन्दशहर


## श्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार के लिए 15 दिसम्बर तक करें आवेदन

**अलीगढ।** नेहरु युवा केन्द्र द्वारा वर्ष 2022-23 की वार्षिक कार्य योजना के अनुपालन में जिला स्तरीय श्रेष्ठ युवा मंडल पुरस्कार का चयन किया जाना है। पुरस्कार के लिये आवेदन करने वाले युवा/युवती मंडल का पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होने बताया की इच्छुक युवा-युवती मंडल 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि में किये गये उत्कृष्ट कार्यो की फाइल बनाकर व आवेदन प्रपत्र में भरकर 15 दिसम्बर 2022 तक नेहरु युवा केन्द्र कार्यालय में जमा करवा सकता है। वित्त वर्ष 2021-2022 मे आयोजित की गई गतिविधियों के आधार पर गठित चयन समिति द्वारा ग्रेडिंग कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा।

# हापुड की बेटी ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में साधा गोल्ड पर निशाना, किया जनपद का नाम रोशन

**हापुड़।** भोपाल में चल रही 65वी नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हॉक आई शूटिंग एकेडमी की संस्कृति बाना ने 10मीटर एयर पिस्टल मिक्स टीम कैटेगरी में उत्तर प्रदेश टीम को दिलाया गोल्ड। हापुड की बेटी ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में साधा गोल्ड पर निशाना, किया जनपद का नाम रोशन।




संस्कृति बाना ने स्कूल में सिल्वर मेडल हासिल कर साल 2022 की शुरूआत की और नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में पहले मैच में गोल्ड पर निशाना साधकर प्रतियोगिता की शुरूआत कर दी है। संस्कृति बाना 10मीटर एयर पिस्टल वूमेन कैटेगरी में उत्तर प्रदेश की तीन ओर टीमों में हिस्सा ले रही है। संस्कृति बाना की उपलब्धि पर परिवार के लोगो मे बेहद खुशी का माहौल है। इस अवसर पर समाजसेवी विकास दयाल व उनके साथी संस्कृती बाना के पिता आदर्श बाना जो सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा काम करते है के साथ सभी साथियों ने संस्कृति बाना के उज्जवल भविष्य की कामना की ओर परिवार को बधाई दी।

# प्रेस मीडिया क्लब का गठन, कपिल गौड़ बने अध्यक्ष

भास्कर ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** जिला पंचायत सभागार बुलंदशहर में सर्वसम्मति से प्रेस मीडिया क्लब का गठन किया गया। इस दौरान कार्यकरणी की घोषणा की गई तथा वरिष्ठ पत्रकारों ने मीडिया के आज के हालातों पर रौशनी डाली। इस मौके पर मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोयल एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। जबकि इस दौरान दोनों खास मेहमानों द्वारा सभा में उपस्थित पत्रकारों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीपक जलाकर व पुष्प चढ़ाकर किया गया। सोमवार को जिला पंचायत सभागार में प्रेस मीडिया क्लब के गठन को लेकर जनपद के इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट व डिजिटल मीडिया के वरिष्ठ एंव युवा पत्रकार भारी संख्या में मौजूद रहे।।इस मौके पर सर्वसम्मति एंव सहमति से वरिष्ठ पत्रकार कपिल गौड़ को अध्यक्ष तथा सचिव के पद पर वरिष्ठ पत्रकार मोहित गोमत, कोषाध्यक्ष के पद पर पत्रकार साजिद सैफी के नाम की घोषणा की गई। उपाध्यक्ष के पद पर लंबे समय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सेवा दे रहे निवासी वरिष्ठ पत्रकार पुनीत शर्मा , पत्रकार मनोज उपाध्याय व शाहनवाज को चुना गया।



तथा सह सचिव के पद पर पत्रकार सचिन शर्मा के नाम की घोषणा की गई। सीनियर कमेटी में वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोयल, देवेंद्र शर्मा, विजय सिंघानिया, मुकुल शर्मा, चंद्र भूषण मित्तल, तुषार तिवारी, इंद्रपाल कौशिक को रखा गया है। जबकि विशेष कार्य समिति में मोहम्मद शोएब, राजेश शर्मा, वंदना शास्त्री, अनिल लोधी की घोषणा के नाम की घोषणा की गई। इस दौरान मुकुल शर्मा व आसिफ खान को विशेष पद संस्थापक सदस्य से नवाजा गया । संगठन के गठन के दौरान विभिन्न तहसीलों से आये पत्रकारों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अशोक गोयल ने कहा कि जनपद बुलंदशहर में पिछले 50 वर्ष से अभी तक पत्रकारों का कोई संगठन नहीं था प्रेस मीडिया क्लब का गठन होने के बाद पत्रकारों के उत्पीड़न पर लगाम कैसी जा सकेगी तथा उनकी समस्या का हल आराम से हो सकता है।

उन्होंने कहा कि संगठन के बैनर तले संगठन के सदस्य अपनी बात को अधिकारीयों के सामने मजबूती से रख सकेंगे। जबकि गलत बात का विरोध भी सहजता के साथ किया जा सकेगा। इस मौके पर प्रेस मीडिया क्लब के अध्यक्ष कपिल गौड़ ने कहा कि पत्रकार साथियों ने जो ज़िम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। संगठन के सचिव मोहित गोमत ने संगठन की मूल भावना पर रौशनी डालते हुए कहा कि संगठन पत्रकार साथियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए वजूद में आया है, जो हर दुःख सुख में पत्रकार व उनके परिवार के साथ खड़े रहने का काम करेगा। यदि हमारा कोई साथी रास्ता भटकता भी है तो संगठन उसे सही दिशा दिखाने का कार्य करेगा।

मंच का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मुकुल शर्मा ने किया। इस मौके पर मनीष शर्मा, अमित सक्सेना, जितेंद्र यादव, विश्वास सांगवान, विकास वत्स, चेतन शर्मा, सिराज सैफी, इकबाल सैफी, संजीव भटनागर, वरुण शर्मा, यतिन शर्मा, कपिल सिंह, अनिल तोमर, मुकेश राजपूत, जहीर खान, उस्मान सैफी, रिंकू कुमार, मुकेश शर्मा, हेमंत कुमार, अविशेक अग्रवाल, हरिओम मीना, मनोज गौतम, सोनू सैनी, लोकेश कुमार, विक्रम राणा, जुबैर शाद, अली शरर, मोहम्मद जाकिर, सोनू कुमार, कदीम राजपूत, फरियाद अली, ओपी गुप्ता समेत वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने लांच की 45 औद्योगिक भूखंडों की योजना

## उद्योग लगने से दस हजार युवाओं को मिल सकेंगे रोजगार के अवसर

- प्लॉट की कुल कीमत का 10 फीसदी रकम देकर करा सकते हैं पंजीकरण
- पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर, पहली बार ई-ऑक्शन से होगा आवंटन






**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 45 औद्योगिक भूखंड योजना लांच कर दी है। इस स्कीम के ब्रोशर सोमवार से ऑनलाइन उपलब्ध हो गए हैं। इन 45 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को प्लॉट के एवज में रिजर्व प्राइस से करीब 500 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। इन भूखंडों पर उद्योग लगने से भविष्य में 10 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है। पहली बार ई-ऑक्शन से औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हो रहा है।

आगामी फरवरी में ग्लोबल इनवेस्टर समिट का आयोजन होने जा रहा है। प्राधिकरण इस समिट में अपनी अहम भागीदारी निभाने की कोशिश में जुट गया है। प्राधिकरण ने 45 औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच कर दी गई है। इस योजना के जरिए कुल 48 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी।

इन 45 भूखंडों में से 3 भूखंड सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन में, सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में 8 भूखंड, ईकोटेक छह बी में एक , ईकोटेक छह में 1 भूखंड और 32 प्लॉट सेक्टर ईकोटेक 11 में हैं। ये भूखंड 450 वर्ग मीटर से लेकर 20315 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। सोमवार से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर इनके ब्रोशर उपलब्ध हो गए हैं। इनको डाउनलोड किया जा सकता है। इन भूखंडों के लिए एसबीआई पोर्टल https://etender.sbi के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी इसका लिंक दिया गया है। 05 दिसंबर से ब्रोशर डाउनलोड करने व पंजीकरण शुल्क का भुगतान कर पंजीकरण कराने की सुविधआ शुरू हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। पंजीकरण शुल्क, ईएमडी ( अर्नेस्ट मनी डिपोजिट ) और प्रोसेसिंग फीस 28 दिसंबर तक जमा की जा सकती है। डॉक्यूमेंट सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर शाम पांच बजे तक है। इन भूखंडों पर एक माह में ही पजेशन मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी का कहना है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक निवेश के केंद्र के रूप में उभरा है। उद्यमियों की मांग व जरूरत को देखते हुए स्कीम लांच कर दी गई है। तय समयसीमा में प्लॉट पर पजेशन दे दिए जाएंगे। इससे निवेश के साथ ही हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

# मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर व कमर्शियल स्कीम होगी ओपन

**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण इस सप्ताह के अंत तक एक साथ कई स्कीम ओपन करेगा। प्राधिकरण 10 से 12 फरवरी 23 तक लखनऊ में होने वाली इन्वेस्ट समिटि से पहले निवेश का लक्ष्य पूरा करने का प्रयास कर रहा है।

इसी क्रम में प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर पार्क, कमर्शियल, ग्रुप हाऊसिंग व संस्थागत स्कीम नौ दिसंबर से पहले ओपन कर देगा। सभी स्कीमों में आवंटन नीलामी के तहत होगा।



प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क की स्कीम ओपन करेगा, जिसमें 99 भूखंड होंगे। जिसके लिए 140 एकड़ जमीन आवंटित की जाएगी। इसके लिए 200 एकड़ जमीन और सुरक्षित रखी गयी है।

जिसमें एफ डीआई, ज्वाइंट एफडीआई व प्रतिष्ठित फार्म कंपनियों को सीधे आवंटन होगा। जिसमे मेगा प्रोजेक्ट कहा जाएगा। इसके अलावा डाटा सेंटर की भी स्कीम ओपन होगी। जिसमें 10-10 एकड़ मात्र पांच प्लॉट हैं। प्राधिकरण को इससे करीब 15 हजार करोड़ रुपये निवेश मिलेगा। साथ ही 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इस स्कीम में सिर्फ वही कंपनी आवेदन कर सकती है जिसका 150 करोड़ रुपये को नेटवर्थ होगी।

वहीं संस्थागत स्कीम के अंतर्गत प्राधिकरण नर्सिंग होम के दो, सीनियर सेंकडरी स्कूल के दो, अस्पताल का एक, ट्रेनिंग संस्थान का एक तथा धार्मिक स्थल के लिए दो भूखंड आवंटित करेगा। यह भूखंड सेक्टर 18, 20 व 22 ई में होंगे। प्राधिकरण कमर्शियल स्कीम के तहत 15 दुकानें, व 15 भूखंडों की भी स्कीम ओपन करेगा। दुकानों का साइज 31.5 वर्ग मीटर तथा भूखंडों को साइज 112, 124 तथा 140 वर्ग मीटर होगा। इसके अलावा प्राधिकरण ग्रुप हाऊसिंग के चार भूखंडों की स्कीम की ला रहा है।

## सार सुर्खियां

### ईपीई पर कार अनियंत्रित होकर पलटी तीन घायल



**बागपत।** ईपीई पर लहचौडा के समीप आगें चल रही गाडी के ब्रेक लेने से आल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गयी जिसमे बैठे तीन युवक घायल हो गये ग्रामीणों ने उन्हें कार से बाहर निकाल पुलिस को सूचना दी। अम्बाला निवासी सौरव,हर्ष,आशीष तीनो दोस्त है,वह एक साफ्टवेयर कम्पनी मे नोएडा जाब करतें है,वह अपनी आल्टो कार से अम्बाला से नोएडा जा रहे थे,जब वह ईपीई पर लहचौडा के समीप पहुचें तो आगे चल रही गाडी ने अचानक ब्रेक लगा दिये जिससे बचने के प्रयास में इन्होंने भी ब्रेक लगाये जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गयी खेतो मे काम कर रहे किसानों ने देखा तो उस और दौड पडे और घायलों को कार से बाहर निकाल कार को सीधा किया,वही पुलिस को सूचना दी है।

### 18 लाख की लागत से तैयार नाला दस दिन में हुआ धराशाही



**बड़ौत।** सिनौली से बावली गांव तक पानी निकासी के लिए बनाये गए नाले के क्षतिग्रस्त होने के मामले में अधिकारियों ने विभागीय जांच बैठा दी है। इतना ही नहीं ठेकेदार का भुगतान रोकने के भी आदेश जारी किए गए हैं। दरअसल, सिनौली से बावली गांव तक पानी निकासी के लिए नाला निर्माण शुरू हुआ था। जिला पंचायत द्वारा 400 मीटर पक्का नाला निर्माण कराना प्रस्तावित कराया गया। इस 400 मीटर नाला निर्माण के लिए लगभग 18 लाख रूपयों की धनराशि स्वीकृत की गई। अब तक 350 मीटर नाला बनकर तैयार हो चुका है और केवल 50 मीटर नाला निर्माण होना है, लेकिन 10 दिन के भीतर ही यह नाला ढह गया। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने के कारण नाला टूटने लगा है और तिरछा भी होने लगा है। ग्रामीणों ने ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों पर मिलीभगत कर घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया तो विभागीय जांच बैठ गई। अवर अभियंता रोहित कुमार का कहना है कि ठेकेदार का भुगतान रोक दिया गया है। इस मामले में जांच भी शुरू कर दी गई है।

भाजपा के बूथ अध्यक्ष को पीटा, पर्चियां फाड़ी

### बूथ अध्यक्ष की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा

**मैनपुरी/किशनी।** क्षेत्र में गांव उजागरपुर में मतदान के दौरान पोलिंग बूथ पर भाजपा के बूथ अध्यक्ष की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। गाली गलौज करते हुए पर्ची छीनकर फाड़ दीं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए पुलिस की चाक चैबंद व्यवस्थाओं के बीच मतदान कराया जा रहा था। किशनी के उजागरपुर में भाजपा के बूथ अध्यक्ष से कुछ लोगों ने हाथापाई कर दी। बूथ अध्यक्ष रामसहाय शाक्य निवासी उजागरपुर ने बताया कि वह अपने लोगों को पार्टी द्वारा दी गई पर्चियां बांट रहा था। तभी विवेक यादव, नतिमा यादव, नीशू यादव ने आकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। भाजपा नेता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसको पीटना शुरू कर दिया। उसके हाथ से पर्चियां छीन कर फाड़ दीं और उन्हें पैरों से कुचलने लगे। गांव में न रहने की धमकी देने लगे। किसी तरह से वहां से बचकर निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सदर क्षेत्र के देवामई बूथ संख्या 44 पर मतदान कराकर पत्नी के साथ वापस लौट रहा शख्स कार की टक्कर लगने से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन

**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सेक्टर-1 नोएडा कैंपस ने 4 दिसंबर 2022 को अपना डिग्री वितरण समारोह आयोजित किया। इस समारोह में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डा. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रोफेसर डा. सी.पी. गुप्ता डीन और प्रमुख वित्तीय अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय सम्मानित अतिथि थे और प्रो.डॉ.पद्मिनी पद्मनाभन,प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी और बायोइंजीनियरिंग विभाग ने समारोह की अध्यक्षता की। बीआइटी मेसरा के कुलपति प्रो.डॉ.इंद्रनिल मन्ना ने भी अपने ऑनलाइन संदेश से विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर 137 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिनमें 9 पीएचडी के छात्र, 3 एम.टेक के छात्र, एमबीए के 26 छात्र, एमसीए के 22 छात्र, बीबीए के 38 छात्र, बीसीए के 19 छात्र, बीएससी (एनीमेशन और मल्टीमीडिया)। के 20 छात्र शामिल हैं.परिसर निदेशक



प्रो.डॉ.एस एल गुप्ता ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, उपाधि प्राप्तकताओं एवं अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वालों को चिंतक, कर्मठ, स्वप्नद्रष्टा और भावी नेता कहकर बधाई दी। उन्होंने 2021-22 के लिए संस्थान की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने बताया गया कि संस्थान लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और क्षमता निर्माण गतिविधियों में भाग लेता रहा है। संस्थान ने पिछले शैक्षणिक वर्ष में प्रबंधन विकास कार्यक्रम, वेबिनार, सेमिनार, अनुसंधान वार्ता श्रृंखला व्याख्यान और उच्च प्रभाव वाले अतिथि व्याख्यान जैसे लगभग 125 कार्यक्रमों की मेजबानी की है। संस्थान के संकाय सदस्यों ने पत्रिकाओं में 23 शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और ख्याति की संपादित पुस्तकें, 03 पाठ्यपुस्तकें, 5 पेटेंट प्रदान किए गए हैं और संस्थान ने पिछले शैक्षणिक वर्ष में उद्योग के साथ 8 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। बीआईटी मेसरा रांची के कुलपति प्रो.डॉ.इंद्रनिल मन्ना ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नोएडा परिसर का फोकस तीन अलग-अलग धाराओं - बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सूचना प्रौद्योगिकी और एनिमेशन और मल्टीमीडिया पर है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हम नोएडा परिसर के बुनियादी ढांचे और संकाय सदस्यों को बेहतर बनाने के लिए अपने सभी प्रयास कर रहे हैं ताकि हम ऐसे स्नातक तैयार कर सकें जो दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा कर सकें। डिग्री कोर्स के अलावा नोएडा परिसर नवाचार और उद्यमिता में भी योगदान देगा। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करने और उनका मार्गदर्शन करने के अथक प्रयासों के लिए निदेशक और कर्मचारियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में अपने भाषण में, प्रो.टंकेश्वर कुमार ने सभी डिग्री प्राप्तकताओं को बधाई दी और उल्लेख किया कि बीआईटी नोएडा कैंपस वास्तव में गुणवत्ता और अत्याधुनिक कला प्रदान करके ज्ञान की उन्नति के सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में प्रबंधन और सूचना प्रौद्योगिकी में शिक्षा ऊँचाई प्राप्त करने की अपने लक्ष्य को पूरा करने की और अग्रसर है। उन्होंने सभी डिग्री प्राप्तकताओं को बधाई दी और उन्हें समग्र दृष्टिकोण का पालन करने, सामाजिक रूप से जिम्मेदार होने और संगठन के लिए एक संपत्ति बनने के लिए निर्देशित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो.सी.पी.गुप्ता ने श्रोताओं को संबोधित किया और कहा कि कैसे उद्योग की सफलतापूर्वक सेवा करने के लिए तकनीकी कौशल के साथ व्यावसायिक शिक्षा महत्वपूर्ण है। छात्रों को दीर्घकालिक सफलता के लिए समय-परीक्षणित कौशल सीखना होगा। प्रो पद्मिनी पद्मनाभन जिन्होंने समारोह की अध्यक्षता की और बीआईटी नोएडा परिसर की कुछ प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि बीआईटी नोएडा ने कोविड-19 के दौर में अनिश्चित समय के माध्यम से व्यवसाय बदलने पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया जिसमें भारत और विदेशों के 250+ प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी तरह, संस्थान ने पिंक टेबल टॉक, रिसर्च स्कॉलर्स डे, रिसर्च टॉक सीरीज आदि जैसे कई आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया है और एआईसीटीई द्वारा डिजाइन थिंकिंग पर एफडीपी को भी मंजूरी दी गई है। कार्यक्रम के अंत में प्रो. डॉ.एसएल गुप्ता व प्रो. डॉ.आशा प्रसाद ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया डॉ. अरुण मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।समारोह का संचालन डॉ.मीनाक्षी शर्मा,डॉ. अरुण मित्तल और डॉ.निकेत मेहता ने किया।

### दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने आत्महत्या का किया प्रयास

**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने पड़ोसी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की थी। आरोप है कि इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान पीड़िता ने रेलवे लाइन पर लेट कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी जानकारी होने पर जारआरपी ने समय रहते पीड़िता को लाइन से हटाकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव में परिवार के साथ किराये पर रहने वाली युवती का पड़ोस में रहने वाले युवक से संबंध हो गए थे। आरोपी युवक शादी का झांसा देकर करीब एक साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता द्वारा शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने इंकार करके गांव से निकलवा दिया। पीड़िता नोएडा में रहकर नौकरी करने लगी। शनिवार को पीड़िता ने आरोपी पर एक साल से दुष्कर्म करना व 8 माह की गर्भवती होने का आरोप लगा तहरीर दी। पीड़िता का आरोप है पुलिस ने मामले में दूसरे दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की।

# 7 दिसंबर को इंतजार कीजिए, रिजल्ट अच्छा आएगा: अनिल भारद्वाज



**भास्कर ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने एमसीडी चुनाव को लेकर दिखाए जा रहे एक्जिट पोल को आधारहीन बताया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के एक्जिट पोल हर चुनाव के बाद दिखाए जाते हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर असली चुनाव परिणाम आने के बाद गलत साबित होते हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस एमसीडी चुनाव में 60 से 70 सीटें जीतने में कामयाब रहेगी।

अनिल भारद्वाज ने बातचीत में दावा किया कि कांग्रेस अपने आंतरिक सर्वे में 60 से ज्यादा सीटों पर अच्छी जीत दर्ज करती हुई दिखाई पड़ी है। ऐसे में वे अपने कार्यकताओं के फीडबैक के आधार पर मिले सर्वे पर ज्यादा विश्वास करेंगे और उन बाहरी एजेंसियों के एक्जिट पोल को सही नहीं मानते जो सरकार के दबाव में सच्चाई से अलग चुनाव परिणाम दिखाते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दलित, मुसलमान और पूर्वांचली मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने के लिए कई ठोस काम किए हैं और इस कारण समाज के विभिन्न वर्गों में उसका असर बढ़ा है। इसका सीधा असर चुनाव परिणामों पर दिखेगा और कांग्रेस बेहतर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के सर्वे पर बहुत भरोसा नहीं किया जा सकता और वे सात दिसंबर तक का इंतजार करना बेहतर समझेंगे। जब असली चुनाव परिणाम आएंगे।

### सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक कार्यालय में करें आवेदन

**भास्कर ब्यूरो**

**बागपत।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में प्रति जोड़ा के लिए 51,000 की राशि निर्धारित किया गया है, जिसमें से कन्या के बैंक खाते में रूपए 35,000 की धनराशि दी जाती हैं तथा रूपए 10,000 का वधू के गृहस्थ जीवन के खुशहाली हेतु सामग्री एवं उनके सामूहिक विवाह संस्कार कार्यक्रम पर रूपए 6,000 खर्च किया जाता हैं। समाज कल्याण अधिकारी रचना शर्मा ने बताया कि व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदक को मात्र 20,000 की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त होती थी, जिसके स्थान पर सभी संवर्ग के गरीब, आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा, जरूरतमंद व्यक्तियों की पुत्रियों हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित हैं जिसमें कन्या के उम्र का जन्म प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, कन्या का बैंक खाता नम्बर, आधार नम्बर, पहचान पत्र, फोटो ( वर-वधू ) सहित आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय एवं शहरी क्षेत्रों में सम्बंधित अधिशाषी अधिकारी कार्यालय में जमा करेंगें।

# डीएपी आते ही केंद्रों पर मची मारामारी, हंगामा बढ़ता देख बुलाई गई पुलिस




**भास्कर ब्यूरो**

**बागपत।** डीएपी खाद को लेकर सोमवार को मारामारी मची रही है। भारी भीड़ के कारण पुलिस की मौजूदगी में किसानों को खाद वितरित की गई। खाद के लिए किसानों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। इसके बावजूद काफी संख्या में किसानों को बगैर खाद के लौटना पड़ा।

दरअसल, पिछले एक माह से जनपद के किसी भी सेंटर पर डीएपी नहीं आने से किसान परेशान थे क्योंकि गेंहू की फसल की बुवाई लगातार प्रभावित हो रही थी। यही कारण था कि सोमवार जनपद के लगभग सभी केंद्रों पर सुबह से ही डीएपी लेने के लिए मारामारी मची रही।

जब किसानों को पता चला कि डीएपी केंद्रों पर आ गई है, किसान केंद्रों की ओर दौड़ पड़े। किसानों की केंद्र पर भीड़ व हंगामा बढ़ने की सूचना पर पुलिस भी बुलाई गई। पुलिस के साथ भी किसानों की तीखी नोंकझोंक हुई। सानू किसानों का आरोप था कि केंद्र के अधिकारी अपने जानकारों को ही डीएपी उपलब्ध करा रहे हैं। गहमा गहमी के बीच पुलिस की देखरेख में डीएपी वितरित किया गया। इसके बावजूद स्टॉक देखते ही देखते खत्म हो गया। मांग के अनुरूप डीएपी नहीं मिलने से बहुत से किसान प्रशासन को कोसते हुए अपने घरों को लौट गए।

कृषि विभाग के एडीओ कृषि महेश कुमार ने बताया कि 1200 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त हुआ था। मांग अधिक की वजह से सब खत्म भी हो गया है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मुदस्सिर से बदलकर मुदस्सिर खान पुत्र मसरूर खान निवासी 444 चंदयाना जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश 245403 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारा जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम दरखशा खान से बदलकर दरखशा खानम पत्नी मुदस्सिर 444 चंदयाना जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश 245403 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारा जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम असमी खान से बदलकर असमी खानम पत्नी फैजी खान निवासी वार्ड नंबर-6, मोहल्ला शहजादगान कस्बा शाहजहांपुर मेरठ उत्तर प्रदेश 250104 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारा जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अरफात जहाँ से बदलकर अरफात खान पत्नी अफजल उर रहमान खान निवासी मोहल्ला शहजादगान कस्बा शाहजहांपुर मेरठ उत्तर प्रदेश 250 104 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारा जाए।



## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अन्जू खातून पत्नी अमजद अली निवासी सज्जू के मकान में किरायेदार लाल गेट वाली गली न० 01 भौपुरा थाना टीलामोड़ जनपद गाजियाबाद दिनांक 30/12/2022 को समय सुबह 11:30 बजे अपने घर से बिना बताये कही चली गयी है। जो आज तक अपने घर वापस नही पहुँची है। जिसके संबंध में सूचना थाना टीलामोड़ जनपद गाजियाबाद पर जी0डी0 न0 36 दिनांक 01/12/2022 पंजीकृत है। यदि किसी सज्जन को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो नीचे दिये गये मोबाइल नंबरों परया थाना टीलामोड़ पर सूचना देने का कष्ट करें ।

**( 1. मो0न0- 9650223158 अमजद अली )**

**(उ0नि0 प्रवीन कुमार, - मो0 न0 8929436745 )**

**( भुवनेश कुमार गौतम )**

**प्रभारी निरीक्षक, थाना टीलामोड़, जनपद गाजियाबाद, मो0न0 9643208961**



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 225 / एस0टी0-एस0डी0एम0 / 2021 दिनांक 20.11.2021 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रतावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खाता | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | वारिसानों का नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दनकौर | 335 द 614 | 59/1 872 | गिरराज पुत्र श्री न्यादर नि0 ग्राम मौहम्मदपुर गुजर, परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती कृष्णा देवी | पत्नी | 55 वर्ष | |
| | | | | | श्री विट्टू | पुत्र | 27 वर्ष | |
| | | | | | श्री मोनू नागर | पुत्र | 26 वर्ष | |
| | | | | | श्री सोनू | पुत्र | 25 वर्ष | |
| | | | | | श्री अंकित नागर | पुत्र | 21 वर्ष | |
| | | | | | श्रीमती पिंकी | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण


### सपा प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट

**भास्कर ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को गौतमबुद्धनगर की नव नियुक्त पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से शिष्टाचार भेंट की। सपाइयों ने जिले की कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने आशा जताई कि लक्ष्मी सिंह के गौतमबुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त का पद भार ग्रहण करने के बाद अपराधिक घटनाओं में कमी आएगी तथा पुलिस की कार्यशैली में भी बदलाव आएगा और आम आदमी को न्याय मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से निवर्तमान जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, वरिष्ठ नेता गजराज नागर, नरेंद्र नागर, सुनील भाटी देवटा, कृशांत भाटी, सुधीर भाटी, औरंगजेब अली, अकबर खान, अवनीश भाटी, दीपक नागर, शैलेन्द्र भाटी, हैप्पी पंडित, लखन यादव, अमित रौनी, अनूप तिवारी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर निगम, अलीगढ़

पत्रांकः 504/नि0वि0/न0नि0अली0/2022-23 दिनांक : 05/12/2022

**ई- निविदा सूचना**

नगर निगम ,अलीगढ़ द्वारा 01 निर्माण कार्यों की ई-निविदा के माध्यम से नगर निगम अलीगढ़ में पंजीकृत ,किसी भी सरकारी/अर्द्ध सरकारी एवं अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाऐं आंमत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित जानकारी ई-टैण्डर की वेबसाईट **www.etender.up.nic.in**,एवं नगर निगम की वेबसाइट **www.nnaligarh.in** पर उपलब्ध है। निविदा सम्बन्धित कार्यों की सूची नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम अलीगढ़ कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र के सम्बन्ध में ई-टेण्डर की वेबसाइट को देखतें रहें । निविदाओं हेतु निर्धारित तिथि एवं समय का विवरण निम्न

**ऑनलाइन निविदा**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा बेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 05नवम्बर 2022 सायं 05:00 बजे से |
| 2 | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 11 दिसम्बर 2022 अपरान्हः 02:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 11 दिसम्बर 2022 अपरान्हः03:00 बजे |

**मुख्य अभियन्ता**

**नगर निगम, अलीगढ़।**

दिसम्बर माह में थानाभवन व ऊन शुगर मिल को पूर्ण भुगतान व शामली शुगर मिल को 50 करोड का भुगतान करने के कडे दिशा निर्देश दिए गए हैं।
-**जसजीत कौर**, डीएम, शामली

# तीनों पालिकाओं में लड़ा जाएगा अनारक्षित चुनाव

## शामली, कांधला व कैराना समेत पांच नगर पंचायतें भी अनारक्षित, नगर पंचायत बनत ओबीसी, ऊन को महिला श्रेणी में रखा

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव में निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों की आरक्षण सूची जारी कर दी। शामली जिले की तीनों नगर पालिकाएं अनारक्षित श्रेणी में रखी गई है, जबकि एक नगर पंचायत अन्य पिछडा वर्ग, एक को महिला श्रेणी तथा बाकी पांच नगर पंचायतों को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। नगर निकाय चुनाव के तहत आरक्षण सूची जारी होने का इंतजार कर रहे भावी प्रत्याशियों को सोमवार शाम राहत भरी खबर मिली। उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार शाम को नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर अध्यक्ष पदों के आरक्षण की अनुसूची जारी कर दी। शासन द्वारा पूरे प्रदेश में 17 निगम, 200 नगर पालिकाओं तथा 545 नगर पंचातयों के आरक्षण की अनुसूची जारी की गई है। जनपद शामली में तीन नगर पालिकाएं शामली, कैराना व कांधला तथा सात नगर पंचायतें बनत, एलम, ऊन, थानाभवन, गढीपुख्ता, जलालाबाद, झिंझाना हैं। आरक्षण अनुसूची में इस बार जिले की तीनों नगर पालिकाओं को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। जबकि नगर पंचायत बनत को अन्य पिछडा वर्ग, ऊन को महिला श्रेणी तथा एलम, थानाभवन, गढीपुख्ता, जलालाबाद, झिंझाना नगर पंचायतों को भी अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। आरक्षण अनुसूची जारी होने के साथ ही निकाय चुनावों को सरगर्मियां तेज हो गई है।

चुनाव को लेकर तेज हुई सरगर्मियां सोमवार शाम को आरक्षण सूची जारी होने के बाद नगर निकाय में अध्यक्ष व सदस्य पदो के चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई है। चुनाव लड़ने की योजना बनाए बैठे प्रत्याशियों ने चुनाव की पूरी रणनीति तैयार कर ली है।

### 12 दिसंबर तक सचिवालय में दर्ज कराए आपत्ति

उत्तर प्रदेश विशेष सचिव सुनील कुमार चौधरी की तरफ से जारी आरक्षण अनुसूची पर अगर किसी व्यक्ति विशेष को आपत्ति है तो वह अनुसूची जारी होने के एक सप्ताह के अंदर यानि 12 दिसंबर शाम 6 बजे तक अपनी आपत्ति उत्तर प्रदेश सचिवालय में दर्ज करा सकता है। आपत्ति व्यक्तिगत रूप से कार्यालय पहुंचकर भी दर्ज कराई जा सकती है।

### अब रहेगा अधिसूचना जारी होने का इंतजार

आरक्षण सूची जारी होने के बाद अब प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने का इंतजार है। अधिसूचना में निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन भरने की तिथि, चुनाव चिन्ह आवंटन, चुनाव की समय सारणी, चरणों के अनुसार चुनाव तिथियां, मतगणना की तिथि आदि की घोषणा की जाती है। कयास लगाए जा रहे है कि दिसम्बर महीने में ही निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी, जिसके तहत फरवरी-मार्च में निकाय चुनाव होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सार सुर्खियां

### रोटरी क्लब ने कराई विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना

कैराना। रोटरी क्लब शामली स्टार द्वारा सोमवार को ग्राम एरटी स्थित माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की गई। प्रयोगशाला का उद्घाटन सीडीओ शंभू नाथ तिवारी एवं क्लब अध्यक्ष निखिल ऐरन द्वारा किया गया। सीडीओ शंभू नाथ तिवारी ने क्लब के कार्य की प्रशंसा करते हुए बच्चों को बताया कि वह किस प्रकार इस विज्ञान प्रयोगशाला का उपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में सचिव आकाश गुप्ता, मोहित बंसल, प्रमोद ऐरन, राहुल तायल, सौरभ गोयल मौजूद रहे।

### चेयरमैन की अचानक हालत बिगड़ी

कैराना। सोमवार सुबह नगरपालिका के अध्यक्ष हाजी अनवर हसन मोहल्ला आलदरम्यान स्थित अपने आवास पर थे। इसी दौरान उन्हें पीठ और छाती में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद परिजनों द्वारा नगर के एक निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां उनकी ईसीजी हुई और रिपोर्ट नॉर्मल आई। इसके बावजूद हालत में कोई सुधार न देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजन उन्हें दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल में ले गए।

### मारपीट में ग्राम प्रधान समेत तीन पर मुकदमा

चौसाना। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव टोडा में ग्राम प्रधान सोनू पुत्र रामकुमार, श्रीपाल पुत्र भगत व अन्नू पुत्र बालेन्द्र ने गांव के पदम सिंह पुत्र सुरता सिंह की खेत से आते समय पिटाई कर दी थी। आरोप था कि पदम सिंह ने प्रधान पक्ष के लोगो की अवैध कब्जे की शिकायत प्रशासन को की है। राजस्व टीम व पुलिस ने अवैध कब्जे को मुक्त करा दिया था। जिससे क्षुब्ध ग्राम प्रधान व उसके साथियों ने खेत से लौट रहे किसान पदम सिंह को रास्ते में पकड लिया था और जमकर पिटाई की थी। चौकी प्रभारी सचिन पुनिया का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा

कांधला। रविवार की रात्रि पुलिस टीम सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम को किवाना मोड़ के निकट संदिग्ध युवक दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कब्जे से पुलिस ने एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम आजाद पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला खेल थाना कांधला बताया। सोमवार को पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया। पकड़े गए युवक के अन्य अपराधिक इतिहास भी खंगाले जा रहे हैं।

# नाहिद हसन ने तीसरी बार ली शपथ

- भाजपा प्रत्याशी को हराकर जेल से जीते थे चुनाव
- जेल में होने के कारण शपथ नहीं ले पाए थे नाहिद

भास्कर ब्यूरो

**कैराना।** सपा विधायक नाहिद हसन जेल से रिहा होने के बाद लखनऊ विधानसभा में पहुंचे। जहां उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा-2022 चुनाव में नाहिद हसन ने कैराना सीट से भाजपा प्रत्याशी मृगांका सिंह को जेल में रहते हुए हराकर जीत दर्ज की थी। वह जेल में बंद होने के कारण अभी तक शपथ नहीं ले पाए थे। शपथ लेने के बाद वह विधानसभा की कार्यवाही में भी शामिल हुए।



कैराना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के नाहिद हसन ने विधानसभा-2022 चुनाव में मुजफ्फरनगर जेल से ही जीत दर्ज की थी. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मृगांका सिंह को हराया था। लेकिन, गैंगस्टर एक्ट के मामले में विधायक के जेल में बंद होने के कारण वह शपथ ग्रहण नहीं कर सके थे। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक नाहिद हसन को जमानत के आदेश जारी किए थे। इसके बाद तमाम प्रक्रिया पूर्ण होने पर दो दिन पूर्व विधायक नाहिद हसन को चित्रकूट जेल से रिहा कर दिया गया था। जेल से रिहाई के बाद सोमवार को विधायक नाहिद हसन लखनऊ विधानसभा में पहुंचे। जहां उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें, विधायक नाहिद हसन कैराना सीट से लगातार तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। वह शपथ लेने के बाद विधानसभा की कार्यवाही में भी शामिल हुए।

# चिकित्सीय मेले में 470 मरीजों की हुई जांच

- मंडलीय होम्योपैथिक चिकित्सीय मेले का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

कांधला। सोमवार को नगर पालिका परिषद कांधला में मंडलीय होम्योपैथिक चिकित्सकीय मेले का आयोजन किया गया। मेले में 470 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाईयों का वितरण किया गया। सोमवार को नगर पालिका कांधला के प्रांगण में मंडलीय होम्योपैथिक चिकित्सकीय मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख कांधला डा. विनोद मलिक ने डा. सैम्युअल हैनीमेन के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर डीएम के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार प्रियंका जायसाल ने मेले का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मेले में मुख्य चिकित्साधीक्षक सहारनपुर मंडल डा. विधु शेखर मलिक ने बताया कि मेले में 470 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गयी। उन्होंने बताया कि मेले में रागियों की निशुल्क रक्त की जांच भी की गयी जिसमें 26 रोगी मधुमेह के मिले जिन्हें दवाईयां दी गयी। मेले में रेडक्रास सोसायटी शामली के कोषाध्यक्ष डा. रश्मिकांत जैन ने भी भाग लिया। इस मौके पर तहसीलदार प्रियंका जासवाल को अंगवस्त्र व सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। डा. विधु शेखर मलिक ने बताया कि होम्योपैथिक सबसे अच्छी व बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के अपना काम करती है तथा रोग को जड से समाप्त करती है। इस मौके पर डा. सुधीर शर्मा, डा. अंकुज कुमार, डा. रिजवान अली आदि भी मौजूद रहे।

# जल निगम के जेई ने गुंडों से मजदूरों को पिटवाया

## गुंडों के हमले से करीब दस मजदूर घायल, भागकर बचाई जान, पुलिस ने आरोपी जेई को हिरासत में लिया

भास्कर ब्यूरो

**चौसाना।** गांव गढी हसनपुर में टंकी निर्माण के निरीक्षण को पहुंचे जल निगम के जेई ने न केवल निर्माण कम्पनी कर्मचारियों से बदसलूकी की, बल्कि अपने गुंडे बुलवाकर मजदूरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे एक सिविल इंजीनियर समेत सात मजूदरों को गम्भीर चोटे आई। मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची ऊन चौकी पुलिस ने आरोपी जेई को हिरासत में ले लिया और घायलों का मेडिकल कराया। केन्द्र सरकार की पेयजल योजना के अन्तर्गत गढी हसनपुर मे टंकी निर्माण का कार्य चल रहा था। टंकी बनाने का टेंडर लक्ष्मी सिविल सर्विसेज के पास है। सोमवार को



कम्पनी के इंजीनियर मिन्टू पुत्र नितेश व अमित कुमार टंकी के बेस की जांच कराने के लिये मौके पर आये हुये थे और जल निगम के जेई अरविन्द कुमार सिंह को भी बुलाया गया था। बताते है कि जांच के दौरान जेई अरविन्द कुमार सिंह ने सरियो के पिलर मे ज्यादा गेप होने की शिकायत पर कम्पनी कर्मचारियों व लेबर के साथ अभद्रता शुरू कर दी। कम्पनी कर्मचारियों ने कमियों को दूर करने की बात कही तो जेई अरविन्द कुमार सिंह ने यूपी से बिहार की लेबर को लेकर टिप्पणी कर दी, जिस पर कर्मचारियों ने आपत्ति दर्ज करते हुये जोनल हैड को शिकायत करने की बात कही। इस पर जेई अरविन्द कुमार सिंह उग्र हो गये और उन्होंने फोन कर दो गाडियों से अपने साथियों को बुलाकर लाठीडंडो से कम्पनी कर्मचारियों व लेबर को दौडा दौडाकर पीटा। कम्पनी कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान को बचाया। बेसमेंट मे पिलर के पास छिपकर खडे लेबर मजदूर ने बवाल की पूरी विडियों अपने फोन में कैद कर ली। सूचना पर ऊन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जिसे देखकर गुंडे फरार हो गए। घायल मजदूरों का पुलिस ने मेडिकल कराया। कम्पनी के सिविल इंजीनियर व लेबर के सात लोगो को गम्भीर चोटे आई है, जिसमे मिन्टू कुमार, अमित कुमार, मजदूर अमित, गिरधारी लाल, मजिस्टर कुमार, लाल सक्सैना आदि को चोटे आई है। कम्पनी के कर्मचारी मिन्टू का कहना है कि जेई जब जब टंकी पर आया तब तब लेबर व कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। जेई को हमने कमियों को दूर करने के लिये कहा था और अतिरिक्त जांच के लिये उच्चाधिकारियों को भी बुलाने के लिये कहा था, लेकिन जेई कॉन्ट्रेक्टर के साथ लेनदेन की बात ना होने से खफा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी जेई को हिरासत में ले लिया है।



# बाबा श्याम के दर्शन को रवाना हुई दो बसें

- पूर्व चेयरमैन अरविन्द संगल ने दिखाई हरी झंडी

भास्कर ब्यूरो

शामली। श्री श्याम दर्शन सेवा समिति शौर्य फायर एकेडमी द्वारा सोमवार को चुलकाना धाम के लिए श्रद्धालुओं से भरी दो बसों को रवाना किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन को रवाना हुए।

श्री श्याम दर्शन सेवा समिति शौर्य फायर एकेडमी द्वारा सोमवार को पवित्र चुलकाना धाम के लिए दो बसों को रवाना किया गया। सोमवार को शहर के बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कालेज के बाहर से पूर्व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन ने कहा कि हरियाणा राज्य के पानीपत जिला में समालखा कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चुलकाना गांव जो अब चुलकाना धाम से प्रसिद्ध है। यही वह पवित्र स्थान हैं जहां पर बाबा ने शीश का दान दिया था। चुलकाना धाम को कलिकाल का सर्वोत्तम तीर्थ स्थान माना गया है। चुलकाना धाम का सम्बन्ध महाभारत से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि चुलकाना धाम में एकादशी व द्वादशी पर मेला लगता है। बाबा खाटूश्याम मंदिर में दर्शन के लिये भक्तों की बहुत ज्यादा भीड़ उमड़ जाती है। समाजसेवी यशपाल पंवार ने भी श्रद्धालुओं से भरी दूसरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यशपाल पंवार ने भी सभी श्रद्धालुओं की सुखद यात्रा की कामना की। इस मौके पर अंकित गुप्ता, रूबी गुप्ता, विजय बिष्ट, सपना रसंवाल, आकाश गोयल, कोमल गोयल, वासु धीमान, नीटू जैन, गौरव सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भीषण जाम से नहीं मिल रही राहत, नागरिक परेशान

**भास्कर ब्यूरो, शामली।** शहर में जाम की समस्या का समाधान होता दिख नहीं रहा है। शहर में प्रतिदिन लगने वाले जाम के चलते शामली शहर का नाम अब जामनगरी के नाम से प्रसिद्ध होता जा रहा है। यहां कोई भी दिन ऐसा नही जाता जिस दिन जाम के हालात पैदा न होते हों। जाम के कारण जहां पैदल चलने वालों को भारी दिक्कतें उठानी पडती है वहीं वाहन चालकों को भी घंटों खडा रहना पडता है। सोमवार को भी शहर में यही हालात नजर आए। वाहनों के जाम के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। सडकों पर चलने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। धीमानपुरा रेलवे फाटक से लेकर भिक्की मोड, सुभाष चौंक तक वाहनों की लाइन लगी रही। मौके पर तैनात पुलिसकर्मी भी जाम खुलवाने में मशक्कत करते दिखाई दिए लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई। वहीं फव्वारा चौंक, विजय चौंक, दिल्ली रोड, बुढाना रोड पर भी वाहनों की लाइन लगी रही। सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को ले जा रही एम्बुलैंस को उठानी पडती हैं, वहीं जरूरी काम से घर से बाहर जाने वाले भी जाम में फंसे रहते हैं। कई बार तो प्रशासनिक अधिकारियों की गाडियां भी जाम में फंसी रहती है। जिला प्रशासन द्वारा जाम से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा चुके हैं लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है।

# जीएसटी, राज्य कर विभाग की टीम की छापेमारी

- कई दुकानों पर छापेमारी से मचा हडकंप, दर्ज किए बयान

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** सहारनपुर से आई जीएसटी व राज्य कर विभाग की टीमों ने शामली व कैराना में छापेमारी अभियान चलाते हुए कई दुकानों पर जांच पडताल की। छापेमारी की कार्रवाई से दुकानदारों में हडकंप मचा रहा।

सोमवार को शामली के फव्वारा चौंक पर उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया जबकि जीएसटी विभाग की गाडियों में सवार अधिकारियों ने प्रसिद्ध ताहरी विक्रेता रिजवान की दुकान पर छापेमारी की। टीम को देखकर दुकान में मौजूद लोगों में हडकंप मच गया।



टीम ने सभी लोगों को बाहर निकालकर दुकानदार को अंदर बैठा लिया और उससे घंटों पूछताछ की। टीम को देखकर मौके पर भीड भी जमा हो गयी। बाद में टीम पूछताछ के बाद दुकान से निकल गयी। दूसरी ओर चर्चा है कि टीम ने दो-तीन अन्य दुकानों में भी छापेमारी करते हुए दुकान संचालकों से पूछताछ की।

उधर, कैराना में सोमवार को सहारनपुर से जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अवधेश कुमार चर्तुवेदी व राज्य कर विभाग के कर अधिकारी योगेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ कैराना में कांधला तिराहे पर पहुचें। यहा पर टीम ने कई दुकानों पर पहुंच कर जीएसटी से संबधित जांच की और दुकानदारों के ब्यान दर्ज किए। जीएसटी के अधिकारी ने बताया कि कुछ शिकायतों पर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जायेगी। वही देर शाम तक टीम कस्बे में मौजूद रही।

## ऊन व थानाभवन शुगर मिल को दिसम्बर में पूर्ण भुगतान व शामली मिल को 50 करोड़ भुगतान के निर्देश

# बकाया गन्ना भुगतान न होने पर डीएम की मिलों को फटकार

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** कलेक्ट्रेट के सभागार में डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में किसानों के पेराई सत्र 2021-22 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीएम ने पेराई सत्र 2021-22 का भुगतान न होने पर कड़ी नाराजगी जताई और दिसम्बर माह में थानाभवन व ऊन शुगर मिल को पूर्ण भुगतान व शामली शुगर मिल को 50 करोड का भुगतान करने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा प्रत्येक चीनी मिल वार किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में डीएम को अवगत कराया कि शामली चीनी मिल द्वारा 374.67 करोड़ के सापेक्ष 228.53 करोड



का भुगतान किया है। इसके अलावा ऊन चीनी मिल द्वारा 337.00 करोड के सापेक्ष 292.81 एवं थानाभवन चीनी मिल द्वारा 439.99 करोड़ के सापेक्ष 321.65 करोड का भुगतान किया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पेराई सत्र 2021-22 के भुगतान की स्थिति को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। चीनी मिल ऊन एवं थानाभवन द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा माह दिसम्बर 2022 में पेराई सत्र 2021-22 का समस्त अवशेष देय का भुगतान कर दिया जायेगा तथा चीनी मिल शामली को माह दिसम्बर 2022 में 50 करोड का भुगतान करने के निर्देश दिये गये है। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि चीनी मिल ऊन एवं थानाभवन द्वारा माह दिसम्बर में पेराई सत्र 2021-22 का सम्पूर्ण भुगतान तथा चीनी मिल शामली द्वारा 50 करोड का भुगतान नही किया जाता है तो चीनी मिल प्रबन्धन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। पेराई सत्र 2022-23 में 5 दिसम्बर तक चीनी मिल शामली द्वारा 14.82 लाख कुंतल, ऊन मिल द्वारा 15.72 लाख कुंतल तथा चीनी मिल थानाभवन द्वारा 28.14 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गयी है। चीनी मिल शामली द्वारा पेराई क्षमता अनुरूप पेराई कार्य न करने पर डीएम ने द्वारा कडा रोष प्रकट किया गया है जिसके सम्बन्ध में चीनी मिल शामली के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा उक्त के सम्बन्ध में कार्य किया जा रहा है उक्त समस्या से एक सप्ताह के अन्तर्गत समाधान कर दिया जायेगा। बैठक में विजय बहादुर सिंह, जिला गन्ना अधिकारी, शामली एवं चीनी मिल शामली से प्रदीप कुमार असिस्टेंट वाईस प्रेसीडेन्ट, सुशील कुमार महा प्रबन्धक गन्ना तथा विजित जैन, सहायक एकाउन्ट हेड चीनी मिल ऊन से अवनीश कुमार, यूनिट हेड, डा. कुलदीप पिलानिया, महा प्रबन्धक गन्ना एवं विक्रम सिंह, एकाउन्ट हेड तथा चीनी मिल थानाभवन से जी.वी. सिंह, यूनिट हेड एवं श्सुभाष बहुगुणा, एकाउन्ट हेड उपस्थित रहे।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**भास्कर ब्यूरो, कांधला।** कैराना कोतवाली क्षेत्र के उंचा गांव निवासी रोबिन पुत्र पहल सिंह बाइक पर सवार होकर कस्बे में किसी कार्य से आया हुआ था। बाइक सवार युवक जैसे ही कस्बे के रेलवे मार्ग बड़ी नहर पुल के निकट पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे एक डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल युवक को कस्बे के सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### ट्रक ने एंबूलेंस में मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**भास्कर ब्यूरो, कांधला।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 102 एंबुलेंस चालक विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि वह क्षेत्र सें गर्भवती महिला को लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आ रहा था। जैसे ही एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को लेकर क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव जसाला के निकट पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने एंबुलेंस में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी। हादसे में एंबुलेंस चालक और सहयोगी बाल-बाल बच गया। ट्रक चालक हादसे को अंजाम देकर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। 102 एंबुलेंस के चालक विकास कुमार ने थाने पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### यातायात कर्मियों ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**भास्कर ब्यूरो**

**शामली।** यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है, यातायात नियमों का पालन न करने वाहन चालकों के चालान भी काटे जा रहे हैं। पुलिस कर्मी वाहन चालकों से हेलमेट, सीट बैल्ट लगाने, ट्रिपल राइडिंग न करने, मोबाइल व ईयरफोन लगाकर वाहन न चलाने के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। सोमवार को भी यातायात प्रभारी संजय राणा के नेतृत्व में शहर में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए।

# बैठक निरस्त होने पर भड़के क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रदर्शन




**भास्कर ब्यूरो,**

हसनपुर। बैठक निरस्त होने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य भड़क गए उन्होंने ब्लॉक परिसर में जमकर नारेबाजी की। ब्लॉक प्रमुख पर बैठक आयोजित न करने का आरोप लगाया।

क्षेत्र पंचायत सदस्य मसरूफ अली ने बताया कि क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक में विकास से संबंधित कार्यों के प्रस्ताव पेश किये जाने थे। बिना सूचना दिए बैठक को स्थगित कर दिया गया। ब्लॉक प्रमुख पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

वहीं, ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर ने बताया कि समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बैठक की सूचना डाक के माध्यम से भेजी गई थी और बैठक निरस्त होने की सूचना भी डाक के माध्यम से भेजी गई थी। जिन क्षेत्र पंचायत सदस्यों पर सूचना पहुंच गई वह नहीं आए और जिन के पास नहीं पहुंची वह आ गए। अगली बैठक की सूचना जल्द डाक के माध्यम से क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भिजवाई जाएगी।

प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र सिंह, मसरूफ अली, सूरज पाल सिंह, दुष्यंत कुमार, सुभाष सिंह, सुनील कुमार, सुभाष चंद्र, कलावती देवी, सतीश, चंद्रपाल सिंह, रईस अहमद, बाबू हसन, तेजपाल सिंह, योगेश कुमार, मूलचंद गिरी, जगदीश, ओमवीर सिंह, अली हसन, राजू सिंह, रामभरोसे, इब्लेहसन, हरवती देवी, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# आरक्षण सूची जारी, अमरोहा सामान्य, तीन सीटों पर एससी को मौका

**भास्कर ब्यूरो,**

अमरोहा। निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। सोमवार शाम को आरक्षण सूची जारी की गई। कई दावेदारों को मायूसी हाथ लगी तो कई दावेदारों की उम्मीदों को पंख लग गए। वहीं, सभी राजनीति दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा को लेकर मंथन शुरू कर दिया है।




अमरोहा नगर पालिका सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हो गई है। यहां 2017 में समाजवादी को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा से चुनाव लड़ी शशि जैन ने सपा प्रत्याशी जैबुननिशा को 817 वोटों से शिकस्त दी। वहीं 9,815 वोट पाकर बसपा की अतिया जाफरी तीसरे स्थान पर रहीं थीं। उस समय सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी।

वहीं, गजरौला, मंडी धनौरा और बछरायूं नगर पालिका सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई है। जबकि हसनपुर नगर पालिका सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित है।

नगर पंचायत नौगावां सादात तथा उझारी सामान्य, जोया नगर पंचायत अनारक्षित और सैदनगली अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुआ।

# निकाय चुनाव में इस बार एआईएमआईएम को जिताइए: हाजी शहजाद



**भास्कर ब्यूरो,**

हसनपुर। नगर के मुहल्ला ऊंचे पर मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन से पालिका चेयरमैन पद भावी उम्मीदवार हाजी शहजाद एडवोकेट ने एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार हम सबको एआईएमआईएम का चेयरमैन बनाना है और लोगों से वादा किया कि यदि आप लोगों ने मुझे इस बार मौका दिया तो मैं नगर का चहुंमुखी विकास कराने के साथ-साथ नगारिकों को हर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराऊंगा। उन्होंने सपा-बसपा और कांग्रेस पर मुसलमानों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए इस बार बहकावे में ना आने की अपील की। इस मौके पर एसबीएम डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर दानिश खान, मुजीब बेग, अकील खान, शोएब अंसारी, इकराम अंसारी, तस्लीम चौधरी, डॉ वकार चौधरी, मोहम्मद साजिद, मेहंदी हसन, आरिफ सैफी, शाहिद अली, अमन, सलमान, फैसल अली समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# आरक्षण को लेकर कहीं खुशी कहीं गम का माहौल

**भास्कर ब्यूरो,**

अगवानपुर। नगर पंचायत अगवानपुर में आरक्षण को लेकर जिस तरह की चर्चाओं से चेयरमैनी का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में सीट को लेकर उनकी धड़कनों को तेज कर दिया था आज वही जश्न का माहौल बना हुआ है जैसे-ही उन्हें आरक्षण की सूची जारी हुई प्रत्याशियो के चेहरे खिल उठे जगह-जगह जश्न मनाया गया।

अनारक्षित सीट से चेयरमैनी का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियो के चुनावी कार्यालयों में उनके समर्थकों का तांता लग गया और बधाईयों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा उधर पिछड़ा वर्ग के जाति के उम्मीदवारों में उदासी छा गई आरक्षण को लेकर प्रत्याशियो में एक बड़ी चुनौती सामने थी जो प्रत्याशी अब तक चुनाव प्रचार में लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं उनकी धड़कनें तेज होती दिखाई दे रही थी जैसे ही उन्हें आरक्षण की जानकारी मिली उनके यहां जश्न का माहौल बन गया जगह-जगह मिठाईयां बांटी गई या तो नेता जी ने लोगों का फोन उठाना ही बंद कर दिया था आरक्षण की खबर सुनते ही लोगों के घरों पर जाकर दस्तक दे रहे हैं।

# दो सडक़ हादसों में एक युवक की मौत, एक घायल

**भास्कर ब्यूरो,**

जोया। दो हादसों में एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं मृतक की शिनाख्त न होने पर शव को मोरचरी पर रखवा दिया है। पुलिस उसकी शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

पहला हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर कस्बा की आनंद विहार कालोनी के सामने सुबह लगभग पांच बजे के करीब हुआ। लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति कालोनी के सामने सडक़ पार कर रहा था। उसी दौरान दिल्ली की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होने पर एक के बाद एक कई वाहन उसे कुचलते हुए आगे निकल गए। हादसा होते ही मौके पर स्थानीय लोगों व राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर आ गई थी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उसके कपड़ों में आधार कार्ड या अन्य प्रमाण पत्र नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज चौहान ने बताया कि मृतक ने लाल जर्सी और नीली लोअर पहनी हुई है। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि मृतक आसपास के क्षेत्र का ही रहने वाला है। उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव को मोरचरी पर रखवा दिया है।

उधर दूसरा हादसा सम्भल जोया मार्ग पर हुआ। क्षेत्र के गांव असगरीपुर निवासी नूर मोहम्मद का बेटा साकिह हुसैन बाइक पर सवार होकर एचोहा कम्बोह स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। गांव चितावली के पास उसे कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल साकिब को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कांग्रेसी बोले: 15 दिसंबर तक आवारा पशुओं को गौशाला भिजवाएं

**भास्कर ब्यूरो,**

अमरोहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

> जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग



जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर जल्दी ही इस समस्या से किसानों को छुटकारा दिलाने की मांग की।

जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में खासतौर से जनपद अमरोहा में आवारा पशु की समस्या एक भयंकर समस्या बन चुकी है। योगी सरकार और प्रशासन इस समस्या की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। आवारा पशु किसानों की फसलों को लगातार नष्ट कर रहे हैं। इन पशुओं की वजह से आए दिन सडक़ों दुर्घटनाएं हो रही है। कहा कि अगर 15 दिसंबर तक अमरोहा में आवारा पशुओं की समस्या का समाधान नही हुआ तो जिला कांग्रेस कमेटी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस दौरान विधानसभा प्रभारी अब्दुल सत्तार सैफी, हाजी फहीम अहमद, मोहसिन अली तुर्क, आकिल पाशा, फ़ैज़ आलम राइनी, मनोज कटारिया, इकबाल अंसारी, यासिर अंसारी, जहीर आलम आदि लोग मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### मुलायम सिंह की जीवनी सामाजिक विज्ञान विषय करे सरकार: महबूब अली

अमरोहा। सदर विधायक महबूब अली ने सोमवार को विधान सभा के सत्र के दौरान समाजवाद के प्रखर नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी जीवनी को यूपी बोर्ड के सामाजिक विज्ञान विषय में शामिल करने की मांग उठाई। विधायक ने कहा कि सामाजिक न्याय, दलित-पिछड़े, अकलियतों साथ-साथ सभी वर्गों के कमजोर लोगों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास करके इन लोगो के जीवन स्तर को ऊँचा उठाया है। रक्षामंत्री रहते हुऐ शहीद हुए फौजी के पार्थिक शरीर को घर पहुचाने की व्यवस्था को सूचारू किया था। मुख्यमंत्री बनने पर चुंगी प्रथा को खत्म किया था। ऐसे महापुरूष की जीवनी को यूपी बोर्ड के सामाजिक विज्ञान विषय में शामिल करने से छात्रों के जीवन में सकारात्मक वातावरण उत्पन्न होगा।



### मुख्य मार्ग पर जलभराव व गंदगी से ग्रामीण परेशान

हसनपुर। ब्लॉक गजरौला ब्लॉक के गांव में फतेहपुर बांटुपुरा का मुख्य मार्ग जलभराव के कारण बदहाल होता जा रहा है। ग्रामीणों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। सोमवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। जल्दी समस्या का समाधान न होने पर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी न होने के कारण घरों से निकला पानी सडक़ पर ही जमा हो जाता है। सामान्य हालत में सडक़ पर पानी भरा रहता है और बारिश में हालत और ज्यादा खराब हो जाती है। पिछले दिनों में अन्य स्थानों की हालत तो बदली लेकिन गांव का यह मुख्य मार्ग वैसा का वैसा ही रह गया है। सडक़ पर ठहरे गंदे पानी के कारण गांव में बीमारियां फैलने का खतरा भी बन गया है। कई मर्तबा शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान न होने की बात कही। प्रदर्शन करने वालों में मुनेश, सूरज, चंद्रभान, राकेश, इंद्रराज, गजराज, राधे सिंह, हुकम सिंह, नेपाल सिंह, सतवीर सिंह, मोहित आदि मौजूद रहे।



### छात्र छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन व टैबलेट

गजरौला। तेजू सिंह मैमोरियल डिग्री कालेज में सोमवार को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण कार्य म आयोजित किया गया। जिसमें बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूनम चौधरी ने स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए तथा सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। कालेज में 25 छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य ओमवीर सिंह, डॉ.राजीव चौधरी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



### डग्गामार बसों का संचालन बंद कराने की मांग

अमरोहा। शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डीएम बाल कृष्ण त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। कह कि हसनपुर बस स्टैंड पर अवैध डग्गामार बस संचालकों का कब्जा है। अवैध डग्गामार बस संचालक दबंगई के साथ बस स्टैंड पर यात्रियों के साथ पेश आते हैं। इतना ही नहीं रोडवेज बसों को भी बस स्टैंड के अंदर नहीं आने देते। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कार्यकर्ताओं ने डीएम से डग्गामार बसों के संचालन पर रोक लगाए जाने की मांग की। इस दौरान जिला प्रमुख वेदप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को पांच हजार पेंशन दे सरकार

**भास्कर ब्यूरो,**

हसनपुर। गंगेश्वरी ब्लॉक में सोमवार को ऑल दिव्यांग विकास संगठन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया।

दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने एकजुट रहकर संगठन को मजबूत बनाएं। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा दिव्यांगों का उत्पीडऩ व शोषण बर्दास्त नही किया जायेगा। जिसके लिये संगठन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर दलाली करने वालों से सावधान रहने को कहा। राष्ट्रीय महासचिव




जयचन्द गौतम ने दिव्यांग पेंशन पांच हजार रुपये प्रति माह करने, आवास तथा अन्तोदय राशनकार्ड बनाने, सरकारी नौकरी में कोटा बढ़ाकर दस प्रतिशत करने, रोजगार के लिए ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने आदि मांग प्रमुखता से उठाई। जल्दी पूरी न होने पर आंदोलन शुरू करने की बात कही।

बैठक के शाहनवाज, चिन्टू, कमल, मिन्टु, बीरपाल, अरमाना, रविशंकर, योगेंद्र नागर आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग के चलते पति व बेटियों को घर से निकाला

जोया। शादी के 14 साल बाद पति का प्रेम प्रसंग दूसरी महिला से शुरू हो गया। पत्नी को जानकारी हुई तो उसने विरोध किया। लिहाजा पति ने मारपीट कर तीन बेटियों समेत घर से निकाल दिया। पीड़िता ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीडऩ का आरोप भी लगाया है। पति समेत चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी 14 साल पहले पास के गांव निवासी महिला के साथ हुई थी। अब परिवार में तीन बेटी भी हैं। दो साल पहले युवक पत्नी व बच्चों को लेकर जोया के एक मुहल्ले में आकर रहने लगा। आरोप है कि यहां पर पति का प्रेम प्रसंग एक अन्य महिला से शुरू हो गया। वह अधिकांश समय प्रेमिका के साथ ही रहने लगा। पत्नी को इसकी जानकारी हुई तो उसे विरोध शुरू कर दिया। लिहाजा उसके साथ मारपीट की जाने लगी। वहीं ससुराल के अन्य लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। एक महीना पहले पति ने मारपीट कर पत्नी व बेटियों को घर से निकाल दिया। वह मायके में रहने लगी। रिश्तेदारों ने कई बार समझौता का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। लिहाजा पीड़िता ने तहरीर दे दी।

प्रभारी निरीक्षक प्रवेज चौहान ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति उवैस, ननद फिरोजा, रानी और ननदोई इंतेखाब के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दो चौकी प्रभारी समेत पांच दारोगा के तबादले

**भास्कर ब्यूरो,**

अमरोहा। एसपी आदित्य लांग्हे ने दो चौकी प्रभारी समेत पांच दारोगा के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इस 'क्रम में सोशल मीडिया सेल में तैनात दारोगा अतुल कुमार को रज्जाक पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया। जबकि यहां से अरुण कुमार को थाना सैदनगली की कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया है। प्रतिक्षारत दारोगा रामप्रकाश तिवारी को नौगावां सादात थाने में बतौर एसएसआइ तैनात किया है। जनपदीय जघन्य अपराध नियंत्रण के लिए गठित टीम से दारोगा बृजवीर सिंह को नौगावां सादात में तैनात किया है। जबकि नौगावां में तैनात दारोगा साहब सिंह को पुलिस लाइन भेजा है।

### अवैध तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

ठाकुरद्वारा। गस्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार को लगभग 10 बजे के करीब गस्त में घूम रही पुलिस जैसे ही मुंडो तालाब के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने युवक का पीछा कर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी तमंचा व 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस युवक को थाने ले आई पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वाजिद पुत्र अहमद हुसैन नगर निवासी वार्ड नंबर 4 नई बस्ती बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



### सब्जी विक्रेता पर छेड़छाड़ का आरोप

अमरोहा। साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गई युवती ने सब्जी वि`ता व उसके दोस्तों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाली एक युवती का आरोप है कि वह दो दिसंबर को क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आई थी। सब्जी खरीदते समय दुकानदार ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर छेड़छाड़ की। अन्य दुकानदारों ने युवती को बचाया। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।

# मरणोपरांत किया नेत्रदान, दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**भास्कर ब्यूरो,**

हसनपुर। नगर के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी अभय रस्तोगी की माता श्रीमती प्रमोद देवी का सोमवार को देहांत हो गया। माताजी की इच्छा अनुसार उनके तीनों पुत्रों द्वारा उनका नेत्रदान कराया गया।



बता दें कि 80 वर्षीय प्रमोद देवी रस्तोगी का बीमारी के चलते सोमवार को देहांत हो गया जिसकी खबर लगते ही व्यापारी अभय रस्तोगी के घर पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। अभय रस्तोगी ने बताया कि माताजी की इच्छा अनुसार उनके नेत्र दान किए गए है। क्योंकि उनकी माता ने मरणोपरांत नेत्र दान का संकल्प लिया था। सीएल गुप्ता आई चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम द्वारा ऑपरेशन कर नेत्र दान की प्रक्रिया पूरी की।

उन्होंने कहा नेत्रदान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। क्योंकि इस दान से दो जिंदगिया रोशन होती है। जिंदगी भर जिस शख्श ने कभी दुनिया नही देखी और केवल अंधेरे में ही जिया, उनकी आखों में रोशनी आ जाए तो इससे खुशी की बात और क्या हो सकती है। इस मौके व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, राजन रस्तोगी, मुकेश अग्रवाल, रानू रस्तोगी एवं सचिन गुप्ता मयंक रस्तोगी मोहित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# दबंग डॉक्टर का साहस, जिलाधिकारी के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

## स्वास्थ्य विभाग की मिलिभगत के चलते सील अस्पताल का हो रहा संचालन

**भास्कर ब्यूरो,**

असमोली। जनपद संभल में जिलाधिकारी मनीष बंसल के आदेश पर स्वास्थय विभाग द्वारा लगातार अवैध हॉस्पिटल एवं क्लीनिकों पर शिकंजा कसा जा है।

कुछ दिन पहले स्वास्थ विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार पटेल ने बड़ी कार्यवाही करते हुए असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में अवैध रूप से संचालित अशरफी हेल्थ केयर हॉस्पिटल को सील किया था और हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ असमोली थाना पर मुकदमा भी पंजीकृत कराया था, लेकिन सीज होने से चंद दिनों बाद ही हॉस्पिटल संचालक ने इसको सील तोड़ कर फिर से संचालित कर लिया है जिसकी संभल स्वास्थ्य विभाग को भनक तक नहीं है, वहीं पास के गांव शाहपुर डसर में अवैध रूप से चल रहे एक निजी हॉस्पिटल की लगातार शिकायत मिलने के बाद भी हॉस्पिटल पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

पिछले काफी दिनों से क्षेत्रवासियों द्वारा इस हॉस्पिटल की लगातार शिकायतें स्वास्थ विभाग को मिल रही है, लेकिन स्वस्थ विभाग अभी तक हॉस्पिटल पर कोई कार्यवाही नहीं कर पाया है। सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी के दौरान यह हॉस्पिटल अवैध रूप से संचालित मिलते हैं और इन को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील कर दिया जाता है तो फिर चंद दिनों बाद ही यह हॉस्पिटल वैध कैसे हो जाते हैं। देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अशरफी हेल्प केयर हॉस्पिटल पर कार्रवाई होती है या फिर किसी भोले भाले इंसान की जान जाने के बाद ही स्वस्थ विभाग इस हॉस्पिटल पर पहुंचेगा।

क्या डीएम के आदेश के बाद भी गैंगस्टर की कार्रवाई से बचे हुए हैं यह झोलाछाप। आखिर कौन दे रहा है इन झोलाछापों को संरक्षण। अगर ऐसे ही झोलाछाप के ऊपर कारवाई खानापूर्ति के तौर पर होती रही तो इन झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद रहेंगे, और यह झोलाछाप लोगों की जान से आए दिन खिलवाड़ करते रहेंगे। इन झोलाछापों के ऊपर कड़ी कार्रवाई ना होने का यही कारण है कि यह झोलाछाप आए दिन गांव- गांव में दुकानें और नए नए अस्पताल खोलते जा रहे है, लेकिन स्वास्थ्य के संरक्षण में इनका धंधा दिन रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। आम लोगों की जिंदगी से खेल खेला जा रहा है। जिस दिन किसी एक झोलाछाप के खिलाफ कठोरता के साथ कार्रवाई हुई,तो उसी दिन झोलाझापों के हौसले पस्त हो जाएंगे और लोगों की जान से खिलवाड़ होना कम हो जाएगा।

अब सवाल यह उठता है कि इन झोलाछाप डॉक्टरों पर किसी की जान जाने के बाद ही क्यों करवाई होती है। इससे पहले कार्रवाई क्यों नहीं होती या फिर स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से यह झोलाछाप डॉक्टर अपने हॉस्पिटल संचालित कर रहे हैं।

"प्यार की भूख को दूर करना रोटी की भूख से कहीं अधिक कठिन है।" - मदर टेरेसा

## जेल सुधार की दरकार

बीते दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान दिवस के मौके पर अपने अभिभाषण में क्षमता से अधिक भरी जेलों और बड़ी संख्या में बंद कैदियों के प्रति चिंता जताते हुए जेल सुधार पर बल दिया। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी देशभर के जेल प्रशासन को 15 दिनों के भीतर ऐसे कैदियों का ब्यौरा देने को कहा ताकि उनकी रिहाई के लिए एक राष्ट्रीय योजना बन सके। 'जेल सुधार का मुद्दा स्वतंत्रता के पश्चात हमेशा से ज्वलंत विषय रहा है। भारतीय संविधान में' जेलों एवं उसमें रखे कैदियों को भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची की प्रविष्टि 4 के तहत राज्य सूची के विषय के तहत रखा गया है। जेलों का प्रशासन और प्रबंधन संबंधी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है। हालांकि गृह मंत्रालय जेलों और कैदियों से संबंधी मुद्दों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित मार्गदशर्न तथा सलाह देता है। आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में जेलों का बुरा हाल होता जा रहा है। कैदी नारकीय जीवन जी रहे हैं, कैदियों के संदिग्ध स्थिति में मरने, उनके हंगामा मचाने और भागने की खबरें आती रहती हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार भारत में जेलों का कुल ऑक्यूपेंसी रेट 130.2 प्रतिशत है। 19 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 100 प्रतिशत से अधिक ऑक्यूपेंसी दर है, जो चिंताजनक है। एनसीआरबी के अनुसार इन कैदियों में अस्सी प्रतिशत से अधिक वंचित वर्ग से आते हैं, जिनके पास पर्याप्त विधिक सहयोग और आर्थिक संसाधनों का अभाव है, ऐसे में वे महंगी और धीमी कानूनी प्रक्रिया को नहीं झेल सकते। क्षमता से अधिक भीड़ होने की वजह से पर्याप्त बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का अभाव, समुचित जेल प्रशासन के लिए धन एवं स्टाफ की कमी, स्वच्छ वातावरण, साफ-सफाई, पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधाओं एवं जागरूकता की कमी से कैदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। ट्रांसजेंडरों, महिला कैदियों और उनके बच्चों के अलग से रहन-सहन, सुरक्षा और स्वास्थ्य आदि के लिए भी अपर्याप्त व्यवस्था इन्हें बदहाल जीवन में जीने को मजबूर कर देते हैं। वर्तमान में कैदियों के सामने अपर्याप्त विधिक सहायता, विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या, हिरासत में होने वाली यातनाएं एवं मृत्यु तथा पारदर्शिता न होने की वजह से भ्रष्टाचार ने स्थितियों को गंभीर बनाया है। रित के बदले कारावास में मोबाइल, ड्रग्स या हथियार पहुंचने की घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ-साथ कानून के शासन को स्थापित करने के लिए भी चुनौती हैं। बड़ी चुनौती अपराध-अपराधियों पर अंकुश लगाना एवं साथ ही जेल से बाहर आने पर अपराधी अपराध की दुनिया मे वापस न लौटें यह सुनिश्चित करना है। देश भर की जेलों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का विस्तार, क्षमता निर्माण एवं नई जेलों की स्थापना की जरूरत है ताकि जेलों में जरूरत से ज्यादा कैदियों को रखे जाने की समस्या का निदान हो सके। कैदियों की अनावश्यक भीड़ कम करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। समाधान धीमे व जटिल न्यायिक तंत्र के दुरु स्तीकरण से ही होगा, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता तब तक ऐसे विचाराधीन कैदियों को चिह्नित करके जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

## ओपीएस के आगे दब गए असल मुद्दे

गत 12 नवंबर 2022 को हिमाचल प्रदेश की कुल 68 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव एक ही मरहले में सम्पन्न हो गए। सूबे की सियासी हरारत कुछ हद तक शांत हुई है, लेकिन आठ दिसंबर 2022 को राज्य एक बार फिर देश-दुनिया की निगाहों का मरकज बनेगा, जब चुनावों में किस्मत आजमा रहे प्रदेश के 412 सियासी सितारों के मुकद्दर का फैसला ईवीएम की कैद से बाहर आएगा। चुनावी नतीजों के साथ ही पलकों से सियासी जज्बातों का सैलाब छलकेगा तो पहाड़ की शांत शबनम पर गिरने वाले अश्क भी सियासी होंगे। एक तरफ जीत का श्रेय लेने की होड़ मचेगी तो वहीं शिकस्त के लिए तोहमतों का दौर पुनः शुरू हो जाएगा। चुनाव प्रचार में कई बड़े सियासी चेहरों ने शिरकत की थी। मगर इस बार पहाड़ की फिजाओं का सियासी मिजाज़ भांपना सियासत के ज्योतिषाचार्यों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा है। सूबे की सियासत में वर्षों पुरानी सियासी रवायत बदलेगी या हुकूमत का तख्तोताज तब्दील होगा। मतदाताओं का खामोश फैसला आठ दिसंबर को सियासी तस्वीर साफ कर देगा। प्रत्याशियों को जम्हूरियत का हाकिम बनाने के लिए युवावर्ग से लेकर सौ वर्ष से अधिक उम्रदराज बुजुर्गों ने मतदान में दिलचस्पी दिखाई। पुरुषों की अपेक्षा महिला शक्ति ने अधिक भागीदारी दर्ज कराई, मगर चुनावी मैदान में केवल 24 महिला प्रत्याशी हिस्सा ले रही हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कई लोकलुभावन वादे किए गए लेकिन चुनाव में 'ओपीएस' का मुद्दा हावी होने से पहाड़ की समस्याओं के कई अन्य मुद्दे दब कर रह गए। सरकारी अहलकार सेवानिवृति के बाद ओपीएस बहाली की पुरजोर मांग कर रहे हैं। ओपीएस पर सियासी मरहम लगाने की कोशिश भी हो रही है मगर सरकारी इदारे कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। लाखों डिग्रीधारक युवा रोजगार मांग रहे हैं। प्रदेश हजारों करोड़ रुपए के कर्ज में डूब चुका है। बेरोजगारी के सैलाब में मुज्तरिब हो चुके प्रजातंत्र की बुनियाद युवावर्ग को कोई साहिल नजर नहीं आ रहा। मगर सियासत मुफ्तखोरी के हसीन ख्वाब दिखा रही है। पर्वतीय प्रदेश में रोजगार के सीमित साधन होने के कारण पहाड़ के उच्च शिक्षित युवा रोजगार के लिए देश के दूसरे राज्यों में भटक रहे हैं। **- प्रताप सिंह पटियाल**

### प्रेरणाप्रद मोती



यदि हमें जीवन से प्रेम है, तो यही उचित है कि समय को व्यर्थ नष्ट न करें।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)**

### आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिये भाग्यशाली है। नक्षत्र आपके लिये अत्यंत अनुकूल दिखाई देता है। सकारात्मक विचार करने से आप सकारात्मक ऊर्जा पाएंगे जिससे आप अपने मकसद तक पहुंच सकेंगे।

**वृष :** आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित होंगे जो आपकी रुचियों और इच्छाओं तथा जुनून को साझा करेगा।

**मिथुन :** आज आप जिन लोगों से मिलेंगे उनके लिए आप एक प्रेरणा होंगे। आपकी फुर्तीली ऊर्जा और आपके चारों ओर प्रेम तथा सुंदरता उन्हें प्रोत्साहित करती है।

**कर्क :** आपके इरादो से संबंधित पुस्तकों का संदर्भ लें। यह पुस्तकें आपको यशस्वी योजनायें बनाने में मार्गदर्शन करेंगी।

**सिंह :** आपका दिन सामान्य रहेगा । किसी को अनचाही सलाह या तारीफ देने से बचें। मान सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

**कन्या :** आपको नुकसान पहुँचाने का कारण बने व्यक्ति पर दया दिखाना या उसे माफ करना आपके लिये आज मुश्किल होगा।

**तुला :** अपनी भावनाओं और मनोभावों को उस व्यक्ति के सामने स्पष्ट और खुले रूप से व्यक्त करें जिससे आप आकर्षित हैं।

**वृश्चिक :** आप एकबार पुनः दीर्घकालिक स्वप्न पर कार्य करने का प्रयास कर सकते हैं। कभी भी देरी नहीं है। वास्तव में आपको अपने सपनों को पहले की अपेक्षा पूरा करना अधिक आसान हो सकता है।

**धनु :** आपका मजाकिया स्वभाव आपको मित्रों और दूसरे लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय बनाता है जिनसे आप आज मिलते हैं।

**मकर :** महिलाएँ आज जिन पार्टियों या फंक्शनों में उपस्थित होंगी उनमें वे आकर्षक और लोकप्रिय होंगी।

**कुंभ :** आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपकी अथवा घर में किसी सदस्य की सेहत अकस्मात खराब होने या पुराने रोग के बढने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

**मीन :** भावनात्मक रुप से आपका कठिन समय चल रहा है तथा आपके हृदय के घाव भरने में थोड़ा और समय लगेगा। परंतु आपके अपने लोगों से आपको करुणा एवं सहानुभूति प्राप्त होगी। जल्द ही यह समय भी निकल जाएगा।आज आप निष्क्रियता एवं थकावट महसूस करेंगे।

# तालिबान के साथ तालमेल के संकेत



**डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र**

हाल में ही तालिबान ने दावा किया है कि अब भारत, अफगानिस्तान में रुकी हुई कम-से कम 20 परियोजनाओं पर पुनः अपना काम आरंभ कर सकेगा। इसके साथ ही अफगानिस्तान भारतीय निवेश हेतु खुल जायेगा। उल्लेखनीय है भारत ने इसी वर्ष जून (2022) में काबुल स्थित अपने दूतावास में तकनीकी टीम तैनात करके अपनी राजनयिक उपस्थिति कर दी थी। इसी के साथ काबुल में अगस्त 2021 से चल रही अपनी राजनयिक अनुपस्थिति को पुनः अपनी उपस्थिति में बदल दिया था। चूंकि अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के अधिकार के बाद भारत ने अपने दूतावास से सुरक्षा कारणों के चलते अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। वास्तव में शुभ संकेत भारत द्वारा की गई मानवीय सहयोग व सहानुभूति का एक प्रतिफल कहा जा सकता है।

अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय (एम.यू.डी.ए. के एक प्रवक्ता मोहम्मद के दौरान अनेक परियोजनाओं को भारत संचालित कर रहा था, किंतु अफगानिस्तान में राजनीतिक परिवर्तन व अन्य अनेक मुद्दों के फलस्वरुप उसमें अवरोध उत्पन्न हो गया था। अब भारत ने उन परियोजनाओं पर फिर से कार्य आरंभ करने में अपनी अभिरुचि दिखाई है। भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने आपसी संबंधों में सुधार व देश में रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने में अपनी सोच व्यक्त की। वास्तव में यह टिप्पणी उस समय की गयी, जब भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ल नोमानी के साथ एक बैठक आयोजित की। अफगानी अर्थशास्त्रियों के अनुसार इस कदम से दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां विकास को बढ़ावा मिले दूसरी ओर वहां रोजगार के अवसर भी अधिक बढ़ेंगे। स्मरणीय रहे कि भारत ने अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान



भारत ने अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, क्योंकि भारत तालिबान के जबरिया काबिज होने का पक्षधर नहीं रहा। भारत इस बात पर भी जोर दे रहा है कि किसी भी देश के विरुद्ध आतंकी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने आपसी संबंधों में सुधार व देश में रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने में अपनी सोच व्यक्त की। वास्तव में यह टिप्पणी उस समय की गयी, जब भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ल नोमानी के साथ एक बैठक आयोजित की। अफगानी अर्थशास्त्रियों के अनुसार इस कदम से दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां विकास को बढ़ावा मिले दूसरी ओर वहां रोजगार के अवसर भी अधिक बढ़ेंगे। भारत अफगानिस्तान के समक्ष उपस्थित मानवीय संकट के दूर करने के लिए अपनी अबाध मानवीय सहायता, सहयोग, सहानुभूति एवं सुरक्षा प्रदान करने कीएक जोरदार वकालत भी कर रहा है।

शासन को मान्यता नहीं दी है, क्योंकि भारत ने तालिबान के जबरिया काबिज होने का पक्षधर नहीं रहा। भारत काबुल में एक समावेशी सरकार के गठन के लिए जोर दे रहा है इसके अलावा वह इस बात पर भी जोर दे रहा है कि किसी भी देश के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही भारत अफगानिस्तान के समक्ष उपस्थित मानवीय संकट के दूर करने के लिए अपनी अबाध मानवीय सहायता, सहयोग, सहानुभूति एवं सुरक्षा प्रदान करने कीएक जोरदार वकालत भी कर रहा है। ज्ञात रहे कि भारत अपनी अनवरत अफगानिस्तान नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है। आवश्यक खाद्यान्न पदार्थों एवं आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के द्वारा चिकित्सा सहायता भी की है। इसके तहत वह पहले ही मदद के तौर पर 20,000 मीट्रिक टन गेंहू 13 टन दवाएं, 500,000 कोविड वैक्सीन की खुराक तथा सर्दियों से बचने हेतु आवश्यक कपड़े शामिल हैं। समाचार पोर्टल टोलो न्यूज केअनुसार इस मामले में अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट रूप से मानना है कि भारत की अटकी परियोजनाओं के आंरभ होने से रोजगार के अवसर व विकास की बढ़ोत्तरी के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। अर्थाशास्त्री दरिया खान बहीर ने कहा है कि इन परियोजनाओं के फिर से शुरु होने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होस कते हैं और यह लोगों की आय को बढ़ावा दे सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अफगानिस्तान को राजनीति अलगाव से बाहर निकालने में अपना सक्रिय सहयोग भी दे सकती है। एक अन्य अर्थशास्त्री नाजकमिर जिरमल ने कहा कि इन भारतीय परियोजनाओं के पुनः प्रारंभ हो जाने के परिणामस्वरूप अफगानिस्तान में व्याप्त गरीबी और बेराजगारी के स्तर में कभी आयेगी। इसके साथ एक नया दौर शुरु हो जायेगा। विगत 15 महीनों में अफगानिस्तान में कूटनीतिक समीकरण में एक बड़ा बदलाव आया है। तालिबान के रिश्ते पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण होते जा रहे हैं, जबकि हाल ही में अफगानिस्तान के दूतावास में कार्यरत भारतीय कूटनीतिक तकनीकी टीम से तालिबान ने अनुरोध किया कि भार यहां पर लंबित परियोजनाओं को आरंभ करे। यद्यपि अभी वहां के वर्तमान परिवेश को दृष्टि में रखते हुए भारत अपनी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए उत्साहित नहीं है। विदेश मंत्रालय का यह भी मानना है कि तालिबान वैश्विक स्तर पर अपनी सरकार को मान्यता दिलाने के मंसूबे से भी भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को लेकर और अधिक उत्साहित नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि तालिबान सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्लाह नोमानी ने भारतीय कूटनीतिक टीम से मुलाकात कर चार मांगें रखी हैं। - **लेखक हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के पूर्व प्राचार्य हैं।**

# विश्व गुरू बनने की राह पर सशक्त कदम



**डॉ अनिल कुमार निगम**

जी-20 का नेतृत्व मिलने के साथ ही भारत ने विश्व को नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ा दिया है। समृद्ध ज्ञान परंपरा और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत के पास विश्व गुरू के रूप में खुद को साबित और स्थापित करने का एक स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से घोषणा की है कि 50 से अधिक शहरों में 200 से ज्यादा आयोजन किए जाएंगे, उससे यह आभास हो रहा है कि प्रधानमंत्री जी-20 में भारत की भूमिका को लेकर बेहद सजग और सतर्क हैं। भारत में अगले वर्ष 9 और 10 सितंबर को जी-20 सम्मेलन आयोजित होगा। पहली दिसंबर से इसकी अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत को मिल चुकी है। ध्यातत्व है कि विश्व की आबादी का छठा हिस्सा भारत में रहता है और यहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाज और विश्वास की विशाल विविधता है।

जी-20 एक वैश्विक आर्थिक सहयोग का बड़ा एवं प्रभावशाली संगठन है। यह विश्व की जीडीपी का लगभग 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जिस तरीके से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नाममात्र की रह गई है, उसे देखते हुए आगामी समय में जी-20 की भूमिका अधिक सशक्त होने संभावना बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों ने न केवल भारत का लोहा स्वीकार किया है बल्कि उनको भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को विश्व में अपनी छवि मजबूत बनाने का सुअवसर मिला है। हालांकि इसकी शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में इंडोनशिया में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन से



जी-20 जीडीपी का 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक व विश्व की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

कर दी है। उन्होंने इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में बने स्वदेशी उत्पाद के तोहफ न केवल दिग्गज नेताओं को भेंट किए बल्कि जी-20 का 2023 का लोगो जारी किया, जिसमें भारत के राष्ट्रीय फूल कमल को शामिल कर विश्व को संदेश भी दे दिया कि जी-20 पर भारत की गहरी छाप पड़ने वाली है। प्रधानमंत्री ने कमल के फूल को निरंतर प्रगति का प्रतीक बताया है।

रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ एक बार फिर 'नख दंत' विहीन संस्था साबित हो गई है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन विश्व में शांति बनाए रखने के लिए किया गया था, लेकिन 1945 के बाद खाड़ी युद्ध, अफगानिस्तान पर आक्रमण, तिब्बत पर चीन का अतिक्रमण, भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान, करगिल युद्ध जैसे अनेक युद्ध हो चुके हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र इन युद्धों को रोकने में पूरी तरह से नाकारा साबित हुआ है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की उपयोगिता पर बार-बार सवाल उठता रहा है। आज भारत विश्व की तीव्र गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी का प्रकोप जिस तरीके से भारत में आया था, उससे ऐसा आभास हो रहा था कि 133 करोड़ की आबादी में बहुत ज्यादा लोग काल कवलित होंगे, लेकिन भारत ने जिस तरीके से खुद को

जी-20 एक वैश्विक आर्थिक सहयोग का बड़ा एवं प्रभावशाली संगठन है। यह विश्व की जीडीपी का लगभग 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जिस तरीके से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नाममात्र की रह गई है, उसे देखते हुए आगामी समय में जी-20 की भूमिका अधिक सशक्त होने संभावना बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों ने न केवल भारत का लोहा स्वीकार किया है बल्कि उनको भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को विश्व में अपनी छवि मजबूत बनाने का सुअवसर मिला है।

संभाला, उसे संपूर्ण विश्व समुदाय देखा। उसके पश्चात भारत ने कोविड महामारी से निपटने के लिए कोविड वैक्सीन न केवल अपने नागरिकों को बचाने के लिए विकसित की बल्कि अपने पड़ोसी राज्यों सहित विश्व के अनेक देशों को खेपें भेजकर वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर विश्व समुदाय को भारत से बहुत अपेक्षाएं रही हैं। रूस भारत का पारंपरिक मित्र रहा है। भारत-रूस के बीच में रक्षा व्यापार संबंधी अत्यंत सशक्त संबंध रहे हैं। अमेरिका और नाटो देशों ने रूस पर अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। बाजवूद इसके भारत ने रूस से क्रूड ऑयल खरीदा। इंडानेशिया में जी-20 की सम्मिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भेंट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यहां तक कह दिया कि यह समय युद्ध का नहीं है, युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, समस्याओं का हल बातचीत से निकाला जाना चाहिए।

वास्तविकता तो यह है कि इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर आयोजित जी-20 देशों की शिखर बैठक में दुनिया को महाशक्ति बनने की ओर बढ़ते भारत की एक शानदार झलक देखने को मिली। जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हम सब मिलकर जी-20 को विश्व कल्याण का प्रमुख स्रोत बना सकते हैं। निःसंदेह, जी-20 की अध्यक्षता मिलना वैश्विक फलक पर जहां भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है, वहीं अगला एक वर्ष नई दिल्ली के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण और अवसर प्रदान करने वाला होने जा रहा है। जी-20 में भारत, जर्मनी, जापान, इटली, रूस, अमेरिका, कनाडा, अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, चीन, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, साउदी अरब, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनशिया, तुर्की और येरापीय संघ शामिल हैं। ये विश्व के सभी प्रमुख सशक्त देश हैं, जिसमें भारत की अहम भूमिका होने वाली है। भारत ने 2023 के शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश, मारिशस, मिस्र, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर और यूई को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया है। यह भारत की दूरदर्शिता को दर्शाता है। **- लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# अंबेडकर की सामाजिक-राजनीतिक सोच



**अरविंद जयतिलक**

राष्ट्रवाद के मोर्चे पर डॉ. अंबेडकर बेहद मुखर थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति के लिए मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग दोनों की कटु आलोचना की। हालांकि शुरुआत में उन्होंने पाकिस्तान निर्माण का विरोध किया किंतु बाद में मान गए। इसके पीछे उनका तर्क था कि हिंदुओं और मुसलमानों को पृथक कर देना चाहिए क्योंकि एक ही देश का नेतृत्व करने के लिए जातीय राष्ट्रवाद के चलते देश के भीतर और अधिक हिंसा होगी। वे कतई नहीं चाहते थे कि भारत स्वतंत्रता के बाद हर रोज रक्त से लथपथ हो। वे हिंसामुक्त समानता पर आधारित समाज के पैरोकार थे। उनकी सामाजिक व राजनीतिक सुधारक की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। मौजूदा दौर में सभी राजनीतिक दल चाहे उनकी विचारधारा और सिद्धांत कितनी ही भिन्न क्यों न होए सभी डॉ. अंबेडकर की सामाजिक व राजनीतिक सोच को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक-सामाजिक दर्शन के कारण ही आज विशेष रुप से दलित समुदाय में चेतनाएं शिक्षा को लेकर सकारात्मक समझ पैदा हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दलित राजनीतिक दलए प्रकाशन और कार्यकर्ता संघ भी अस्तित्व में आए हैं, जो समाज को मजबूती दे रहे हैं। डॉ. अंबेडकर समानता के सच्चे पैरोकार थे। हालांकि उन्हें जब भारत सरकार अधिनियम 1919 तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने सुनवाई के दौरान दलितों एवं अन्य धार्मिक समुदायों के लिए पृथक निर्वाचिका और आरक्षण की मांग की। तब उनकी इस इस मांग की तीव्र आलोचना हुई और उन पर आरोप लगा कि वे भारतीय राष्ट्र एवं समाज की एकता को खंडित करना चाहते हैं। पर सच तो यह है उनका इस तरह का कोई उद्देश्य नहीं था। उनका असल मकसद इस मांग के जरिए ऐसे रुढ़िवादी हिंदू राजनेताओं को सतर्क करना था जो जातीय भेदभाव से लड़ने के प्रति गंभीर नहीं थे। इंग्लैंड से

डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक-सामाजिक दर्शन के कारण ही आज विशेष रुप से दलित समुदाय में चेतनाएं शिक्षा को लेकर सकारात्मक समझ पैदा हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दलित राजनीतिक दलए प्रकाशन और कार्यकर्ता संघ भी अस्तित्व में आए हैं, जो समाज को मजबूती दे रहे हैं। उन्हें जब भारत सरकार अधिनियम 1919 तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने सुनवाई के दौरान दलितों एवं अन्य धार्मिक समुदायों के लिए पृथक निर्वाचिका और आरक्षण की मांग की।

लौटने के बाद जब उन्होंने भारत की धरती पर कदम रखा तो समाज में छुआछुत और जातिवाद चरम पर था। उन्हें लगा कि यह सामाजिक कुप्रवृत्ति और खंडित समाज देश को कई हिस्सों में तोड़ देगा। सो उन्होंने हाशिए पर खड़े अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग कर परोक्ष रुप से समाज को जोड़ने की दिशा में पहल तेज की। अपनी आवाज को जन.जन तक पहुंचाने के लिए 1920 मेंए बंबई में साप्ताहिक मूकनायक के प्रकाशन की शुरुआत की जो शीध्र ही पाठकों में लोकप्रिय हो गया। दलित वर्ग के एक सम्मेलन के दौरान दिए गए उनके भाषण से कोल्हापुर राज्य का स्थानीय शासक शाहु चतुर्थ बेहद प्रभावित हुआ और डॉ. अंबेडकर के साथ उसका भोजन करना रुढ़िवाद से ग्रस्त भारतीय समाज को झकझोर दिया।

# कर्मों के अनुरुप मिलता है स्वर्ग-नर्क

हमें बताया जाता है कि हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख-दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी खयाल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे?

एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?' उसने कहा, 'मैं पुलिस में हूं।' संत ने कहा,'तेरी तो शक्ल नहीं है पुलिस में काम करने की, तू तो दयनीय लगता है। तुझे किसने पुलिस में भर्ती कर लिया?' उस युवक को बड़ा गुस्सा आया। उसने सोचा कि मैं तो पुलिस का हट्टा-कट्टा जवान हूं, इन्हें क्या हो गया है? गुस्से में उसने अपना हाथ तलवार पर रखा और तलवार को निकाला। उसके कुछ करने से पहले ही संत ने कहा कि यह जो तलवार तुमने निकाली है, इसकी नोक बड़ी मोटी है। इससे तो मेरी गर्दन कटेगी नहीं। यह तूने कैसी तलवार उठाई है? तू किस किस्म का सिपाही है? उसे और गुस्सा आया और जब वह गुस्से से तलवार उठा कर उन्हें मारने ही वाला था, तो संत ने कहा कि यही नर्क है। यह सुनते ही वह रुक गया और उसे ध्यान आया कि वह क्या करने जा रहा था। कैसे इनसान को एक छोटी-सी चीज से गुस्सा आ जाता है। उसके अंदर हलचल इतनी बढ़ जाती है कि वह अपने आपको उस हलचल का शिकार बना लेता है। उसने देखा कि वह तो तलवार निकाल कर संत को मारने लगा था, लेकिन संत शांत



हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख-दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी खयाल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क

अवस्था में बैठे थे। उसने तलवार अंदर रखी, तो संत ने कहा कि यही स्वर्ग है। बहुत बार हमें समझ नहीं आता कि स्वर्ग-नर्क कहां हैं? हम सोचते हैं कि स्वर्ग कहीं आसमान में है और नर्क नीचे पाताल में है। हम यह भूल जाते हैं कि इसी धरती को हम स्वर्ग बना सकते हैं और इसी को नर्क यह इनसान के हाथ में है कि वह अपनी जिंदगी को बेहतर बनाता है या कि खराब।

# बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान युवक के सीने में लगी गोली, हालत गंभीर

- अवैध असलाह से हर्ष फायरिंग करने वाला युवक बताया जा रहा दूल्हा का दोस्त, हुआ फरार
- फायर मिस होने पर नाल तोड़ते वक्त हुआ हादसा




नौहझील-नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान युवक के सीने में गोली लग गई।हादसा बारात चढ़त के दौरान फायर मिस होने पर तमंचे की नाल तोड़ते वक्त गोली चलने से हुआ जो कि अवैध असलाह था। गोली फायरिंग करने वाले युवक के पास खड़े गाड़ी ड्राइवर के सीने में जा धंसी।गोली लगने से युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। यकायक घटी घटना से भगदड़ मच गई और आनन फानन में युवक को गंभीर हालत में सिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। फायरिंग करने वाला युवक मौके से भाग खड़ा हुआ। घटना की सूचना इलाका पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस जांच पड़ताल कर आरोपी युवक की तलाश में जुट गई है। जानकारी अनुसार कोसी के गांव वर्चावली निवासी शिवदत्त के बेटे गोविंद की बारात रविवार शाम नौहझील थाना क्षेत्र के गांव भगवान गढ़ी निवासी ओमी पुत्र शिवराज सिंह के यहां आई थी। यहां ओमी की लड़की मीरा की शादी थी।हर तरफ खुशी माहौल था।घर में हंसी खुशी शादी की खुशियां मनाई जा रहीं थीं। शादी की तैयारियां पूर्ण हो चुकी थीं। बारातियों की खूब आ भगत की गई।तभी गांव में डीजे पर बारात चढ़त के दौरान अवैध असलाह से हुई हर्ष फायरिंग के दौरान फायर मिस होने पर तमंचे की नाल तोड़ते वक्त अचानक गोली चल गई।गोली युवक के पास खड़े बस ड्राइवर मानसिंह पुत्र सुमेर सिंह निवासी पैगांव के सीने में जा धंसी और लहुलुहान होकर मानसिंह वहीं गिर पड़ा।गोली चलने से मौके पर भगदड़ मच गई और युवक मौके से भाग खड़ा हुआ।आनन फानन में घायल युवक को सिटी हास्पीटल मथुरा भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं जानकारी देते हुए कार्यवाहक थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध असलाह से हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से युवक घायल हुआ है,जो की सिटी हास्पिटल मथुरा में भर्ती है। शादी को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराकर दुल्हन को विदा करा दिया गया है। आरोपी युवक मोहित पुत्र देवकी निवासी धर्मनगर कोसी की तलाश जारी है। मोहित को पकड़ने के लिए दो पुलिस टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर कार्रवाई की जायेगी।

**मोहित ने की कई राउंड फायरिंग**

गांव में बारात चढ़त के दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक ने एक के बाद एक कई राउंड फायरिंग की। मगर किसी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा उसे नहीं रोका गया अगर उसे फायरिंग करने से रोक दिया जाता तो यह घटना नहीं घटती।

**गोली लगने वाला युवक है स्कूल बस का ड्राइवर**

बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली मानसिंह के सीने में जा धंसी। मानसिंह बीडीएस स्कूल पैगांव का बस ड्राइवर है,जो बस को वर्चावली गांव से बारात को लेकर भगवानगढ़ी आया था।

# वृंदावन के संतो ने किया नवागत एसएसपी का स्वागत



वृंदावन। वृंदावन के संतो के प्रतिनिधि मंडल नवागत एसएसपी शैलेश पांडे का स्वागत करने उनके मथुरा स्थित कार्यालय पर पहुंचा। वृंदावन के संतो ने पुलिस अधीक्षक महोदय को सॉल,पटका उढ़ाकर,एक ठाकुर जी का चित्रपट भेंट कर उनका सम्मान किया। आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि शैलेश पांडे जी ने एसपी सिटी के पूर्व कार्यकाल के दौरान भी अभूतपूर्व कार्य किया था। जिसे मथुरा वृन्दावन की जनता आज भी याद करती है। वही महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि शैलेश पांडे जी एक कर्मठ कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार पुलिस ऑफिसर हैं। जिन से मथुरा वृन्दावन की जनता को बहुत उम्मीदें हैं। वही हमारे द्वारा उनको श्री धाम वृंदावन की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया गया है। ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज की कृपा से वह यहॉ की व्यवस्था सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वही एसएसपी शैलेश पांडे ने संतो के प्रतिनिधि मंडल का आभार व्यक्त किया और भविष्य में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाएं बनाये रखने का आश्वासन दिया।

# अज्ञात वाहन में पीछे से टकराई कैंटर, एक की मौत,दो गंभीर रुप से घायल

- रेस्क्यू आपरेशन में इलाका पुलिस ने गाड़ी को काटकर तीनों को निकाला,हालत नाजुक



भास्कर ब्यूरो

नौहझील-यमुना एक्सप्रेस वे पर नौहझील थाना क्षेत्र में आगरा से नोएडा की ओर जा रही तेज रफ्तार आयशर कैंटर पीछे से किसी अज्ञात वाहन में जा घुसी,गाड़ी के केबिन में बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें इलाका पुलिसकर्मियों द्वारा करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। जहां से एंबुलेंस की मदद से तीनों को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी नौहझील भेजा गया। जहां से डाक्टरों ने तीनों को नाजुक हालत में बाहर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई वहीं दो लोगों का इलाज जारी है। जानकारी अनुसार कपिल पुत्र सतेन्द्र, भूरा पुत्र पप्पू निवासी मझोला हाथरस व संजय पुत्र अमरीश कुमार निवासी गंगीरी अलीगढ़ आयशर कैंटर में मिर्च भरकर हाथरस से यमुना एक्सप्रेस वे से होकर मंडी बेचने जा रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार आयशर कैंटर अनियंत्रित होकर यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 68 पर किसी अज्ञात वाहन में जा घुसी। टक्कर की आवाज सुनकर खेतों पर कार्य कर रहे किसान घटना स्थल पर एकत्रित हो गए और घटना की सूचना इलाका पुलिस को दी। मौके पर तत्काल पहुंची नौहझील थाना पुलिस व एक्सप्रेस वे सुरक्षा कर्मियों ने बिना देर किए केबिन में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए कटर मशीन मंगाई और करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद तीनों लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया। एंबुलेंस की मदद से तीनों को सीएचसी नौहझील भेजा जहां से एक को जिला अस्पताल तो दो लोगों को कैलाश हास्पीटल जेवर रेफर कर दिया।तीनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं इलाज के दौरान भूरा पुत्र पप्पू निवासी मझोला हाथरस ने दम तोड दिया तो वहीं कपिल व संजय का इलाज जारी है। वहीं जानकारी देते हुए कार्यवाहक थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयशर कैंटर किसी वाहन में पीछे से टकराई है।भूरा पुत्र पप्पू ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है तो वहीं कपिल व संजय का इलाज जारी है।

**लोगों ने की पुलिस की सराहना**

यमुना एक्सप्रेस वे पर करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद तीनों लोगों को गाड़ी के केबिन से कटर मशीन की मदद से काटकर निकालने में नौहझील थाना पुलिस ने अहम भूमिका निभाई।अगर पुलिस तत्परता न दिखाती तो तीनों लोगों की जान जा सकती थी।

## सार सुर्खियां

### गांव बोरपा में लगाया आयुष्मान कार्ड शिविर



सौंख। गांव बोरपा में चिकन पॉक्स की दस्तक के बाद तीसरे दिन सोमवार को भी स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद नजर आया। ग्रामीणों का नियमित चेकअप किया तथा ग्रामीणो को दवा वितरण कर उनके आयुष्मान कार्ड भी बनवाए। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोवर्धन के प्रभारी बिजेंद्र सिसौदिया के निर्देशन में गांव में मौजूद रही। इस मौके पर करीब 67 ग्रामीणों का चिकित्सकीय परीक्षण किया। आवश्यक निर्देश दिए तथा ग्रामीणों को कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड भी बनवाए। कैंप में पंचायत सहायक अनिल कुंतल, सीएचओ डेविड व एएनएम गरिमा सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा। करीब दो दर्जन लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की औपचारिकता पूरी की गई। सीएचसी गोवर्धन प्रभारी बिजेंद्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि संक्रमण को लेकर विभाग सतर्क है। टीम नजर रखे हुए है। ग्रामीणों को आवश्यक निर्देश के साथ उचित सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### ठाकुर बांके बिहारी लाल के दर्शन करने पहुंचे जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा



वृंदावन ।कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर अपना माथा टेकने पहुंचे। जहां पर मंदिर के सेवायतो के द्वारा उनको ठाकुर बांके बिहारी लाल का प्रसादी पटका ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं सेवायतो के द्वारा राज्यपाल को ठाकुर बांके बिहारी लाल का प्रसाद भेंट किया गया। वही इस मौके पर जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ठाकुर बांके बिहारी लाल के दर्शन कर मोहित हो गए और ठाकुर बांके बिहारी लाल को एक टक निहारने लगे। वही इस मौके पर वृंदावन के भाजपा कार्यकताओं ने जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वही जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रोटोकॉल के चलते मीडिया कर्मियों से दूरी बनाए रखी।

### बिजली कर्मियों की हडताल खत्म, बकाएदारों पर कार्यवाही शुरू

मथुरा। पिछला सप्ताह विद्युतकर्मचारियों की हडताल के भैंट चढ गया। लगातार पांच दिन तक कर्मचारी हडतल पर रहे। शनिवार की शाम को हडताल स्थगित किए जाने का ऐलान हुआ, लेकिन अगले दिन रविवार की छुट्टी पड गई। सोमवार को सभी कर्मचारी और अधिकारी विधवतरूप से कार्यस्थल पर पहुंचे। पांच दिन तक बंद रहे काउंटर खुले रोजमर्रा की तरह काम शुरू हो गया। हडताल के चलते राजस्व वसूली का लक्ष्य पिछड गया है। सोमवार को बकाया वसूली और बकायेदारो पर कार्यवाही की प्लानिंग तैयार की गई। सूची के आधार पर टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही करने लिए निकल पडीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में उपभोक्ताओं पर करोडों का बकाया है। टीमों को एसई सुबोध कुमार शर्मा, एसई प्रभाकर पाण्डेय, एसई अजय गर्ग द्वारा अधीनस्थों को इस बारे में निर्देशित किया जा रहा है। इस बीच बकायेदारों की संख्या में इजाफा हुआ है। 30 जून तक चली आसान किस्त समाधान योजना में बडी संख्या में उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया था। इसके बाद महीने दर महीने उपभोक्ता इस योजना से बाहर होते चले गए। इसके बाद ये उपभोक्ता भी विभाग की बकायेदारों की सूची में सम्मलित हो गए हैं। टीमें देहात क्षेत्र में सोमवार को लगातार कार्यवाही करती रहीं और बकायेदारों के कनेक्शन कटवाना शुरू कर दिया है। इस बीच उपभोक्ताओं की समस्याएं भी सामने आ रही हैं जिनके समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 145 दुपहिया व चौपहिया वाहनो की नीलामी 7 दिसंबर को

वृंदावन ।लम्बे समय से कोतवाली परिसर में जमा लावारिस व दो सौ सात एक्ट से संबंधित वाहनों की नीलामी के आदेश न्यायालय ने पारित कर दिए हैं। एसडीएम सदर न्यायालय के आदेशानुसार वृंदावन कोतवाली में 145 दुपहिया और चौपहिया वाहन की नीलामी 7 दिसंबर को निर्धारित नियमानुसार की जायेगी। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार के अनुसार विभिन्न मुकदमों में बरामद किए गए उक्त वाहन न्यायिक प्रक्रिया के बाद निष्प्रोज्य हो गए हैं।इन वाहनों की नीलामी के लिए न्यायालय के आदेशानुसार अब नीलामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर ने मनाया विश्व मृदा दिवस

भास्कर ब्यूरो



मथुरा। संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत विश्व मृदा दिवस मनाया गया। कृषि विभाग के विद्यार्थियों ने गावं अजीजपुर में जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को मृदा संरक्षक और मृदा स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान चलाकर गावं अजीजपुर के किसानों को बताया कि किस तरह से हमारी भूमि रसायनिक खाद, जहरीले रसायनों द्वारा दिन प्रदिन दूषित होती जा रही है। उन्हें बताया गया कि हमारा स्वास्थ्य हमारी मिट्टी के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। हमें स्वस्थ जीवन जीना है तो सबसे पहले अपनी मिट्टी का सुधार करना होगा क्योंकि मिट्टी से ही हम जल, भोजन, चारा, लकड़ी आदि प्राप्त करते हैं। हमारी मिट्टी स्वस्थ रहेगी तो हम भी स्वस्थ और निरोगी जीवन जी सकते हैं और बढ़ती हुई जनसंख्या का पालन-पोषण कर सकते हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बीएस चेट्टी ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि रासायनिक खादों का त्याग कर हम अपनी मृदा को स्वस्थ और टिकाऊ बना सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य दिवस की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी। सहायक अध्यापक डा. एन. एन. सक्सैना ने किसानों को जैविक और हरी खाद के प्रयोग से मृदा को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर के विभागाध्यक्ष डा. संजीव कुमार ने किसानों को बताया कि नवीनतम कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण भी कृषि संकाय विभाग में दिया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ निकटवर्ती गांव के किसानों को मिल रहा है। आए दिन किसान अपनी समस्याओं के साथ में आते हैं और इन समस्याओं का निपटारा तुरंत यहां के योग्य और अनुभवी डाक्टरों द्वारा किया जा रहा है।

# कबाड़ की दुकानों पर वाणिज्यकर विभाग का छापा



- बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही कबाड़ की दुकान
- छाता में दो दुकानों पर हुई कार्यवाही

भास्कर ब्यूरो

छाता-मुख्यमंत्री के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज वाणिज्य कर विभाग के द्वारा पुलिस फोर्स के साथ छाता में उन रजिस्टर्ड फर्म पर छापे मार कार्यवाही की गई जिसमें फर्मों से संबंधित कागजात मांगे गए लेकिन फर्म संचालक अपनी फर्मों से संबंधित कागजात नहीं दिखा पाए मौके पर मिले माल आकलन किया जा रहा है उसी के आधार पर कबाड़ संचालकों को नोटिस देकर टैक्स वसूली की जाएगी असिस्टेंट कमिश्नर सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में आज छाता में वाणिज्य कर विभाग की छापामार कार्रवाई की गई छाता में दो कबाड़ी के दुकानों पर जांच करते हुए वाणिज्य कर अधिकारियों ने फर्म मालिक से फर्म के कागज मांगे तो वह शक पगा गए और फर्म से संबंधित कागजात व जीएसटी के कोई भी कागज या बिल नहीं दिखा पाए इन कबाड़ की दुकानों पर पाए गए स्ट्रोक का आकलन किया जा रहा है स्टॉक में बैटरी, गिल्ट, सिल्वर, लोहा ,तांबा ,प्लास्टिक आदि पाई गई है इनके वजन के लिए आकलन कराया जा रहा है यह सामान किस रेट में मार्केट में बिक रहा है और किस में खरीदा जा रहा है उसका आकलन करके तभी पता चल पाएगा कि दोनों दुकानों पर मिले कबाड़ के सामान की कितनी वैल्यू होगी उसी के आधार पर कितना टैक्स जमा करना है उसको लेकर कार्यवाही की जाएगी अभी इन्हें नोटिस दिया जाएगा उसमें कुछ समय देने के बाद भी है अगर उनका कागजात नहीं दिखा पाए तो इन पर सामान के हुए आकलन को लेकर टैक्स वसूली की जाएगी ।

# जीव और ईश्वर का सशक्त संवाद है गीता

- ब्रज तीर्थ विकास परिषद के वृन्दावन स्थित गीता शोध संस्थान में गीता व्याख्यानमाला का समापन

भास्कर ब्यूरो

मथुरा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गीता शोध संस्थान वृन्दावन में गीता पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ। सभी विद्वतजनों को यथार्थ गीता एवं उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सौजन्य से प्रकाशित ब्रज लोक संपदा की प्रतियां भेंट की गयीं। व्याख्यानमाला में गौरांग इंस्टिट्यूट ऑफ वेदिक एजुकेशन के अध्यक्ष डॉ. वृंदावन चंद्र दास ने कहा कि भगवद् गीता का ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था। यही ज्ञान मानव जाति को बचाने की एक हिंदू पद्धति है। गीता मनीषी डा. अशोक विश्वमित्र ने कहा कि गीता हमें कर्तव्य पथ पर चलने का ज्ञान देती है। हमारी मति कर्म में लगे, यही संदेश गीता का है। सेवानंद ब्रह्मचारी ने कहा कि श्रीकृष्ण के हृदय से ये गीता प्रकट हुई थी। यह गीता प्रश्नोत्तर के माध्यम से बुद्धि की गुत्थी को सुलझाती है। महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने कहा कि मोक्षदा एकादशी पर अर्जुन जैसे मित्र को भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का अमृत पान कराया था। गीता का महत्व उपनिषद और वेदों से भी कहीं ज्यादा है। आचार्य ब्रदीश ने कहा कि बगैर भक्ति के ज्ञान अधूरा है। क्रांतिकारी स्वामी सत्यमित्र, साहित्यकार चंद्रप्रकाश, गोपाल उपाध्याय गोप, कवियत्री सुमन पाठक ने भी गीता पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन के. आर. कॉलेज के असिस्टेंट प्रो. डॉ. रामदत्त मिश्र ने किया। गीता व्याख्यान में उपस्थित विद्वतजनों का आभार गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर साहित्यकार कपिल देव उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण तिवारी, गोपाल शरण शर्मा, डॉ. पीवी गोस्वामी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सहायक अभियंता आरपी यादव एवं दूधनाथ यादव, प्राचार्य डा. देव प्रकाश शर्मा, डॉ. रश्मि वर्मा, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# देश के विकास में कृषि शिक्षा की अहम भूमिका

भास्कर ब्यूरो




मथुरा। भारत कृषि प्रधान देश है। आधुनिक युग में भी कृषि शिक्षा का महत्व अपूरणीय है। ये विचार शनिवार प्रभारी डा वाईके शर्मा ने व्यक्त किए। मौका था कृषि शिक्षा दिवस का। जगह थी वेटरनरी विवि के केवीके का सभागार। यहां सर्वोदयय महाविद्यालय चौमुहां के कृषि संकाया के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर कृषि शिक्षा के महत्व को बारीकी से जाना। केन्द्र के प्रभारी डा वाई के शर्मा ने कहा कि चाहे कितनी भी तकनीकी क्यों न विकसित हो जाये मगर कृषि शिक्षा का महत्व कतई कम होने वाला नहीं है। क्योंकि भारत कृषि आधारित देश है। यहां नित रोज कृषि तकनीकी विकसित हो रही है। जिसका लाभ अन्नदाताओं को मिल रहा है। उन्होने छात्र-छात्राओं को कृषि शिक्षा के महत्व की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डा बृजमोहन ने पूरे देश और दुनिया में खेती में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीकी की लाभकारी जानकारी दी। साथ ही उन्होने आधुनिक नर्सरी, बागवानी, फल एवं सब्जियों की नवीनतम जानकारी दी। डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने मृदा स्वास्थ्य की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए
खेती में मृदा के महत्व से परिचित कराया तथा कौन सी फसल के लिए कैसी मृदा बेहतर है, उसमें कौन से पोषक तत्व जरुरी हैं, उनके लिए कौन सी खाद एवं उर्वरक का प्रयोग करें विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया। इस मौके पर डा टीएस परिहार, अनिल कुलश्रेष्ठ, गोविंद कुमार गुप्ता, चन्द्र प्रकाश शर्मा, जय किशोर सहित सैकडों छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# धोखाधडी में बैंक मैनेजर सहित 11 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

- सुरीर थाने में किसान ने दर्ज कराई है संगीन धाराओं में एफआईआर
- ग्राम कराहरी की कॉपरेटिव बैंक से जुड़ा है मामला

मथुरा। एक किसान से बैंक मैनेजर सहित 11 लोगों के खिलाफ थाना सुरीर पर धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी, 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है। मामला ग्राम कराहरी की कॉपरेटिव बैंक से जुडा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। सुनील कुमार पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम कराहरी हाल निवासी डैम्पीयर नगर थाना कोतवाली मथुरा ने सहायक निबंधक सहकारित विभाग मथुरा, कार्यपालक अधिकारी बैंक मथुरा, मैनेजर सहकारी बैंक मांट, एसडीओ मांट सहकारिता विभाग मांट, सचिव सहकारी समिति कराहरी, एसडीओ मांट सहकारिता विभाग मांट, एकाउंटेंट सहकारी समिति कराहरी, खाद्य प्रभारी सह समिति कराहरी के अलावा तीन नामजद लोगों रामनाथ, रामसेवक शर्मा तथा ओमप्रकाश को रिपोर्ट में आरोपित किया है। इन लोगों पर कूटरचित दस्तावेजों से किसान के नाम पर 96 हजार 585 रुपए का लोन निकालने और उसे जमा नहीं करने का आरोप है। दर्ज कराई रिपोर्ट में सुनील कुमार ने आरोप लगाया है कि जिला सहकारी बैंक लिमिटेड को शखा मांट के प्रबंधक एवं सचिव सहायक सहकारी समिति कराहरी ने कब किस प्रकार और क्यों समिति का सदस्य बनाया या नहीं बनाया इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि सहाकरी समिति के कर्मचारियों की ओर से उससे समिति का सदस्य बनने के लिए संपर्क किया गया था लेकिन उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उसे सदस्य बनाया गया या नहीं इस बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। इस के बाद आरोपितों ने सुनील कुमार के खिलाफ षणयंत्र से फर्जी कागजात तैयार कर वर्ष 2012 और 2013 में न सहकारी समिति से ऋण लिया तथा उसे जमा भी किया।

# जनपद में लागू है धारा 144, सोशल मीडिया पर है पैनी नजर

- छह दिसम्बर : माहौल बिगाडने की मंशा पडेगी भारी, चप्पे चप्पे पर पैनी नजर
- सोमवार से ही श्रीकृष्ण
- जन्मस्थान और आसपास के इलाकों दिखी सख्ती



भास्कर ब्यूरो

मथुरा। छह दिसम्बर पर एक बार फिर कान्हा की नगरी में सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद की गई है। जनपद में धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर भी लगातार निगाह रखी जा रही है। जिससे कि भडकाउ और उकसाने वाले मैसेज लोगों के बीच न भेजे जा सकें। ऐसा करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की योजना बनाई गयी। पुलिस और एलआइयू लगातार घटनाक्रम और बयानबाजियों का इनपुट ले रही हैं। प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के आसपास के इलाकों में लगातार पुलिस का सर्च अभियान जारी है। मंदिर परिसर के आसपास बने होटल, धर्मशाला में डॉगस्क्वाइड की टीम लगातार अभियान चला रही है। इससे पहले पुलिस लाइन में ड्रिल भी की गई। वहीं सुरक्षा बलों ने शहर में मार्च भी निकाला। कुछ संगठनों ने छह दिसम्बर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बिना अनुमति के कार्यक्रम करने की घोषणा की है। संगठनों की घोषणा के बाद जिला प्रशासन ने इन संगठनों से जुडे पदाधिकारियों और कार्यकताओं को पाबंद करने और जमानती वारंट जारी करने जैसी कार्यवाही की हैं। इससे पहले इन संगठनों से जुडे 43 पदाधिकारी और कार्यकताओं को पाबंद किया था। इसके अलावा तीन पदाधिकारियों को गिरफ्तार भी किया है। सोमवार को मथुरा पुलिस ने सीओ सिटी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च की शुरूआत संवेदनशील क्षेत्र डीग गेट पुलिस चैकी से की। भारी पुलिस बल के साथ डीग गेट से शुरू हुआ पैदल मार्च दरेसी रोड, भरतपुर गेट, घीया मंडी, चैक बाजार, मंडी रामदास होते हुए डीग गेट पुलिस चैकी पर पहुंचा। छह दिसंबर के मद्देनजर मथुरा शहर को दो सुपर जोन, चार जोन और आठ सेक्टर में विभाजित किया गया है। सुपर जोन के प्रभारी आईपीस अधिकारी बनाए गए हैं। इसी तरह जोन के प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक और सेक्टर के प्रभारी सीओ बनाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर आगरा जोन के पुलिस फोर्स के अलावा अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी तैनात किया गया है।

नहर की साफ सफाई महज दिखाबे के रुप में की जा रही ही है। पुलों के नीचे जेसीबी चलाकर साफ सफाई होने से पूरी साफ सफाई नहीं हो पा रही है।

मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ मतदान





भास्कर ब्यूरो

जसवंतनगर/इटावा। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। सांय 5 बजे तक जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में करीब 57 फीसदी मतदान हुआ। समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव की शुरूआत सुबह 7 बजे से धीमी गति के साथ बढ़ते हुए जैसे जैसे धूप चढ़ी वैसे वैसे मतदान के लिए लंबी-लंबी लाइनें लग गईं थीं। प्रातः 11 बजे तक विधानसभा क्षेत्र में करीब 20 फीसदी मतदान हुआ था तो 1 बजे तक बढ़कर करीब 32 फीसदी तक पहुंच गया था। दोपहर बाद 3 बजे तक 47 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था। यहां तमाम मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। एडीजी जोन कानपुर क्षेत्र भानु भास्कर ने हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज मतदान केंद्र व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और वोटरों से सीधा संवाद कर शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। बाद में पैदल मार्च भी निकाला गया। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय सुबह तड़के ही एसएसपी जय प्रकाश सिंह के साथ पहुंचे थे। उन्होंने थाना कोतवाली जसवंतनगर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात अधिकारियों की गाड़ियां भी दिनभर फरार्टा भरतीं रहीं तथा किसी भी मतदान केंद्र पर गड़बड़ी की कोई भी शिकायत नहीं मिली। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों महिलाओं व युवाओं ने भी खुशी खुशी मतदान किया। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपने पति पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ सैफई में मतदान किया तथा भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य ने अपने गांव खेड़ा धौलपुर में अपनी पत्नी के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। मॉडल बूथ मलाजनी में मतदाताओं का तिलक बंदन कर स्वागत किया गया। सपा व भाजपा के बस्ते भी हर जगह काफी दूर लगाए गए थे। मतदान केंद्रों के आसपास भी पुलिस बल सख्त था। फिजूल आवाजाही पर पूरी तरह रोक थी। सांय 5 बजे तक विधानसभा जसवंतनगर में करीब 57 फीसदी मतदान हुआ था।

इसी क्रम में मैनपुरी लोक सभा क्षेत्र मे हो रहे उपचुनाव में मतदाताओं ने सोमवार को मतदान किया। ताखा की कुछ पोलिग बूथो पर मशीन खराब होने के कारण मतदान रोकना पडा। मौके पर पहुँच कर तुरंत उपजिधिकारी ताखा ने मतदान प्रारंभ कराया। ताखा मे विधायक प्रतिनिधि धुर्व यादव चीनी ने अपने गाँव पटियात पोलिग बूथ मतदान किया पुलिस की निगरानी मे वापस भरथना भेज दिया शाम तक लगभग 60 प्रतिशत मतदान हो चुका था। ताखा क्षेत्र मे मतदान हो चुका था।

कुइता गुजराती मे मशीन खराब होने के कारण मतदान रूका रहा प्रशासन की तरफ से डीएम एसएसपी ने बूथो का निरीक्षण किया।

## किसान भोगनीपुर नहर में पानी छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे



भास्कर ब्यूरो

बकेवर/इटावा। सिंचाई विभाग द्वारा नहर रजबाहों व माइनरों की सफाई शिथिलता के साथ किये जाने के चलते किसानों को खेतों में पानी लगाने के लिए भोगनीपुर नहर में पानी छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार है। नहर की साफ सफाई महज दिखाबे के रुप में की जा रही ही है। पुलों के नीचे जेसीबी चलाकर साफ सफाई होने से पूरी साफ सफाई नहीं हो पा रही है। लखना स्थित भोगनीपुर नहर में सिचाई विभाग द्वारा माइनरों व रजबाहों की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। किसानों की खेतों में इस समय पानी खी भारी आवश्यकता होने के कारण किसान बेसब्री से पानी छोडे जाने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन ठेकेदार द्वारा लखना पुराना नहर पुल व नया नहर पुल व झाल पुल सहित महासिंघपुरा पुल के नीचे जमी मिट्टी को हटाने का काम किया जा रहा है। जब कि पूरी नहर की साफ सफाई नहीं हो रही है। वहीं समाजसेवी वन्टी तोमर ने बताया कि नया नहर पुल पर पुल के नीचे जमी मिट्टी को सही तरह से नहीं हटाया गया है। और यही हाल पुराना नहर पुल का है। जहां साफ सफाई के नाम पर ठेकेदार व विभाग द्वारा महज दिखावा किया जा रहा है। जिसके चलते लोग परेशान हैं। पूर्व में नहर की साफ सफाई अच्छे ढंग से की गयी थी लेकिन इस बार महज पुलों के नीचे जमी मिट्टी को हटाने का काम किया जा रहा है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी तरह बम्बों की साफ सफाई भी फौरी तौर की की जा रही है। इसकी जांच कराये जाने की ग्रामीणों ने जिलाधिकारी इटावा से की है।

## मतगणना स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से खुला कन्ट्रोल रूम

इटावा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सूचित किया है कि मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लोकसभा उप निर्वाचन की मतगणना सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुपालन में दुग्ध प्रोद्योगिकी महाविद्यालय इटावा में स्थित मतगणना स्थल पर स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा की दृष्टि से कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिसके लिये अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। लोकसभा उप निर्वाचन जसवन्तनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना से सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05688-297608 पर मतगणना की जानकारी की जा सकती है। निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए मतगणना कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर पर 8-8 घंटे की शिफ्टवार अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गयी है जिनसे सम्पर्क किया जा सकता है।

## सार सुर्खियां

### आज टोरंट उपभोक्ता समस्या संवाद कैंप प्रतापपुरा पर

आगरा। विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए टोरंट पावर द्वारा आज शाम तीन बजे से पांच बजे तक अधिकारी। ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करेगे। आपकों बता दें कि टोरंट पावर द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र सदर बाजार की जगह प्रतापपुरा सेंट मैरी चर्च के पास अजमेर रोड पर आयोजित किया जा रहा है। जिसका समय 3 बजे से 5 बजे तक रहेगा । उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान हेतु वहाँ पर टॉरेंट पावर के उच्च अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिसमें उपभोक्ता अपनी बिल संबंधी, विद्युत चोरी, नए कनेक्शन से संबंधित किसी भी तरह की समस्या के समाधान हेतु संपर्क कर सकते हैं । यह जानकारी टोरंट पावर के शैलेंद्र देसाई दी ने और कहा कि लोग अपनी समस्या का समाधान समय पर पहुंच कर करा सकते है ।।

### मदावली गौ शाला का तहसीलदार ने किया निरीक्षण



टूंडला। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार डॉ.संत राज सिंह ने राजस्व ग्राम मदावली में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि गौशाला लगभग एक हेक्टेयर में बनी हुई है ।चारों तरफ से बाउंड्री है। निरीक्षण के दौरान 345 गोवंश पाए गए । गौशाला में केयरटेकर सुरजीत सिंह विपिन कुमार सचिन कुमार आकाश कुमार तथा मोनू मौजूद थे इसके साथ-साथ प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार सेक्रेटरी आर्यन ढाकरे तथा लेखपाल मुकेश कुमार भी मौजूद थे यहां पर पानी की उत्तम व्यवस्था मिली लेकिन खाने में भूसा नहीं पाया गया किंतु हरा चारा गन्ने की कूटी पाई गई तथा बाजरे करब की कूटी मौजूद थी व धान की भूसी भी थी। बिजली की उत्तम व्यवस्था पाई गई केयरटेकर सुरजीत सिंह ने अवगत कराया गया कि यहां पर डॉक्टर्स की टीम नियमित रूप से आती है। ठंड से बचाव के लिए तिरपाल भी पाया गया तथा बछड़ों को ठंड से बचाव के लिए बोरा उड़ाने की अलग से व्यवस्था पाई गई। यहां पर एक और कमी देखने को मिली इंटरलॉकिंग की व्यवस्था नहीं है इंटरलॉकिंग हो जाए तो गौशाला और बेहतर हो जाएगी प्रधान द्वारा अवगत कराया गया किसके लिए हमारे पास कोई अलग से मद नहीं है ।सबसे बड़ी बात वर्तमान में कोई गोवंश बीमारी की अवस्था में नहीं है। तहसीलदार टूंडला डॉक्टर संतराज सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि ठंड से बचाव के लिए क्या-क्या व्यवस्थाएं हैं उसकी रिपोर्ट मांगी गई है।

### स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने भूख हड़ताल एवं आत्मदाह की दी चेतावनी



टूंडला। स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद टूंडला के कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका परिषद में भाजपा प्रतिनिधि द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिए जाने पर 72 घंटे का अल्टीमेटम देकर गेट बंद भूख हड़ताल व काम बंद हड़ताल करने की चेतावनी दी है। धरना प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कर्मचारी नेता रमेश चंद कपूर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में पालिका के कर्मचारियों का शोषण व उत्पीड़न करने के साथ कर्मचारियों की न्याय उचित 16 सूत्री मांगों को पूरा करने के लिए ना तो चेयरमैन ना अधिशासी अधिकारी तथा के जनप्रतिनिधि का भी कोई ध्यानळ नहीं है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। मुख्यमंत्री से लेकर डीएम एसडीएम ने भी कोई कार्रवाई नहीं की है जिससे रोष व्याप्त है हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो कर्मचारियों की भूख हड़ताल करने के साथ ही आत्मदाह करने को विवश होना पड़ेगा। धरना प्रदर्शन में सत्यवान, मनोज सिंह, आल्लानूर, पंकज उपाध्याय, प्रदीप कुमार, रवि कुमार, राजू, मुमताज बेगम, सुनील राठौर, सौरभ, अंकुर शर्मा, होरीलाल, ममता देवी, दिवारी लाल, फूलवती, उर्मिला देवी, संदीप सिंह, संजय मेवाती, प्रदीप पवन मेवाती, कपिल मेवाती आदि प्रमुख है।

## बिजली चोरी कस्बा बकेवर सहित आसपास के गांवों में एक बड़ी समस्या

भास्कर ब्यूरो

बकेवर/इटावा। बिजली चोरी कस्बा बकेवर के दक्षिणांचल विद्युत वितरण सब स्टेशन बकेवर सहित आसपास के गांवों में एक बड़ी समस्या है। घरों में ही नहीं बल्कि कस्बा बकेवर के कई बाजार ऐसे हैं, जो चोरी की बिजली से ही रौशन हो रहे हैं। कटिया फंसाकर दुकानदार बिजली की खुलेआम चोरी कर रहे हैं। बिजली की चोरी रोकने के लिए तमाम कोशिशों के बावजूद बिजली विभाग लगाम लगाने में विफल है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों के हौंसले इतने बुलंद है की उच्चाधिकारियों का भय मानो है ही नहीं। विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए कई अथक प्रयास किए गए बावजूद बिजली चोरों ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। कस्बा के भरथना रोड, औरैया रोड सहित अन्य ऐसे बाजार हैं, जहां कटिया का जाल फैला हुआ है। आते जाते यह सभी को दिखाई देता है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी एक्शन लेने में जानबूझकर अनजान बने बैठे या यूं कहे कि मुट्ठी गरम होने की सेटिंग के आगे अंजान बने हुए हैं। लिहाजा, कर्मचारियों और अधिकारियों की जेब तो भर रही है, लेकिन इससे सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपए का चपत लगा रहा है। शहर में भरपूर बिजली सप्लाई के लिए ट्रांसमिशन से डिस्ट्रब्यूशन को रोजाना बिजली की सप्लाई हो रही है, लेकिन कटियामार लीगल उपभोक्ताओं के घरों तक सप्लाई पहुंचने से पहले बिजली चोरी कर ले रहे हैं। कटियामार, शंट लगा कर बिजली सप्लाई का ऐसा चोरी कर ले रहे हैं। जिसकी वजह से नगर के लीगल उपभोक्ताओं को बिजली मिलना मुश्किल हो गया है। संविदा तथा प्राइवेट रूप से तैनात कर्मचारियों की मिलीभगत का खेल सुचारू रूप से खेला जा रहा है। कस्बा में बकेवर सब स्टेशन बिजली विभाग के सभी डिवीजन में 36000 बिजली उपभोक्ता रजिस्टर्ड हैं, जिनका हर महीने करोड़ रुपए का बिजली बिल जेनरेट हो रहा है।

चोरी हो रही बिजली का यदि सही उपयोग हो, तो सरकारी राजस्व को सालाना करोड़ों रुपए की अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो सकती है, लेकिन क्षेत्रीय कर्मचारियों से मिल रहे संरक्षण के चलते कटियामार बेखौफ होकर बिजली चोरी कर रहे हैं।

## उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए जायण्ट्स सदस्य पुरस्कृत



इटावा। जायण्ट्स ग्रुप ऑफ दतावली के निदेशक सतीश कुमार के संयोजकत्व में यूनिट- 01 की यूनिट कॉन्फ्रेन्स सुदिति ग्लोबल स्कूल के सभागार में आयोजित की गयी, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूनिट निदेशक ललित सक्सेना ने समूहों को वर्ष 2022 में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यो के लिए पुरस्कृत किया।

सर्वश्रेष्ट समूह जायण्ट्स ग्रुप आफ फिरोजाबाद महिला शक्ति, श्रेष्ट ग्रुप जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली, सर्वश्रेष्ट अध्यक्ष अनु बंसल,श्रेष्ट अध्यक्ष सर्वेश कुमार यादव,राजदा खातून,नीलम यादव, ई.कृपा शंकर यादव,मनीष सहाय,सर्वश्रेष्ठ डी. ओ.ए.एकता मित्तल, श्रेष्ठ डी.ओ.ए. सुषमा यादव,सर्वश्रेष्ठ डी.ओ.एफ. सीमा अग्रवाल,श्रेष्ठ डी.ओ.एफ. योगेन्द्र यादव,सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट जायण्ट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति, सर्वश्रेष्ठ जायण्ट्स सेवा सप्ताह, जायण्ट्स ग्रुप आफ फिरोजाबाद महिला शक्ति,श्रेष्ठ जायण्ट्स सेवा सप्ताह जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली,पिलुआ महावीर सैफई, जायण्ट्स दतावली डायमंड,साईं सिटी उदयपुरा को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व उपाध्यक्ष एस.पी. चतुवेर्दी,प्रो. आर. के.अग्रवाल,डा.शिवराज सिंह यादव,ऊषा यादव,रामसजीवन, दाऊ दयाल वर्मा ने उत्कृष्ट सेवा कार्यो के लिए समूहों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने नवीन सदस्यों को शपथ दिलाई।

## मतदान केंद्रों पर पुलिस रही मुस्तैद




भास्कर ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों द्वारा मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराया गया। जनपद की विधानसभा जसवंतनगर में लगने वाले मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के चल रहे उपचुनाव को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपद इटावा पुलिस, बाहर से आए पुलिस बल व सुरक्षाबलों द्वारा मतदान केंद्रों पर पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी से ड्यूटी करते हुए तथा चुनाव क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर मतदान को निर्भीक, निष्पक्ष, निर्विवाद एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराया।

### प्राधिकरण सम्पत्तियों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से करेगा

भास्कर ब्यूरो

आगरा। आगरा विकास प्राधिकरण सम्पत्तियों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से कराये जाने हेतु एक शिविर का आयोजन कर रहा है। इस शिविर में ई-ऑक्शन के वारे में जानकारी दी जायेगी इस बारे में जानकारी देते हुए आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष चर्चित गौड़ ने बताया कि प्राधिकरण आई.सी.आई. सी.आई. बैंक के माध्यम से तैयार किये गये सॉफ्टवेयर के शुभारंभ से पूर्व आम जनता व मीडिया के लिये 7-8 दिसम्बर को एक शिविर का आयोजन करेगा । यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से साय 5:00 बजे तक आगरा विकास प्राधिकरण के नवीन सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में ई-ऑक्शन के वारे में जानकारी दी जायेगी एवं प्रतिभागियों द्वारा ई-नीलामी सॉफ्टवेयर के डेमो परीक्षण में भाग लिया जायेगा। परीक्षणोंपरान्त प्रतिभागियों से सुझाव भी लिये जायेगे।

## अखिलेश व डिम्पल ने सैफई में मतदान किया





भास्कर ब्यूरो

इटावा। मैनपुरी लोकसमभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पत्नी एवं यहां से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के साथ अपने पैतृक गांव सैफई में मतदान किया। मतदान करने के बाद उन्होंने बाहर निकलकर अपना वोटर पहचान पत्र दिखाते हुए मतदान करने का इजहार किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैनपुरी लोकसमभा उपचुनाव में भाजपा ने जमकर गड़बड़ी की और प्रशासन भी सत्ता पक्ष का काम करता दिखा। इसके बावजूद इस उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव की ऐतिहासिक जीत होगी और बीजेपी को मुंह की खानी पड़ेगी।

### राजस्व ग्राम बरौली का नलकूप 6 माह से खराब पड़ा

बकेवर/इटावा। तहसील चकरनगर के राजस्व ग्राम बरौली में नलकूप पिछले 6 महीने से खराब पड़ा हुआ है। नलकूप खराब होने की वजह से सैकड़ों बीघा खेत गेहूं की बुबाई के लिए पड़े हैं। गेंहू की बुबाई न हो पाने से किसान है चिंतित हैं कि अगर फसल न हो पाई तो क्या खुद खायंगे और क्या अपने जानवरो को खिलायगें इस महगाई में। सम्बंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से कई बार लिखित सूचना किसानों द्वारा दी गई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अतिशीघ्र ही खराब नलकूप को सही कराने का सम्बन्धित बिभाग को आदेशित करें, जिससे सैकड़ो किसानों की गेंहू की बुबाई समय से हो सके। जिलाधिकारी से किसान रामकुमार, अनिल, अबधेश, राघवेंद्र नारायण, लल्लूलाल, पिंकी शुक्ला, पुत्तन, अविनाश, राकेश आदि एक सैकडा से अधिक किसानों ने मांग की है कि अतिशीघ्र नलकूप को ठीक करवाया जाए।

## प्रियंका सिकरवार ने अंतरविद्यालय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



भास्कर ब्यूरो

किरावली। तहसील क्षेत्र में चौधरी महाविद्यालय के छात्रों का हुनर दूसरे महाविद्यालयों में सर चढकर बोल रहा है चौधरी रघुनाथ सिंह महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका सिकरवार ने बी वी आर आई बिचपुरी में आयोजित अन्तरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में 100 मीटर ,200 मीटर स्पर्धा में गोल्ड मैडल जीते। गोल्ड मेडल जीतने पर प्रियंका सिकरवार का चयन विश्वविद्यालय नार्थ जॉन में प्रतियोगिता में चयन हुआ है इस खुशी के अवसर पर विद्यालय प्रवन्धक डॉ. रामेश्वर चौधरी अध्यक्ष चौधरी शिवानी सिंह ने माला पहनाकर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी इस मौके पर प्राचार्य अजीत सिंह,सुरेंद्र कुमार शर्मा , विनीता कुलश्रेष्ठ, प्रीति भदौरिया ,मनीष शर्मा,पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे तथा सभी अध्यापकों ने छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बीजेपी प्रत्याशी रघुराज ने किया मतदान



इटावा। उत्तर प्रदेश की मैनपुरी संसदीय सीट पर उपचुनाव में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार एवं दो बार के पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने अपनी पत्नी सीमा शाक्य के साथ जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत अपने पैतृक गांव धौलपुर खेड़ा में पहुंचकर बने इंग्लिश मॉडल प्राथमिक पाठशाला के बूथ पर वोट डाला और वोट डालकर बाहर निकलकर विक्ट्री की मुद्रा को प्रदर्शित किया। श्री शाक्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी का कमल खिलेगा और समाजवादी पार्टी को इस बार करारी शिकस्त मिलेगी।

### ताजगंज थाने के बाहर बोतल फिंकाई, मारपीट

आगरा। पुराने विवाद में सुलह के लिए आए दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। बताया गया कि एक सप्ताह पहले मुगल पुलिया पर एक जिम संचालक का दूसरे पक्ष से विवाद हुआ था। एक पक्ष कुशवाह समाज का था और दूसरा राठौर समाज का था।

विवाद होने पर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए थे। मारपीट के बाद दोनों पक्षों ने थाना ताजगंज में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद रविवार दोपहर में थाने के अंदर दोनों पक्षों में सुलह के लिए पंचायत चल रही थी। दोनों पक्षों से लोग आए थे। कुछ लोग थाने के बाहर ही खड़े थे। वे एक-दूसरे पर कमेंट कर रहे थे। इससे बात बिगड़ गई। दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। बोतल और पत्थर फेंकने लगे। मारपीट और चीख पुकार देख वहां दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी।

## शमशाबाद में बुद्धिष्ट पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन



भास्कर ब्यूरो

शमशाबाद। नगरी आगरा के कस्बा शमशाबाद के मोहल्ला टोला स्थित अंबेडकर पार्क परिसर में बुद्धिष्ट पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। भारतीय जनता पार्टी आगरा के जिला कोषाध्यक्ष अवनीश कांत गुप्ता द्वारा इस पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पहली बार कस्बा शमशाबाद में बुद्धिस्ट पुस्तकालय के रूप में पहली लाइब्रेरी स्थापित की गई है। इस पुस्तकालय में हजारों की संख्या में किताबें रखी गई है। पुस्तकालय उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत अवनीश कांत गुप्ता का कस्बे की जनता द्वारा जगह-जगह फूल माला और साफा पहनाकर ढोल-नगाड़े बजाकर स्वागत सम्मान किया गया और मोहल्ला टोला स्थित अंबेडकर पार्क तक स्वागत का सिलसिला जारी रहा। अवनीश कांत गुप्ता के अंबेडकर पार्क परिसर में पहुंचते ही जनता ने पूरे जोश से जिंदाबाद के नारे लगाए। तत्पश्चात लाइब्रेरी का अवनीश गुप्ता ने फीता काटकर और भगवान बुध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। मौजूद लोगों के मुताबिक इस लाइब्रेरी के खुलने से विद्यार्थियों के अध्ययन में आ रही किताबों से संबंधित परेशानियों को दूर करने का एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम है। गरीब परिवार से आने वाले विद्यार्थी जो महंगी किताबें खरीदने में सक्षम नहीं हो पाते उन्हें इस लाइब्रेरी का सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा क्योंकि इस पुस्तकालय में विद्यार्थियों के विषयी अध्ययन के साथ-साथ देश के इतिहास, भूगोल, संविधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों को पढ़ने का भी एक अवसर प्राप्त हुआ है। अवनीश कांत गुप्ता ने दैनिक भास्कर को बताया कि यहां के लोगों ने इस पुस्तकालय में मेरे छोटे से सहयोग के लिए मुझे जो प्यार और सम्मान दिया है उसका में हमेशा आभारी रहूंगा। मैं आशा करता हूं कि इस पुस्तकालय के खुलने से सभी समाज, वर्ग का कोई भी व्यक्ति अथवा विद्यार्थी लाइब्रेरी में बैठकर किताबों को पढ़ सकता है और इस लाइब्रेरी को अच्छा और सुदृढ़ बनाने में हम सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

# दलित बेटी को जिंदा या मुर्दा बरामद करने की कमिश्नर से लगाई गुहार

## कार्रवाई नहीं होने पर कही मुस्लिम धर्म अपनाने की बात

भास्कर ब्यूरो,

भोजपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित की नाबालिग बेटी डेढ़ वर्ष पूर्व घर से कालेज जाने के लिए गई थी। बेटी के घर नही लौटने पर ग्रामीण ने थाना क्षेत्र के गांव बीजना निवासी युवक और उसके दोस्त समेत तीन के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

पुलिस की लाख कोशिशें करने के बाद भी किशोरी बरामद नहीं हुई। पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद जेल भेज कर अपना पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीण बेटी की बरामदगी को पुलिस,जिला प्रशासन एवं माननीय हाईकोर्ट की शरण में जाकर गुहार लगाते थक गया। डेढ़ वर्ष का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस किशोरी को ढूंढने में नाकाम रही। हार थक कर ग्रामीण ने 4 नवंबर को मंडलायुक्त ए के सिंह को पत्र देकर बेटी को जिंदा या मुर्दा बरामद करने की गुहार लगाई। ग्रामीण की शिकायत पर कमिश्नर ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एक महीना बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण ने पुनः कमिश्नर ए के सिंह को पत्र देकर बेटी बरामद नही होने पर मुस्लिम धर्म अपनाने की बात कही है। थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल के मुताबिक किशोरी के अगवा होने की घटना डेढ़ वर्ष पुरानी है। ग्रामीण की रिपोर्ट पर केस दर्ज करने के बाद गहनता से जांच की पर छात्रा का कोई सुराग नहीं लगा।

पीड़ित ग्रामीण के बयानों के आधार पर नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली। वादी की संतुष्टि के लिए आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस लगातार अगवा किशोरी की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

# देश की तरक्की व उन्नति के लिए सभी को करना चाहिए मतों का प्रयोगः डीएम

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सिविल डिफेंस द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली सोमवार को कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद महानगर के विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुई।



रैली के दौरान मतदाताओं से मतदान के प्रति जागरूक होने जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने आदि संदेश दिए गए कहा गया कि मतदान हमारा अधिकार है लिहाजा लिहाजा अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि की जो युवा एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष के होने जा रहे हैं, वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में गलत छपे हुए हैं उन्हें भी वह सही करा सकते हैं या जो लोग अपना स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर चले गए हैं वह भी अपने वर्तमान पते पर मतदाता सूची में अपना नाम अंकित कराएं।

डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा देश की तरक्की व उन्नति के लिए सभी को अपने अपने मतों का प्रयोग करना चाहिए।

# नाले में मिली टेलर मास्टर की लाश, फैली सनसनी

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। नगर के शाहबाद रोड पर एक लाश नाले में पड़ी मिली है जिसकी पहचान राजवीर सिंह के रूप में उसकी पत्नी ने की है। लाश मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

बताते चलें कि हरोरा मोड़ पर बनी एक पुलिया के नीचे बने नाले में राजवीर

- पत्नी ने जताई हत्या की आशंका,
- परिवार में चल रहा है संपत्ति विवाद

सिंह का शव पड़ा है यह खबर एक व्यक्ति ने राजवीर सिंह की पत्नी सुनीता को दी जिसके उपरांत रोती बिलखती सुनीता लाश के पास पहुंची और फिर वहां भीड़ लग गई सूचना पाते ही मौके पर निरीक्षक अपराध राजेश यादव उप निरीक्षक राम नरेश यादव व कस्बा इंचार्ज अमित कुमार इत्यादि पुलिस बल मौके पर पहुंच गए घटना की जानकारी देते हुए मृतक राजवीर सिंह की पत्नी सुनीता ने बताया कि उनकी उम्र 40 वर्ष थी और वह मजदूरी पर कपड़े सीने का काम करते थे कहा कि हमारे पास 7 बच्चियां हैं बताया कि दोनों पति पत्नी रविवार लगभग एक बजे मिलक से 5600 रूपये का एक कटरा खरीद कर लाए थे कटरा स्वामी वा मृतक राजवीर साथ रह गए व पत्नी सुनीता लगभग दो बजे तक वापस ग्राम हरोरा में अपने घर पहुच गयी। बताया कि पति देर रात जब घर नहीं पहुंचे तो पत्नी सुनीता ने उन्हें जगह जगह ढूंढा पर वह नहीं मिले और सुबह उनकी लाश नाले में पाई गई।

मृतक की पत्नी सुनीता का कहना है मेरे पति की हत्या हुई है बताया कि हत्या का कारण पारिवारिक संपत्ति का विवाद है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है मौके पर आई फॉरेंसिक टीम फील्ड यूनिट के प्रभारी ने भो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है।

# अनारक्षित हुई बिलारी पालिका अध्यक्ष की सीट बदलेगी सियासी बिसात

भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। लंबे समय से चुनाव लड़ने वाले वा चुनाव से संबंधित खबरो का संज्ञान लेने वाले लोग जगह जगह निकाय चुनाव से संबंधित आरक्षण की सूची का इंतजार कर रहे थे।

चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव से संबंधित आरक्षण की यह सूची सोमवार देर शाम घोषित कर दी है इस सूची के आने के बाद जगह जगह सियासी बिसात बदल गई है बिलारी नगर की बात की




जाए तो यहां की सीट अनारक्षित होने के बाद दिग्गजों के नाम चुनाव मैदान में आते सुनाई पड़ रहे हैं लोग कयास लगा रहे हैं कि अब साहू सुनील सहाय, देवेश शर्मा,केके गुप्ता के अलावा और भी कई लोग चुनावी मैदान में अपनी बाजी आजमा सकते हैं। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही चुनाव लड़ने का मन बनाए हुए हैं। अब देखना यह है कि भाजपा किस प्रत्याशी पर बिलारी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद पर दांव खेलेगी।

बताते चलें कि बिलारी में सपा बसपा व भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा होनी बाकी है। आरक्षण खुलने के बाद अब इनके प्रत्याशियों की घोषणा जल्द होगी।

# मरीज की तीमारदार से आंख लगा बैठे डॉक्टर

## डॉ. रविंद्र कुमार पर एक महीना पूर्व में महिला ने मारे थे चप्पल, छेड़छाड़ का था मामला

- सीएमओ की सिफारिश का पत्र मरीज के मुंह पर मारने के मामले ने पकड़ा तूल, सीएमओ ने भी छोड़ा अपना दामन,

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अस्पताल का एमरजेंसी वार्ड चर्चाओ में रहता ही था अब जिला अस्पताल की ओपीडी का कमरा नम्बर 9 पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में छाया हुआ है।

### क्या होता हैं इलाज 9 नम्बर में

जिला अस्पताल की ओपीडी के कमरा नम्बर 9 में सर्जन को उन मरीजो के चेकअप के लिए बैठाया जाता हैं। जिनको कोई गम्भीर बीमारी है और ऑपरेशन से उसे ठीक किया जा सकता हैं। पिछले दिनों इसी कमरा नम्बर 9 में अपना इलाज कराने आई थाना मझोला के लाइन पार निवासी महिला मरीज के साथ उसके साथ मरीज की रिश्तेदार महिला तीमारदार भी जिला अस्पताल की ओपीडी में आई थी। जहां डॉक्टर मरीज के साथ आई महिला तीमारदार से अपनी आँख लड़ा बैठे। इतना ही नहीं डॉक्टर साहब की मेहरबानी इस हद तक हुई मरीज का सफ़ल ऑपरेशन करने के बाद उन्हें सैर सपाटा भी कराया गया। चर्चा यह भी गर्म होने लगी डॉक्टर साहब जमकर शॉपिंग करा रहे हैं। अफवाह यह भी गर्म रही जिस होटल में डॉक्टर साहब ने अपना निवास बनाया हुआ है। महिला को उस होटल में डॉक्टर साहब के साथ कार में आते जाते देखा जा सकता हैं।

दूसरी महिला से नैन लगाना पड़ा भारी डॉक्टर साहब के इस अय्याशी के खेल का उस समय पर्दाफाश हो गया जब डॉक्टर साहब ने उसी मरीज के साथ दवा लेने आई एक अन्य महिला तीमारदार को भी अपने रुतबे व पैसों के बल पर फ़ासना चाह। महिला तीमारदार डॉक्टर साहब की नीयत को समझ गई और पैरों से चप्पल निकालकर डॉक्टर साहब पर हाथ उठा लिया।

किसी तरह डॉक्टर जिला अस्पताल की ओपीडी से भाग खड़े हुए और लंबी छुट्टी पर घर चले गए।



डॉ रविंद्र कुमार जनरल सर्जन



इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है और ना ही मैंने इस संबंध में कोई कार्यवाही की है,

सीएमओ, डॉ एमसी गर्ग

### महिला मरीज के मुंह पर मारा सीएमओ की सिफारिश का लेटर

डॉक्टर साहब का तीमारदार से इश्क लड़ाए जाने का मामला शांत भी नहीं हुआ था डॉक्टर साहब ने फिर एक और हिमाकत जिला अस्पताल के कमरा नम्बर 9 में कर डाली जिसमें एक महिला मरीज सीएमओ का सिफारिश का लेटर मरीज के मुंह पर मारते हुए सात हजार रुपए रिश्वत की खुलेआम इलाज के नाम पर मांग कर डाली यह मामला भी यही शांत हो जाता लेकिन बदकिस्मती से उसी दिन प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद एक जनसभा में आए हुए थे और महिला मरीज का पति डॉक्टर की इस हरकत के बाद शिकायत करने जनसभा में ही पहुच गया लेकिन उसे सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया लेकिन उसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पहुचा दी गई थी।

### जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसी किसी भी जानकारी से किया साफ इंकार

जिला अस्पताल के ओपीडी के कमरा नम्बर 9 को लेकर पिछले दिनों से अबतक जो कुछ भी हुआ उसकी किसी भी घटना से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने साफ इंकार करते हुए कहा हमे अभी इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई हैं और न ही ऐसी किसी घटना की कोई जानकारी उनके पास है। स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमओ डॉ एम सी गर्ग की आदत में शुमार है। वह अपने डॉक्टरों की किसी तरह की कोई कार्यवाही या जांच इस तरह के मामलों में नही करना चाहते। सीएमओ की लापरवाही का आलम यह है कि पिछले दिनों डिलारी स्वास्थ्य केंद्र पर एक एएनएम को लेकर स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी का नाम जोड़ा गया था। इतना ही नहीं एएनएम के साथ अन्य एएनएम भी अधिकारी के खिलाफ खड़ी हो गई थी लेकिन इस एएनएम मामले में भी सीएमओ ने किसी तरह की कोई कार्यवाही न करते हुए यह कहते हुए अपना दामन बचा लिया था। यह विभागीय मामला है।

# सर्दी आते ही नगर में चोरियों का सिलसिला शुरू

भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला से मिर्च मसाले से भरी रिक्शा डनलप चोरी कर ले गए अज्ञात चोर तो कोतवाली से महज चंद कदमो की दूरी से कई व्यापारियों की दुकानों छत से केबिल व ए सी के पाइप चोरी कर लिए गए हैं। व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस से घटना की शिकायत की है।

बीती रात नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला निवासी आरिफ पुत्र मोहम्मद इमरान नगर में मिर्च मसालों की फेरी कर रोज़ की तरह अपने घर वापस आया था। मिर्च मसालों से लदी अपनी रिक्शा को उसने घर के बाहर ही पिन्नी आदि से लपेटकर और बांधकर खड़ा कर दिया था। इसी बीच रात में किसी समय अज्ञात



चोर उसकी माल से भरी रिक्शा को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया है कि रिक्शा में लगभग 25 हज़ार रुपये का माल था। उधर नगर के बुध बाज़ार में कोतवाली से महज चंद कदमो की दूरी पर बीती रात अज्ञात चोर माया मार्केट स्थित तुषार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, व मनीष तथा कई अन्य दुकानदारों की छत पर चढ़कर वँहा से ए सी केबल, ए सी सौर ऊर्जा के केबिल तथा ए सी के कोपर पाइप आदि सामान को चोरी कर ले गए।

पीड़ित दुकानदारों ने कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह से मिलकर घटना की शिकायत की है। इस दौरान अनेक दुकानदार मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### भोजपुर धर्मपुर में चेयरमैन का पद अनारक्षित

भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। सोमवार को अध्यक्ष पद का आरक्षण घोषित होने के साथ ही संभावित प्रत्याशियों ने डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। प्रत्याशी शामियाने लगाकर मतदाताओं की आवभगत करने में जुट गए हैं। सोमवार को अध्यक्ष का पद अनारक्षित घोषित होने के साथ ही नगर पंचायत में चुनावी सरगर्मियां बढ़ गईं हैं। यूं तो नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्डों के सभासदों के चुनावों में किसी भी राजनीतिक पार्टी का कोई दखल नहीं रहता,चुनाव जातियों के आधार पर होता है। पर इस बार अधिकतर प्रत्याशी भाजपा का चुनाव चिह्न हासिल करने के लिए भाजपा नेताओं के घरों के चक्क र लगा रहे हैं।नगर में सर्वाधिक 9हजार शेखजादे जाति के मतदाता हैं। दूसरे नंबर पर 6हजार अंसारी एवं तीसरे नंबर पर 4हजार कुरैशी जाति के मतदाता हैं। एक हजार हिन्दू एवं 6हजार सैफी, अल्वी,धुनें,नाई,अब्बासी,दर्जी,काजी आदि छोटी जातियों से ताल्लुक रखते हैं। सिंबल किसी भी पार्टी का हो पर अधिकतर मतदाताओं का रूझान अपनी जाति के उम्मीदवार को जिताने का रहता है। इस बार चुनाव में शेखजादा जाति से मोईनुद्दीन, शफी अहमद उर्फ बाबू,नदीम चौधरी, नबी जान उर्फ भूरा, अंसारी जाति से परवेज अख्तर अंसारी,नदीम अंसारी,जफर अंसारी, इरशाद अंसारी एवं कुरैशी जाति से हसन कुरैशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 25हजार 407 मतदाता उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

### पुताई करते हुए ऊँचाई से गिरकर मजदूर की मौत

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। चिकित्सक के घर की पुताई करते हुए ऊँचाई से गिरकर मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। मजदूर की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। सोमवार की दोपहर नगर के वार्ड नं 21 मातावाली मन्दिर रोड पर स्थित डॉ कनवाल के घर पर पुताई का काम चल रहा था। पड़ोस का ही रहने वाला मजदूर उस्मान पुत्र मोहम्मद उमर मंसूरी एक सीढ़ी लगाकर दीवार पर पुट्टी कर रहा था अचानक उस्मान ऊपर से नीचे सड़क पर आ गिरा। इस दौरान वह नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जंहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उस्मान की मौत से उसकी पत्नी सायबा, व तीन बेटियों आलिया मन्नत, व आयत सहित सभी परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।



### मोबाइल छीनने वाले दो युवकों को किया पुलिस के हवाले

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। मोबाइल देख रहे मासूम बच्चे के हाथ से मोबाइल छीन कर भाग रहे दो युवकों को बच्चे के परिजनों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असलेम पुर निवासी प्रदीप कुमार का 3 वर्षीय पुत्र सुधांशु अपने घर मे मोबाइल से खेल रहा था। इसी दौरान नगर के मोहल्ला मातावाली के रहने वाले दो युवक वंही पास में लगे नल पर पानी पीने के बहाने गए और मौका देखकर बच्चे के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगे। बच्चे के रोने पर उसके परिजनों ने दोनो युवकों को दौड़ कर पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर डाली। बाद में डायल 112 को फोन कर दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले को दर्ज नही किया जा सका था।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

भास्कर ब्यूरो, ब्लॉक कुंदरकी/ थाना कुंदरकी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश में थाना कुंदरकी महिला सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना अंतर्गत थाना क्षेत्र अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं को भूमि पावर लाइन संख्या एक हजार नवें यू .पी . महिला हेल्पलाइन संख्या एक सो इंकशी साइबर हेल्पलाइन 1930 यू सी ओ पी एप्स से प्राप्त होने वाली सुविधा के बारे में जागरूक किया।



### मामूली बात पर छात्रों में मारपीट, चले लात घूंसे

भास्कर ब्यूरो, कुंदरकी। मैनाठेर थाना क्षेत्र के डी डी यू हॉस्टल में मामूली सी बात को लेकर छात्रों में चले लात घूंसे निकली बेल्ट सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने पहुंचे सीओ बिलारी नगर पंचायत महमदपुर माफी के ईसागढ़ तिराहा पर डी डी यू जी के यू सेंटर नाम से एक संस्था चल रही है जिसमें आसपास के गांव से लेकर दूसरे जिलों के छात्र छात्राएं इस सेंटर में पढ़ाई कर रहे हैं इस सेंटर में छात्र छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है जिसमें यहां पर छात्र-छात्राएं रुक कर पढ़ाई करते हैं छात्रों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसमें देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में गाली-गलौच होते हुए लात घूंसे चलने लगे और देखते ही देखते दोनों पक्ष के छात्रों में बेल्ट चलने लगी सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया लेकिन कुछ छात्र कार्यवाही करने को आगे आ गए जहां पुलिस ने नदीम, सुहेल,जावेद,तीन छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें हॉस्टल पहुंची सीओ बिलारी सलोनी अग्रवाल ने हॉस्टल सेंटर पहुंचकर छात्रों से झगड़े की पूछताछ की जहां छात्रों ने सीओ बिलारी के सामने गलती का पछतावा किया।



### अज्ञात महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मौके पर पँहुची कोतवाली पुलिस ने शव को पी एम को भिजवा दिया है। सोमवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा में नागनाथ मंदिर के निकट रास्ते पर एक प्लास्टिक के बोर में महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पंहुचकर उक्त बोरा खोलकर शव का बारीकी से निरीक्षण किया और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार मृतक महिला की उम्र लगभग 24 साल है और उसने काले रंग की पजामी पहन रखी थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात शव को पी एम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# हरदोई निवासी युवक की बस की चपेट में आने से मौत, मचा कोहराम



भास्कर ब्यूरो,

पाकबड़ा। थाना पाकबड़ा के ठीक सामने बस की चपेट में आए एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है।

जिला हरदोई के मुथला चौक थाना शाहबाद निवासी 25 वर्षीय युवक अर्जुन थाना पाकबड़ा के इलाके खास पाकबड़ा बाजार स्थित अजीम के रेडीमेड सिलाई की फैक्ट्री में टेलर के साथ अन्य काम करता था। कल शाम साढ़े पांच बजे वह फैक्ट्री से पैदल ही नंदन स्वीट्स व थाना पाकबड़ा के सामने सड़क पार कर रहा था। अचानक तेज रफ्तार में आती बस ने उसे रौंद डाला। मौके पर जुटी पुलिस व भीड़ की मदद से घायल अर्जुन को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसके सभी चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही फैक्ट्री मालिक अजीम के साथ अन्य लोग जिला अस्पताल पहुच गए थे और सुबह परिवार वाले भी जिला अस्पताल की मोर्चरी पर जमा हो चुके थे। मृतक अर्जुन के मामा विशाल ने बताया भाई बहनों में अर्जुन ही सबसे बड़ा था।

आठ माह पूर्व ही उसके पिता की मौत हो चुकी हैं। दो बहनों परिभा की शादी हो चुकी हैं और सरिता अभी पढ़ाई कर रही हैं। दो भाई अरुण व अनुज भी पढ़ाई कर रहे हैं। पूरे घर की जिम्मेदारी अर्जुन ही पूरी किया करता था। अर्जुन की मौत से परिवार में बुरी तरह कोहराम मच गया है।

# नगर पालिका परिषद चुनाव को लेकर कोतवाली परिसर में बैठक आयोजित

भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। नगर पालिका परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए कोतवाली पुलिस ने सभी संभावित प्रत्याशियों तथा नगर के अन्य गण मान्य लोगों की बैठक का आयोजन कर सभी से चुनाव में शांति बनाए रखने की अपील की है। सोमवार को नगर पालिका परिषद चुनाव की सुगबुगाहट तेज़ होते ही कोतवाली पुलिस ने एक बैठक का आयोजन कर पालिका चुनाव में शामिल सभी लोगों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान बैठक को संबोधित करते व्यापार मंडल संरक्षक हाजी मुख्तार सैफी ने कहा कि कोतवाली पुलिस चुनावो को लेकर किये जाने वाले मुचलकों पर विशेष ध्यान दे और नगर के सभ्रांत लोगों को मुचलका पाबंद न करे। उन्होंने कहा कि शस्त्र लाइसेंस जमा न कराए जाएं और खासतौर पर व्यापारियों व सर्राफा व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस तो बिल्कुल भी जमा न कराए जाएं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष और कांग्रेस नेता संजीव सिंघल ने कहा कि ठाकुरद्वारा नगर आपसी भाईचारे की मिसाल है और हमेशा ही प्रशासन को नगर के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है। सभासद नदीम सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि चुनावी माहौल में कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं जो कोतवाली पुलिस को भ्रामक खबरे देते हैं और बे वजह की अफवाहें फैलाते हैं पुलिस ऐसे तत्वों से सावधान रहे और स्वम् मामले को गम्भीरता से लेकर कठोर कदम उठाए। बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार अंकित गिरी व कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी छोटी बड़ी घटना को प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

इस मौके पर भाजपा नेता गौरव चौहान, अनुराग सिंघल, शिवेंद्र गुप्ता, शाहनवाज़ खान,अतीक सिद्दीकी, सत्य प्रकाश गुप्ता, साहिल खान इरफान अंसारी, हाजी वली मोहम्मद, आदि अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन हास्य कवि शरीफ भारती द्वारा किया गया।



विद्युत विभाग की हठधर्मिता के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा ग्राम हरगांव चांदन में चलाया जा रहा अनिशितकालीन धरना सोमवार को 14वें दिन भी जारी रहा। ग्राम हरगांव चांदन में बिजली विभाग के खिलाफ चल रहे धरने पर बिजनौर के जिला प्रभारी ने पहुंचकर धरने की समीक्षा कर समस्या का समाधान न होने तक लडाई लड़ने का ऐलान किया।

# चेयरपर्सन फ़हमीदा ख़ातून ने दी चांदपुर नगरवासियों को शानदार पार्क की सौग़ात

## सहयोग के लिए चांदपुरवासियों का रहेंगे दिल से शुक्रगुज़ारः अरशद अंसारी



भास्कर ब्यूरो,

चाँदपुर। नगर पालिका परिषद चांदपुर की चेयरपर्सन फ़हमीदा ख़ातून ने चांदपुर नगर वासियों की परेशानी और उनकी सेहत को अच्छा बनाने के लिए नगर वासियों को एक शानदार पार्क की सौग़ात दी है। चेयरपर्सन फ़हमीदा ख़ातून ने फ़ीता काटकर पार्क का शुभारंभ कर पार्क नगर वासियों को सौंपा। पार्क में जहां बच्चों के खेलने कूदने व बड़ों के लिए टहलने जिम समान, फूल हरियाली का माकूल इंतजाम किया गया है। नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन पुत्र अरशद अंसारी ने कहां कि उन्होंने 5 सालों में शहर को चमकाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है, सड़कें नालियां,साफ़ सफ़ाई, बिजली, पानी आदि को प्राथमिकता के साथ किया है। उन्होंने कहा कि उनका मकसद शहर को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा है अरशद अंसारी ने कहा कि पिछले 5 सालो में बिना किसी जाति भेद भाव के साथ चाँदपुर नगर पालिका परिषद का विकास किया गया है आगे भी मौका मिलने पर चांदपुर क्षेत्रवासियों को शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा।

# उच्चाधिकारियों के नहीं काटने होगें चक्कर थाने पर ही मिलेगा न्यायः राजीव चौधरी

भास्कर ब्यूरो,

स्योहारा। प्रभारी निरीक्षक थाना स्योहारा राजीव चौधरी ने एक वार्ता में कहा कि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए पीड़ितों को त्वरित न्याय थाना पर ही दिलाया जाएगा तथा अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा थाना स्तर पर ही पीड़ितों की हर सम्भव मदद की जाएगी।



राजीव चौधरी का कहना है कि समय रहते पीड़ितों को न्याय मिलेगा तो जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास उत्पन्न होगा। उन्होंने कहा मेरे थाना क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना ना घटे इसको लेकर मेरा पूरा प्रयास रहेगा तथा पूरा पुलिस बल 24 घंटे जनता की सेवा में समर्पित रहेगा, तथा शासन की मंशानुरूप कार्य करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी प्रथम प्राथमिकता शामिल है। राजीव चौधरी ने सख्त लहजे में कहा गुण्डे, मवाली भू माफिया, असामाजिक तत्व अपना रास्ता बदल लें अन्यथा उनकी असली जगह जेल की सलाखें होंगी। गौरतलब है कि यहां से पूर्व राजीव चौधरी थाना नजीबाबाद में एसएसआई थे, वह अपनी शानदार पुलिसिंग एवं सशक्तता के लिए जाने जाते थे। उनकी बेदाग़ छवी कुशल नेतृत्व क्षमता व शालीन स्वभाव तथा न्यायप्रिय कार्येशेली से प्रभावित होकर जनता उनका बहुत आदर में सम्मान करती है, और वह जनता के दिलों पर राज भी करने लगे हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी का कहा है उनके कार्य क्षेत्र में किसी भी तरह के काले काम करने वालो की ख़ैर नहीं। अपराध और अपराधियों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर उन्हें उनके असल ठिकाने यानी सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## सार सुर्खियां

### एसपी ग्रामीण धर्म सिंह ने किया थाना मैस का निरीक्षण

अफ़ज़लगढ़। धर्म सिंह मार्छाल,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा थाना अफ़ज़लगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की साफ-सफाई, शस्त्रागार, मेस, महिला हेल्प डेस्क व कार्यालय इत्यादि को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए व पैदल गस्त जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने अफ़ज़लगढ़ थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र का माहौल पूरी तरह अपराध मुक्त बनाये रखने के लिए हर व्यापक कदम उठाएं। साथ ही असमाजिक व क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाये।



### सरकारी तालाब में मिला फ़ैक्ट्री मजदूर का शव

किरतपुर। नगर के नगीना रोड स्थित टॉफ़ी फ़ैक्ट्री से अपनी ड्यूटी कर घर वापस लौट रहे मज़दूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिला। मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार राकेश 45 वर्ष पुत्र छुटवा निवासी ग्राम पाडला नगर के नगीना रोड स्थित चिड़ियापुर टॉफ़ी फ़ैक्ट्री मे मज़दूरी करता था। जो अपनी ड्यूटी पर कर अपने घर वापस जा रहा था घर न पहुचने पर परिजनों ने तलाश की पर कोई अता पता नही लग पाया था। सुबह लगभग 8 बजे राकेश का शव ग्राम पाडला के पास सरकारी तालाब में पड़ा मिला। शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया तथा ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने राकेश के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राकेश अपने पीछे अपने परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया।

### चीनी से भरा ट्रक अनियन्त्रित होकर पलटा, कई घायल

किरतपुर। चीनी के कट्टों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। ट्रक की चपेट में एक कार व एक बाइक आ गई जिसमें कार चालक व बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार चालक व बाइक चालक को तुरंत जिला अस्पताल भेजा तथा हाईवे पर लगे लंबे जाम को हटवाया। बिजनौर से किरतपुर की ओर आ रहा चीनी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया जिसकी चपेट में एक ऑल्टो कार व बाइक आ गई। जिससे कार चालक व बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचे उप निरीक्षक रामबीर सिंह ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया तथा अपनी टीम के साथ हाईवे पर लगे लंबे जाम को खुलवाया। इस संबंध में उप निरीक्षक रामवीर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना में कार चालक व बाइक चालक को चोट आई है।

### भारतीय किसान यूनियन का धरना 14वें दिन भी जारी



भास्कर ब्यूरो, बिजनौर/नगीना। विद्युत विभाग की हठधर्मिता के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा ग्राम हरगांव चांदन में चलाया जा रहा अनिशितकालीन धरना सोमवार को 14वें दिन भी जारी रहा। ग्राम हरगांव चांदन में बिजली विभाग के खिलाफ चल रहे धरने पर बिजनौर के जिला प्रभारी ने पहुंचकर धरने की समीक्षा कर समस्या का समाधान न होने तक लडाई लडने का ऐलान किया। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चैधरी बलजीत सिंह के नेतृत्व में 14 वे दिन भी धरना जारी रहा।अनिश्चितकालीन धरने के दौरान उन्होंने बताया कि ग्राम हरगांव चांदन में विद्युत विभाग द्वारा एक लाख 32 हजार केवी का बिजली टावर किसान मूलचंद के खेत पर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान मूलचंद ने घर बनाने का हवाला देते हुए इसका विरोध किया है। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। बिजनौर के जिला प्रभारी विजय कुमार शास्त्री ने पीडित किसान के परिवार से मिलकर उनकी समस्या की जानकारी ली और कहा कि किसान का शोषण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब किसान अपने खेत पर घर बना रहा है। तो बिजली विभाग अपने विद्युत खंभे अन्य स्थान पर लगा ले। उन्होंने कहा कि जब किसान को न्याय नहीं मिलेगा। उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडी रहेगी। धरने पर चैधरी बलजीत सिंह, राम भजन सिंह, राहुल चैधरी, सोनू चैधरी, अमित कुमार, मलखान सिंह, बाबू राम सिंह ,मान पाल सिंह, डॉक्टर देवेंद्र, सिंह मंगू सिंह, विजय सिंह, मनीष सिंह, राजवीर सिंह, राजेश सिंह, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### कार बाईक की टक्कर में तीन घायल

अफ़ज़लगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव जि`ीवाला के समीप कार व बाईक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। गांव जिक्रीवाला निवासी इलियास बाइक सवार अपने बाइक से शमशीदा तथा तमीजन के साथ अफजलगढ़ की ओर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक गांव जि`ीवाला के समीप हाईवे किनारे पर पहुंचे तो सामने से आ रही कार से आमने-सामने की भिड़ंत हो जाने के कारण मोहम्मद इलियास,शमशीदा तथा तमीजन तीनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये घायलों को पुलिस की मदद से 108 एम्बुलेंस सेवा द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़ी, बड़ा हादसा टला



भास्कर ब्यूरो,

किरतपुर। एक कार अनियंत्रित होकर हाईवे पर बने डिवाइडर पर जाकर चढ़ गई। मौके पर इकट्ठा हुए लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार को डिवाइडर से उतारा। कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित पाए गए।

नौशाद 34 वर्ष पुत्र निसार निवासी कोटद्वार अपने परिवार के साथ कोटद्वार से बिजनौर दवाई लेने गया था। बिजनौर से दवाई लेकर वापस कोटद्वारे जाते समय किरतपुर हाईवे पर स्थित मोहल्ला हसनपुरा के सामने दूसरे वाहन की तेज लाइट पड़ने से दिखाई न देने के कारण कार डिवाइडर पर चढ़ गई। मौके पर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार चालक व उसमें सवार कार चालक की माता पत्नी और 4 बच्चों को सकुशल बाहर निकाला। घटनास्थल पर पहुंची कस्बा इंचार्ज मुकेश राजपूत ने स्थानीय लोगों की मदद से कार को डिवाइडर से उतर वाया तथा हाईवे पर लगे लंबे जाम को भी खुलवाया।

# जिप्सी ट्रेक्टर ट्रॉली की टक्कर में चालक की मौत

भास्कर ब्यूरो,

हल्दौर। सड़क पर जा रही एक जिप्सी कार अचानक खाली ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई जिससे जिप्सी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हल्दौर क्षेत्रांतर्गत नूरपुर बिजनौर रोड पर ग्राम धनोरी के पास एक जिप्सी खाली ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। जिससे जिप्सी के चालक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई तो उसकी पहचान ज़हूर हैदर पुत्र सैयद हुसैन निवासी ग्राम बेलानी थाना नौगांवा सादात अमरोहा के रूप में हुई। जो भूमि संरक्षण विभाग बिजनौर में जेई के पद पर नियुक्त थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के उपरान्त पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्राम प्रधान ने जिंदा व्यक्ति को दिखाया मृतक, हड़पी बीमा धनराशि

## ग्रामीण की मौत की जांच करने पहुंची टीम, तब हुआ खुलासा

भास्कर ब्यूरो,

संभल। कहते हैं जिस घर में मौत हो जाए उस घर को डायन भी छोड़ देती है, लेकिन एक शातिर ग्राम प्रधान ने जिंदा व्यक्ति को मृतक दर्शा कर उसके नाम से बीमे की धनराशि हड़प ली। खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण की मौत की जांच करने के लिए एक टीम गांव में पहुंची। यह शातिर लुटेरा कोई और नहीं, बल्कि संभल विकासखंड की ग्राम पंचायत का ग्राम प्रधान है।

बता दें कि जनपद में शातिर ठग ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। गांव-गांव मिनी बैंक जन सेवा केंद्र के माध्यम से बैंक संचालकों की मिलीभगत के चलते प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही कई बीमा योजनाओं के तहत जिंदा लोगों को मृत्य दर्शा कर उनके नाम से बीमा धनराशि हड़पी जा रही है। बता दें कि कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव बसला की मढ़ैया हाल निवासी हल्लू सराय निवासी सतपाल के घर जांच टीम पहुंची। पूछताछ करने पर पता चला की सतपाल को मृतक दर्शा कर उनके नाम से बीमा धनराशि निकाली गई है। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ सत्यपाल ने बताया कि संभल विकास खंड के गांव भटोला के ग्राम प्रधान शोभित शर्मा ने उसे मृत दर्शा कर फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। जांच टीम उसके घर पहुंची तो साजिश सामने आई उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद नखासा थाने में शोभित शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

⊙ पुलिस जांच में हो सकते हैं कई बड़े खुलासे

**पुलिस जांच में हो सकते हैं कई बड़े खुलासे**

जिंदा व्यक्ति को मृतक दर्शा कर बीमा धनराशि हड़पने का कोई पहला मामला नहीं है अगर पुलिस हर पहलू पर इसकी जांच करें तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आ सकते हैं इस प्रकार के ठग पहले भी कई लोगों को मृतक दर्शा कर ठगी कर चुके हैं अगर पुलिस इसकी गहनता से जांच पड़ताल करेगी तब इसकी परत दर परत खुलती चली जाएंगी और एक बड़े गैंग का पर्दाफाश भी हो सकता है।

नखासा थाना प्रभारी राजेश कुमार सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर शोभित शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आख़िर लोगों की ज़िन्दगी से क्यों खिलवाड़ कर रहा है स्वास्थ्य विभाग

## कितने और लोगों को मौत की नींद सुलायेंगे ये फ़र्ज़ी झोलाछाप

भास्कर ब्यूरो,

बिजनौर/स्योहारा। जनपद बिजनौर का स्वास्थ्य विभाग इतना ज़ालिम क्यों हो गया जो वह लोगों की मौत का सौदा करने से भी नहीं चूक रहा। स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते झोलाछाप भोली-भाली जनता की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही हैं। यह कोई नई बात नहीं है कि किसी झोलाछाप ने किसी मरीज की जान ली हो बल्कि जनपद बिजनौर में यह एक आम बात हो गई है और जब कहीं कोई मौत हो जाती है जनपद बिजनौर का स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप की दुकान को सीज़ करके कोढ़ में खाज वाली कहावत को चरितार्थ करता है। उसके बाद विभाग फिर कुंभकरण की नींद सो जाता है। लगातार कोई ना कोई मौत स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते झोलाछाप द्वारा कर दी जाती है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंगती, सूत्र बताते है कि स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टरों से अपना फ़िक्स पैकिंग कर लेता है। जिसकी वसूली स्वास्थ्य विभाग में तैनात व्यक्ति नवंबर माह से शुरू कर देते हैं और लगभग मार्च तक जनपद बिजनौर के सभी झोलाछाप डॉक्टरों को वसूली करके अपना सर्टिफिकेट दे देते हैं कि आप एक डिग्री होल्डर डॉक्टर बन चुके हैं और आपका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।




स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्र में भी दर्जनों ऐसे फर्जी अस्पताल संचालित हो रहे हैं जहां मरीजों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। फर्जी झोलाछापों ने अपने अस्पतालों के बाहर बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर लगाए हुए हैं जिससे गांव की भोली-भाली जनता इन झोलाछापों के जाल में फंस जाती है और अपनी जान देकर गांव की जनता को उसकी कीमत चुकानी पड़ती है।

कई झोलाछाप तो अपने नाम के आगे महिला रोग विशेषज्ञ और पुरुष रोग विशेषज्ञ लिखने से भी नहीं चूकते जबकि उनकी शैक्षणिक योग्यता केवल मैट्रिक पास होती है। आखिर जनपद बिजनौर का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार पर उतारू क्यों है, स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार के जाल से कब निकलेगा, स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के चलते कब तक लोग अपनी जिंदगी झोलाछापों के हाथों गवाते रहेंगे।

# 12 दिसंबर तक जनपद में धारा144 लागू : मजिस्ट्रेट विनय कुमार

भास्कर ब्यूरो,

बिजनौर। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) विनय कुमार सिंह ने बताया गया कि जनपद में विभिन्न प्रकार की परीक्षायें एवं आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत विश्वस्त सूत्रों से संज्ञानित है कि जनपद में तेजी से चल रही राजनैतिक गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में कुछ अवांछनीय तथा असमाजिक तत्व सक्रिय होकर जनपद की लोक प्रशांति एवं साम्प्रदायिक सौर्हाद को प्रभावित कर सकते है।

इसके आधार पर मेरा समाधान हों गया है कि जनपद बिजनौर में लोक प्रशांति बनाये रखने के लिए अविलम्ब निषेधाज्ञा लागू किया जाना आवश्यक हो गया है।

⊙ प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले के विरूद्व होगी कार्यवाही

उन्होंने बताया कि उपरोक्त के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से आगामी 12दिसम्बर ,2022 तक दण्ड प्र्ि या की धारा-144 के अधीन निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

उक्त आदेश के किसी भी प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले के विरूद्व धारा-188 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# तेज़ रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

भास्कर ब्यूरो,

चांदपुर। बिराल के निकट नहर के पुल के पास बाइक को ओवरटेक कर तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार कर युवक को मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर कार्य वाई शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार शेरकोट थाना के ग्राम वाजिदपुर निवासी शोभित 22 वर्ष पुत्र रामकुमार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर में अपनी बहन के घर आया था। शोभित बाइक से बहन के घर से वापस गांव जाने के लिए निकला था। जब युवक बाइक से नूरपुर मार्ग स्थित ग्राम बिराल के निकट नहर के पुल के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज़ रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक कर बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से युवक बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। तथा घटनास्थल पर राहगीरो की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्याऊ स्थित सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की सूचना युवक के परिजनों को दी।

पुलिस ने घटना में शामिल ट्रक एवं बाइक को कब्जे में ले लिया और कानूनी कार्यवाई शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी की पहल पर सोत नदी का जनपद में हो रहा है पुनरुद्धार

## जनपद में फिर से कलकल करते हुए बहेगी सोत नदी

भास्कर ब्यूरो,

संभल। जिलाधिकारी मनीष बंसल की पहल पर जनपद में फिर से जीवनदायिनी सोत नदी कलकल करते हुए बहेगी। जिलाधिकारी सोत नदी को पुनर्जीवन प्रदान करने में महती भूमिका निभा रहे हैं।

⊙ किसानों को होगा भरपूर लाभ, भूमि का बढ़ेगा जलस्तर





जिलाधिकारी ने सोत नदी को लेकर 21 नवंबर 2022 को सभागार में बैठक लेते हुए नदी के पुनरुद्धार के कार्य को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए थे तथा 1 दिसंबर 2022 को विकासखंड बहजोई के ग्राम पंचायत खेतापुर में जीवनदायिनी के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण भी किया तथा कार्य की गति से करने के निर्देश दिए थे। जनपद की 5 ब्लॉक (गुन्नौर, संभल पवांसा, बनियाखेड़ा, तथा बहजोई) डार्क जोन में है तथा डार्क जोन में होने के कारण इन ब्लॉक क्षेत्र की भूमि का जल स्तर बहुत नीचे है। ऐसे में सोत नदी के पुनरुद्धार से सोत नदी के क्षेत्र में आने वाली भूमि का जल स्तर बढ़ेगा। इससे किसानों को भरपूर लाभ होगा वह अच्छे से खेती कर सकेंगे।

डीसी मनरेगा बलवंत सिंह ने सोत नदी को पुनर्जीवन प्रदान करने के संबंध में क्या योजनाएं बनाई जा रही हैं, किन क्षेत्रों से नदी होकर गुजरती है तथा कितने मानव दिवस सृजित होंगे तथा कितनी लागत पुनर्जीवन प्रदान करने में आएगी और कितने श्रमिक वर्तमान में कार्य कर रहे हैं उसके विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सोत नदी जनपद के 5 विकासखंड असमोली ,संभल, पवासा, बहजोई, बनियाखेड़ा, से होकर गुजरती है तथा इसमें असमोली के 09 गांव,संभल के 11 गांव पवांसा के 18 गांव तथा बनियाखेड़ा के 9 गांवों एवं बहजोई के 4 गांव शामिल हैं। नदी को पुनरुद्धार प्रदान करने में विकासखंड असमोली में 35.4 5 लाख की लागत आएगी। इसमें कुल 16475 मानव दिवस बनेंगे संभल में 33.43 लाख की लागत आएगी तथा 15476 मानव दिवस बनेंगे। जबकि पवांसा में 51.43 लाख की लागत आएगी, 23582 मानव दिवस बनेंगे, बनियाखेड़ा में 30.18 लाख की लागत व 14170 मानव दिवस बनेंगे और बहजोई में 14.76 लाख की लागत तथा 6578 मानव दिवस बनेंगे।

इस प्रकार सोत नदी के पुनरुद्धार पर कुल धनराशि 165.25 लाख खर्च होगी। 76281 मानव दिवस बनेंगे। इससे जनपद के मनरेगा श्रमिकों को रोज़गार के अवसर बढेंगे। सोत नदी के पुनरुद्धार से जिस क्षेत्र से नदी गुजरेगी उस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के साधन उपलब्ध होंगे। जिससे किसानों की आय में बढोत्तरी होगी एवं भूमि का जलस्तर भी बढेगा और जनपद की सूरत में भी बदलाव होगा।

# कस्बे की पशुपीठ बनी हुई है दुधारू पशुओं का नरक

■ व्यापारी कर रहे भयंकर क्रूर व्यवहार, पीठ में बैठे अधिकारियों की आंखों पर पड़ जाता है पर्दा



भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। जिले अंतर्गत थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के कस्बा में हिण्डन नदी पशु बाजार में पशुओं को खरीद फरोख्त कर पशुओं को ट्रांसपोर्ट के जरिये वाहनों में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। स्थिति यह है कि कमजोर व दुधारू पशुओं को कस्बे के निकट ही स्थित ग्राम हरोड़ा में लगी ए एल एम मिट फैक्ट्री में पशुओं व उनके बच्चो को बंद बॉडी वाले वाहनों में ठूसकर कटान के लिए भेजा जाता है। बेहिसाब असंख्य संख्या में भरने के कारण अनेक पशु व बच्चे बुरी तरह से चुटहिल भी हो रहे हैं और दम घुटने के कारण तड़फ तड़फ कर मर जाते है। पुलिस प्रशासन की नजर सामने रहते भी उन क्रूर व्यापारियों पर नहीं पड़ रही है। हालांकि पुलिस की पेट्रोलिंग नियमित तौर पर पशु पीठ में होती है पर पशुओं पर हो रहे दर्दनाक अत्याचारों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। पिकप, ट्रैक लोरी और ट्राला आदि गाड़ियों में भी बड़े पशुओं को क्रूरता पूर्वक लादा जा रहा है। पशु पीठ में कोई अधिकारी व निरीक्षक मौके पर मौजूद अपनी ड्यूटी पर नजर नही आये।रविवार को थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के कस्बे में लगने वाली पशुओं की पीठ में दुधारू व कमजोर पशुओं का क्रय विक्रय कर व्यापारी पशुओं को एक जगह से दूसरे स्थानों पर वाहनों से लादकर ले जाने के लिए व पशुओं के रखरखाव व देखभाल के लिए भी सरकारी स्तर पर नियम बनाये गए है। परंतु अधिक व्यापारिक लाभ कमाने के लिए कुछ पशु व्यापारी नियमों को ताक पर रखकर पशुओं के साथ भयंकर क्रूर व्यवहार कर रहे हैं पशुओं को ट्रक लोरी में लादने के लिए पशुओं के साथ जबरदस्ती बलपूर्वक उनके गुप्तांगों में कटीली लकड़ी डाली जाती है और कान व पूँछ से उठाकर वाहनों में पटका जा रहा है। इस दर्दनाक प्रक्रिया से पशुओं को बंद बॉडी के वाहनों में लादकर यातायात का कार्य किया जाता है। इतना ही नही भैंस व बकरी के बच्चों को एक के ऊपर एक लादकर असंख्य संख्या में वाहनों में ठूंस कर यातायात का कार्य किया जा रहा है। एक पिकप वाहन पर एक नही दो नही आठ से दस भैंस लादी जाती है, वहीं डीसीएम पर दर्जन भर से अधिक जानवरों को बांधकर लादा जाता है। ढुलाई के दौरान सबसे बुरी हालत पशुओं के बच्चों की होती है जो पैरों के नीचे दबने से अक्सर चुटहिल होते रहते हैं। कई तो रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। दूध देने वाले जानवरों का दूध भी एक दिन से अधिक चढ़ा दिए जाने से पशुओ के प्रति क्रूरता के मामले सामने आते हैं। एक बाजार से दूसरे बाजार तक ले जाने के दौरान पशुओं के खाने पीने का इंतजाम भी नहीं किया जाता है। खास बात है कि नियमों को ताक पर रखकर पशुओं की ढुलाई के बाद भी प्रशासनिक अमले के द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मामले में अधिकारियों से पूछने पर जानकारी मिली कि नियम विरुद्ध तरीके से पशुओं की लदान करने की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी पशुओं के लिए भी निर्धारित नियम व्यवस्था लागू की गई है जिसके अनुसार पशुओं के लिए वाहनों में पर्याप्त स्थान होना चाहिए तथा गाड़ी की दीवारों से टकराकर चुटहिल होने से बचाने के लिए पुआल अथवा बोरी आदि लगाए जाने चाहिए। यही नहीं पशुओं के लिए चारे और पीने के पानी की भी व्यवस्था उनके ढुलाई के दौरान किया जाना चाहिए। सूत्रों के अनुसार उक्त नियमों का उल्लंघन करते मिलने पर जुमार्ने के साथ ही सजा का भी प्रावधान है।

# उपचुनाव में भाजपा की प्रतिष्ठा लगी दांव पर



भास्कर ब्यूरो

मुजफ्फरनगर खतौली। उपचुनाव के लिए सोंवार को तीन लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत ने किया अपने मत का प्रयोग। एक तरफ चुनाव में जहां भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर है वहीं गठबंधन भी अपनी सियासी जमीन की तलाश में जीत की जुगत में है। मतदान के बीच केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि चुनाव हम जीत रहे हैं। खतौली विधान सभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में 171 मतदान कें द्रों के 369 बूथों पर सोमवार को मतदान जारी है। यहां भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं गठबंधन से रालोद प्रत्याशी मदन भैया भाजपा को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने इस बीच बड़ा बयान देते हुए कहा है कि चुनाव का माहौल इशारा कर रहा है कि चुनाव हम ही जीत रहे हैं। बता दे कि खतौली उप चुनाव के लिए सभी बूथों पर मतदान सुचारू रूप से चल रहा है। यहां 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी और गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के बीच है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि चुनाव का माहौल इशारा कर रहा है कि चुनाव हम जीत रहे हैं। विपक्ष शराब व पैसा बांटता पकड़ा गया। शराब,धन और बाहुबल की राजनीति नहीं चलेगी, जिन्हें पैसा दिया गया उनकी अब जांच होगी। बता दें कि क्षेत्र में विधायक चुनने के लिए तीन लाख 12 हजार मतदाता आज मतदान करेंगे। विधानसभा के आम चुनाव में यहां भाजपा के विक्रम सैनी दूसरी बार विधायक चुने गए थे। 2017 में भी विक्रम सैनी विधायक चुने गए थे। कवाल में हुए बवाल में विक्रम सैनी को सजा सुनाए जाने के बाद रिक्त हुई सीट खतौली पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी को प्रत्याशी बनाया है। रालोद ने खेकड़ा से पूर्व विधायक रहे मदन भैया को प्रत्याशी बनाया है।

# खान एकेडमी इंडिया ने स्वाति वासुदेवन को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया



नई दिल्ली। निःशुल्क, विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने वाले ऑनलाइन शिक्षा के एक गैर-लाभकारी प्लेटफॉर्म, खान एकेडमी इंडिया ने स्वाति वासुदेवन को भारत में अपना राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया है। रणनीति और संगठनात्मक परिवर्तन में दो दशकों से अधिक अनुभव के साथ, वे भारत में परिचालन की देख-रेख करेंगी और भारत में खान एकेडमी के विकास को गति प्रदान करने का उत्तरदायित्व उनके कंधों पर होगा। स्वाति को गैर-लाभकारी और लाभकारी दोनों क्षेत्रों में नेतृत्व का 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। स्वाति ने गेट्स फाउंडेशन इंडिया कंट्री ऑफिस में सी.ओ.ओ. के तौर पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं और एक संस्थापक सी.ई.ओ. के तौर पर एक स्नातक स्तर की शैक्षणिक संस्था, इंडियन स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी की सह-स्थापना की है और उसका प्रबंधन किया है। उन्होंने एडटेक और हेल्थ-टेक के क्षेत्र में स्टार्टअप्स को सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किया है। स्वाति ने एक फील्ड इंजीनियर के रूप में अपना करियर शुरू किया, श्रमबर्ग के साथ तेल के कुँओं पर काम किया और सुदूर पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और अमेरिका में कई देशों में 10 वर्षों तक काम किया। उन्होंने मैकिन्सी, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और स्लीप नंबर के लिए काम किया है। वे आई. आई. टी. दिल्ली से शिक्षित एक इंजीनियर हैं और शिकागो बूथ से एम.बी.ए. की पढ़ाई की है। खान एकेडमी ने 2017 में लगभग 6,000 मासिक उपयोगकर्ताओं के साथ भारत में अपना परिचालन शुरू किया और अब 2022 में 10,00,000 से अधिक मासिक उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान करती है। उपयोग में वृद्धि के साथ, खान एकेडमी भारत में अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षण-सामग्री को सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हर छात्र अपनी पसंदीदा भाषा में सीख सके।

# प्लैटिनम डेज ऑफ लव द्वारा प्लैटिनम लव बैंड्स की शानदार रेंज प्रस्तुत किया गया



नोएडा, भास्कर ब्यूरो। ऐसा प्यार दुर्लभ है, जो हर दिन एक-दूसरे के लिए लाखों चीजें करने के लिए प्रतिबद्ध हो। जोड़ों के रूप में #COMMITTOLOVE, वे सभी छोटे और बड़े पलों के माध्यम से एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त, सलाहकार और भागीदार होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमेशा दुर्लभ प्यार में ताकत ढूंढते हैं, जो वे साझा करते हैं। चाहे अपने पार्टनर के लिए चीयर करना हो, उनके पसंदीदा कलाकार को सुनना हो; एक साथ सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना करना हो या सभी नासमझ पलों के माध्यम से एक-दूसरे पर हंसना, प्यार की ये छोटी-छोटी हरकतें एक रिश्ते का आधार बनती हैं। और एक प्यार इतना दुर्लभ है कि एक अनमोल धातु के साथ मनाया जाना चाहिए जो दुर्लभ और कीमती हो और वो है प्लैटिनम। 95% शुद्ध प्लैटिनम में तैयार किया गया, प्लैटिनम लव बैंड दुर्लभ प्यार का आदर्श मार्कर है। खगोलीय उत्पत्ति वाली यह धातु, प्लैटिनम समय की कसौटी पर अपने मूल आकार और चमक को बरकरार रखता है। शानदार सफेद धातु सम्मान, समानता और दोस्ती जैसे गुणों द्वारा परिभाषित एक आधुनिक और प्रगतिशील मूल्य प्रणाली का भी प्रतीक है। साथ ही, प्लैटिनम को लव मेटल के रूप में जाना जाता है, जो जोड़ों के बीच दुर्लभ प्रेम को परिभाषित करता है, जो जोड़ों के रिश्ते की यात्रा में भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सोने की तुलना में 30 गुना दुर्लभ और प्रकृति में बेहद मजबूत, प्लैटिनम अपने अंतर्निहित घनत्व और ताकत के साथ, रत्नों पर एक अत्यंत सुरक्षित पकड़ भी प्रदान करता है, जो जोड़ो द्वारा दशार्यी गई सुरक्षित साझेदारी के समान है। धातु के ये आंतरिक मूल्य प्लैटिनम लव बैंड्स को असाधारण प्यार के लिए एक उपयुक्त निशान बनाते हैं। इस सीजन में पीजीआई-इंडिया द्वारा प्लैटिनम डेज ऑफ लव उत्कृष्ट रूप से तैयार किए गए प्लैटिनम लव बैंड्स का एक सम्पूर्ण संग्रह प्रदान करता है।

# लोकसभा उपचुनाव में पुलिस प्रशासन की गुंडई



मैनपुरी/कुरावली। लोकसभा उपचुनाव में मतदान के बीच और मतदान की पूर्व संध्या पर प्रशासन द्वारा सपा के नेताओं को नजरबंद करने खेल रविवार को ही शुरू हो गया था, जो मतदान के दिन भी जारी रहा, प्रशासन ने कुरावली के पूर्व ब्लॉक प्रमुख को रविवार की शाम उठा लिया गया। जिन्हें प्रशासन ने नजरबंद कर दिया। इसके अलावा मतदान के दिन घिरोर के पूर्व चेयरमैन को भी उठाकर थाने में बिठा दिया। वहीं सपा ने प्रशासन पर मतदाताओं से मारपीट करने का भी आरोप लगाया। सपा नेता देवेंद्र सिंह यादव ने इसकी लिखित शिकायत चुनाव आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी से की है। कुरावली के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और सपा नेता सतीश यादव को पुलिस ने रविवार की देर शांय उनके प्रतिष्ठान से उठाकर थाने में बिठा दिया। जब उनके समर्थको का दबाव बढ़ा तब उन्हें तहसील के एक कमरे में ले जाकर बिठा दिया, वहां पर समर्थको का दबाव बढ़ता देख अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया गया, उसके बाद सपा नेता को तहसील से ले जाकर कहीं पर नजरबंद कर दिया। इसके अलावा मतदान के दिन सोमवार को घिरोर के पूर्व चेयरमैन अनिल गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घिरोर के प्राथमिक विद्यालय बूथ संख्या 461 के पास से पूर्व चेयरमैन को पुलिस ने उठाया और थाने ले आई। सूचना पर सपा समर्थक थाने पहुंच गए और हंगामा कर दिया। पुलिस का कहना था कि पूर्व चेयरमैन सपा के बस्ते के पास बैठे थे। इसलिए उन्हें वहां से हटाया गया। सपा समर्थकों के हंगामे के बाद पुलिस ने पूर्व चेयरमैन को छोड़ दिया।

**सपा नेता पर शांतिभंग की कार्रवाई**

सपा नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख सतीश यादव व उनके समर्थक प्रधान प्रतिनिधि बरौलिया अमित यादव उर्फ झांपा पुत्र दलेल सिंह निवासी ग्राम बरौलिया, कौशलेंद्र पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम नगला जुला, लेखराज पुत्र शालिग्राम असलम पुत्र जुम्मन निवासीगण ग्राम मधकरपुर को गिरफ्तार करके पुलिस ने तहसील परिसर में भेज दिया, इसके बाद देर शाम तक सपा कार्यकर्ता पकड़े गए कार्यकताओं को छुड़ाने का प्रयास करते रहे। रात्रि लगभग 10 बजे प्रशासन द्वारा पांचों सपा कार्यकताओं के विरुद्ध शांति भंग के आरोप में कार्रवाई कर दी। जिसके बाद कार्यकताओं को तहसील ले जाकर नजरबंद कर दिया।

**मतदाताओं को भगा देने का आरोप**

सपा के निर्वाचन अभिकर्ता (एजेंट) देवेंद्र सिंह यादव ने चुनाव आयोग को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें आरोप लगाया कि सूरजपुर के बूथ संख्या 257 और 258 पर मतदाताओं को मारपीट कर भगा दिया गया है। बूथ संख्या 284 कल्यानपुर से पिंटू प्रधान और नगला जुला से दीपू चैहान को पुलिस पकड़कर ले गई। यह भी आरोप लगाया कि मैनपुरी में भाजपा के अन्नू चैहान, अमित गुप्ता और धीरू राठौर बूथों पर जाकर मतदाताओं को धमका रहे हैं।

# डॉ. जमाल ए खान से विदेशों से भी कैंसर का इलाज कराने के लिए आ रहे हैं मरीज



भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। डॉक्टर जमाल ए खान MBBS, MD स्पेशलिट इम्यूनोथैरेपिस्ट ने बताया कि मुझे बड़ी खुशी होती है जब कैंसर का मरीज ठीक होकर मेरे पास से जाता है। ऐसे ही एक पेशेंट से हमने बात की जिनका नाम सतपाल है और वो हरियाणा के रहने वाले हैं और ये जीबीएम ग्रेड 4 कैंसर की बीमारी से पीड़ित था सतपाल ने बताया कि मैंने कई जगह खुद को दिखाया और कहीं भी मेरा इलाज नहीं हो पाया। जिसकी वजह से मैं निराश रहता था। फिर मैं डॉक्टर जमाल ए खान से मिला और उन्होंने मेरा इलाज किया। आज मैं बिल्कुल ठीक हूँ और आम जिंदगी जी रहा हूँ और घर के सारे काम खुद कर लेता हूँ। ऐसे ही एक पेशेंट मंगला पांडे ने बताया कि मैने खुद को कई जगह दिखाया और मेरे लाखो रुपए बर्बाद हो गए। मैं Ca tonge कैंसर से पीड़ित था। मुझे ऐसा लगने लगा था जैसे मौत मेरे सामने खड़ी है। मौत को हराकर मैं आया और ये सब डॉक्टर जमाल ए खान की वजह से हुआ। ऐसे ही कैंसर से पीड़ित बांग्लादेश से कई देशों में भटकने के बाद इंडिया में आए पेशैंट डॉक्टर जमाल ए खान से मिले मामून परवेज। उन्होने कहा मैं बहुत दुखी हो चुका था और मैने जीने की आस छोड़ दी थी अब मै बिल्कुल ठीक हूँ। ऐसे ही ममता कुमारी करनाल हरियाणा से Ca oral cavity कैंसर से पीड़ित ने बताया की मैंने डॉक्टर जमाल ए खान को danvax clinic में दिखाया और आज मैं बिल्कुल ठीक हो गई हूँ। आज डॉ जमाल ए खान ने अपने डेनवैक्स क्लिनिक पर सभी को संबोधित किया।

# ध्यान फाउंडेशन द्वारा पशुओं के लिए इका किये गये चारे को पशु माफियाओं ने जलाया

भास्कर ब्यूरो

गोरखपुर। सर्दी के इस कठिन समय में जब देश भर में पशु चारे की कमी है, तब ध्यान फाउंडेशन गोरखपुर के स्वयंसेवकों ने तस्करों और अवैध कत्लखानों से बचाए गए गौवंश को खिलाने के लिए करीब 2000 टन पुआल इकट्ठा करके नरहान (गोला बाजार), हरिहरपुर और गजेगदा की अपनी गौशालाओं में संग्रह किया था।

गोवंश की रक्षा और संरक्षण में संलग्न ध्यान फाउंडेशन के अथक प्रयासों ने पशु तस्करी के अवैध धंधे को करारा झटका दिया है, जिस वजह से फाउंडेशन के खिलाफ पशु माफिया शत्रु बन बैठा है ।

कुछ पशु माफिया ने आकर पूरे चारे के स्टॉक को आग लगा दी। न तो गौशाला के कर्मचारी और न ही फायर ब्रिगेड आग पर काबू पा सके।6 पिल्ले जिंदा जल गए। 40-45 लाख रुपये से अधिक कीमत का चारा जलकर राख हो गया। पेट भरने के लिए इस पर निर्भर रहने वाले भूखे गोवंश के लिए यह बहुत बड़ी क्षति है।

हमारे लगातार बढ़ते हुए गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था करना हमारे लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। हम अधिकारियों से अनुरोध करते हैं कि वह इस मामले की जाँच करें और अपराधियों को पकड़ें। हम सरकार के साथ-साथ देशवासियों से भी इस आपदा से निपटने में हमारी मदद करने का अनुरोध करते हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने श्री खाटू श्याम दिल्ली के गोवर्धन धाम का अनावरण किया



भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। खाटू श्याम दिल्ली धाम भारत की राजधानी दिल्ली में धर्म और संस्कृति का जीवंत प्रतीक बनता जा रहा है, लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते है, धाम में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने गोवर्धन धाम का अनावरण अपनी धर्म पत्नी सविता कोविन्द के साथ किया, अनावरण के बाद धाम के संपूर्ण दर्शन घनश्याम गुप्ता कावेरी अध्यक्ष और मधु गोपाल गोयल द्वारा महामहिम को करवाये गए, महामहिम का स्वागत संस्था के सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया, महामहिम ने अपने अभिवादन में अपने शब्दों में धाम की महिमा मण्डल करते हुए कहा कि खाटू श्याम दिल्ली धाम बनेगा दुनिया का आठवाँ अजूबा और श्री जय नारायण अग्रवाल द्वारा गोवर्धन धाम को बनवाने में सहयोग के लिए महामहिम ने बहुत सराहना कीऔर अपने वक्तव्य में धाम से जुड़े सभी साधु संतों का सम्मान किया।

# सरकार के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग !

मैनपुरी/सैफई। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा उपचुनाव में चुनाव आयोग और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग सो रहा है, कुछ नहीं देख रहा जो सरकार कहती है करते जा रहे हैं। वह सैफई में वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के साथ प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश ने कहा कि चुनाव को मॉनिटर आयोग करता है लेकिन इस चुनाव को सरकार मॉनिटर कर रही है। पुलिस और जिला प्रशासन गड़बड़ी कर रहा है, उनके ही बूथ की ईवीएम खराब है, ऐसे ही कई ईवीएम खराब हैं, जिस तरह का काम आयोग कर रहा है ऐसे तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अखिलेश ने कहा कि जो भी अधिकारी वोटर को वोट डालने से रोक रहे हैं ऐसे लोगों पर चुनाव आयोग कार्रवाई करे।

# नगर पंचायत नानौता में सामूहिक विवाह कराये गए



भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर /नगर पंचायत नानौता द्वारा प्रदेश सरकार की सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नगर कि पांच लडकियों की शादी कराई गई, जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा नेता डी सी डी एफ चेयमैन कर्षणं कुमार पुंडीर व जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह मौजूद रहे, कार्यक्रम के अनुसार लड़का लड़की के दोनों परिजनों की उपस्तिती में सरकार की और से 35 हजार रुपए का चेक व दस हजार रुपए का सामान भी दिया गया व भोजन के लिए 6 हजार रुपए प्रदेश सरकार की और से वितरण किये गए, शादी के बंधन में तीन जोड़े मुस्लिम समाज से दो जोड़े हिन्दू समाज से शादी के बंधन में जोड़े गए, इस अवसर पर नगर पंचायत अधिकारी ने प्रदेश सरकार की योजनाओ से भी अगवत कराया, उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्रदेश में योगी सरकार सर्व समाज के लिए कार्य कर रही है, बड़ी तादाद में लोग योजनाओ का लाभ उठा रहे है, बिना किसी भेदभाव के सरकार प्रदेश में कार्य कर रही है, प्रदेश सरकार की तमाम योजनाओ को जनजन तक पहुचाया जा रहा है, जिस से लाभर्थियो को योजना का लाभ मिल सके, इस दौरान स्भ्सा्द पति राहुल,सभासद राजू, प्रदीप कुमार सहीत समस्त नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले को लेकर जिले भर के पत्रकारों में रोष

■ एसएसपी विपिन ताड़ा से मिला उपजा प्रतिनिधि मंडल

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। महानगर के थाना सदर बाजार इलाके के फतेहपुर जट में दबंगो द्वारा पत्रकार मनीष कुमार पर हुए जनलेवा हमले की उपजा के पदाधिकारियों ने कड़ी निंदा की है। जिलाध्यक्ष रोशन लाल सैनी के साथ बड़ी संख्या पत्रकारों ने एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा से मिलकर न सिर्फ दंबगो के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है बल्कि पीड़ित पत्रकार को सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है। सहारनपुर एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने उपजा के पदाधिकारियों को बताया कि पत्रकार पर हमले के आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच सीओ द्वितीय कर रहे हैं। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक एसआरई न्यूज के एडिटर मनीष कुमार अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से शादी समारोह से लोट रहे थे रास्ते में पड़ने वाले फतेहपुर जट्ट में उनकी मोटर साइकिल के सामने एक व्यक्ति की मोटर साइकिल आ गई उसके पश्चात अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पत्रकार मनीष कुमार व उनके साथी के साथ गाली गलौच करते हुए जाति सूचक शब्दों पर भद्दी टिपनी की गई और पास ही मौजूद दुकानों से कई लोग धार धार हतियार लेकर पत्रकार व उनके साथी पर हमला कर दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने पत्रकार मनीष कुमार व उनके साथी को ज़िला हॉस्पिटल में मेडिकल करवाया इस दौरान जिला महामंत्री शिवमणि त्यागी, कोषाध्यक्ष अनिल कटारिया, महानगर अध्यक्ष रामकुमार पुंडीर, प्रचार मंत्री अंकुर सैनी, कासिफ खान,शहजाद बबलू,अबरार अहमद, पारस नॉटियाल, सुबोध कुमार, सन्नी समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से जला लाखों का सामान



**कुरावली/मैनपुरी, भास्कर ब्यूरो।** नगर के मोहल्ला कौआटोला के एक मकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई जिससे कमरे में रखा लगभग 7 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौका मुआयना किया गया। नगर के मोहल्ला कौआटोला निवासी प्रेम चंद्र शास्त्री पुत्र बाबूराम का पुत्र चंदन कुमार यूट्यूबर है। चंदन कुमार ने मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे में स्टूडियो बना रखा था। बीते रविवार की देर शाम अचानक शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई, जब तक कोई कुछ समझ पाता आग की लपटें आसमान छूने लगी। मौके पर दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर आग पर मिट्टी व पानी डालकर किसी तरह काबू पाया। आग में जल्दी से स्टूडियो सहित तीन कंप्यूटर रिकॉर्डिंग मशीन माइक कैमरे ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम तथा स्टूडियो का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौका मुआयना किया गया।

# पहले अपने मत का उपयोग बारात ले जाने से पहले दूल्हे ने डाला वोट



**भास्कर ब्यूरो**

खतौली। जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव की महत्ता को देखते हुए नागरिक बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए अपने पोलिंग बूथ पर पहुंच रहे हैं। लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व में भाग लेते हुए निकाह करने जा रहे दूल्हे ने बारात लेकर जाने से पहले अपना वोट डालना राष्ट्रीय कर्तव्य माना, जिसके चलते दूल्हे राजा ने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान किया और फिर बारात लेकर दुल्हन लाने को रवाना हो गया। दरअसल जनपद मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा सीट के निर्वाचित मौजूदा बीजेपी विधायक विक्रम सैनी को जब वर्ष 2013 में हुए दंगे के मामले में दोषी पाते हुए अदालत की ओर से 2 साल की सजा सुनाई गई तो उनकी विधायकी रद्द हो जाने की वजह से खतौली विधानसभा सीट पर राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से आज मतदान कराया जा रहा है। उपचुनाव में उतरे भारतीय जनता पार्टी और रालोद सपा आसपास गठबंधन के उम्मीदवारों द्वारा किए गए प्रचार के बाद जब आज मतदान का काम शुरू हुआ तो मतदाता अपने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचते हुए मतदान कर रहे हैं। उपचुनाव के दिन कस्बे में रहने वाले जियाउद्दीन कासमी का निकाह होना था। जिसके चलते परिवार में जहां निकाह की तैयारियां चल रही थी, वही दूल्हे मियां भी बारात लेकर दुल्हन लाने को तैयार हो रहे थे। लेकिन इसी दौरान उन्हें याद आया कि आज मतदान भी करना है, लिहाजा निकाह बाद में और मतदान पहले यह बात जेहन में रखकर दूल्हे राजा सीधे अपने पोलिंग बूथ पर पहुंच गए और विधिवत तौर पर लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।जियाउद्दीन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने बारात ले जाने से पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सरकार बनाने में अहम जिम्मेदारी निभाने का काम किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जाति-धर्म को देखते हुए वोट नहीं डाला बल्कि आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए वोट का प्रयोग किया है। जियाउद्दीन कासमी ने अवगत कराया की सभी साथियों को उन्होंने पहले ही अवगत करा दिया था कि वह वोट डालकर ही बारात में जाएंगे। चुनाव में वोट डालते हुए कहा कि पहले लोकतंत्र है और शादी भी आज ही है तो कोई बात नहीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को ध्यान में रखते हुए पहले मतदान किया और शादी अब करेंगे।




# खुशखबरी : हापुड़ चुंगी से करहैड़ा रोटरी तक जीडीए बनाएगा यूटर्न

■ राजनगर एक्सटेंशन में मिलेगा जाम के झाम से राहत



भास्कर ब्यूरो

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन के निवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है, अब उन्हें प्रतिदिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए जीडीए ने रणनीति तैयारी कर ली है। जीडीए हापुड़ चुंगी से करहैड़ा रोटरी तक बने 10 काटो को बंद कर दिल्ली की तर्ज पर यूटर्न बनाएगा। जीडीए प्रवक्ता के अनुसार हापुड़ चुंगी से लेकर राजनगर एक्सटेंशन तक का इलाका गाजियाबाद नगर निगम के अंतर्गत आता है। जीडीए ने राजनगर एक्सटेंशन से करहैड़ा रोटरी तक का भी इलाका नगर निगम को हैंडओवर कर दिया है। जीडीए ने यूटर्न का कार्य कराने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा था और उसमें लगने वाली लागत का खर्चा वहन करने का दावा भी किया था लेकिन निगम के निर्माण विभाग ने इस कार्य में कोई रुचि नही दिखाई तो जीडीए ने स्वयं यूटर्न के कार्य को अपने स्तर पर पूरा कराने का फैसला किया है।

### जल्द शुरू होगी परियोजना



राजनगर एक्सटेंशन में यूटर्न की परियोजना शुरू करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है और इस परियोजना को जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 3 करोड़ की लागत आने का अनुमान है। यूटर्न बनने से लोगों को राहत मिलेगी।

**राकेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, जीडीए**

## कलयुगी अध्यापक ने नाबालिग छात्रा को बनाया हवस का शिकार, गिरफ्तार




भास्कर ब्यूरो

गाजियाबाद। गुरु और शिष्य का रिश्ता पवित्र रिश्ता माना जाता है लेकिन एक कलयुगी अध्यापक ने अपनी नाबालिग शिष्य के साथ यौनाचार कर इस रिश्ते को तार-तार कर दिया है। इस सिलसिले में थाना नंदग्राम पुलिस ने सौरभ गुप्ता नामक अध्यापक को शिकायत मिलते ही गिरफ्तार कर लिया है। सौरभ गुप्ता पड़ोसी जनपद गौतमबुद्धनगर का निवासी है। पीड़ित परिजनों के मुताबिक आरोपी टीचर छात्रा को पिछले 2 साल से ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण कर रहा था और मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी देता था। दिल्ली में हुए श्रद्धा हत्याकांड में पुलिस कार्रवाई को देख छात्रा ने हिम्मत जुटा कर परिजनों को टीचर की करतूत के बारे में बताया। पुलिस अधीक्षक नगर प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि कक्षा 11वी की छात्रा अपने परिजनों के साथ थाना नंदग्राम पहुंची और अपने स्कूल के एक टीचर पर पिछले 2 साल से शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया और मात्र 24 घंटे के अंदर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जनप्रतिनिधियों की जन शिकायत पर एक्शन मोड में आए नगर आयुक्त, नोटिस जारी



**भास्कर ब्यूरो**

गाजियाबाद। जनप्रतिनिधियों की शिकायतों के समाधान को लेकर नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ गंभीरता से एक्शन ले रहे है। अगर कोई समस्याओं के समाधान में रोड़ा बना हुआ है तो उनके खिलाफ भी निगम प्रशासन लगातार एक्शन ले रहा है। वार्ड 53, 19 और 90 में मुंह फाड़े खड़ी समस्याओं के बारे में जैसे ही आज नगर आयुक्त के समक्ष तफ्सील से बताया गया तो मौके पर ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ताकीद करते हुए प्रश्नगत ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जारी कर दिए। इसी कड़ी में आज वार्ड संख्या 53 से पार्षद मनोज चौधरी, वार्ड संख्या 19 से पार्षद साक्षी नारंग व वार्ड संख्या 90 से पूर्व पार्षद आदिल मलिक आदि ने अपने यहां समस्याओं के बारे में अपनी शिकायत नगर आयुक्त के समक्ष पेश की। नगर आयुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए लंबित पड़ी इन तमाम समस्याओं को लेकर निर्माण विभाग व अन्य विभागों को निर्देश देते हुए साफ कर दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो शिकायतें दी जाए, उन पर तुरंत कार्यवाही हो। खास बात यह है कि कुछ कार्य निर्माण के ऐसे है, जिनके टेंडर छोड़ दिए गए है लेकिन संबंधित ठेकेदार फर्म ने अभी तक कोई कार्य शुरू ही नहीं किया है। इस सिलसिले में मैसर्स जय श्री बालाजी नामक फर्म के खिलाफ नोटिस जारी करने का निर्देश भी दिया गया है।

## दिव्यांपन को दूर करने के लिए 12वां राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुग्राम में आयोजित

■ विधायक सुधीर सिंगला व हरियाणा प्रांत सीएसआर ट्रस्ट उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने सामूहिक रूप से किया 12 वें दो दिवसीय राष्ट्रीय नेत्र बैंक सम्मेलन का शुभारंभ




गुरुग्राम। दो दिवसीय आई बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया, हैदराबाद और निरामया आई बैंक (आहुजा नेत्र एवं दन्त संस्थान, गुरुग्राम) द्वारा कॉर्निया एवं आई बैंकिंग पर 12वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन एमिटी यूनिवर्सिटी, मानेसर, गुरुग्राम में किया गया। गौरतलब है कि इस कांफ्रेंस में देशभर के नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑप्टोमेट्रिस्ट, आई बैंक मैनेजर, आई बैंक काउंसेलर, आई बैंक टैक्नीशियन, प्रशासक एवं नीति निमार्ता सभी सम्मिलित होते हैं। इस सम्मेलन का शुभारंभ सुधीर सिंगला विधायक गुरुग्राम और बोधराज सीकरी (उपाध्यक्ष, हरियाणा प्रांत सीएसआर ट्रस्ट) द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। उल्लेखनीय है कि ईबीएआई एक तीन दशक पुराना संगठन है जोकि कोर्नियल ब्लाइंडनेस को खत्म करने के लिए काम कर रहा है और निरामया आई बैंक ने दक्षिण हरियाणा में 17 वर्षों से इस फ्लैगशिप को कायम रखा है। इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि सुधीर सिंगला(गुरुग्राम विधायक), गेस्ट ऑफ ओनर बोधराज सीकरी उपाध्यक्ष, हरियाणा प्रांत सीएसआर ट्रस्ट व सीएमओ वीरेंद्र यादव, ईबीएआई के प्रेसिडेंट डॉ जे के एस परिहार, सेक्रेटरी डॉ नम्रता शर्मा भी शामिल रहे।

वीरेंद्र पंकज एवं नरेंद्र आहूजा ने निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट एवं निरामय आई बैंक के बारे में अपने विचार रखे। श्री सिंगला ने नेत्र दान पर बल दिया और जागरूकता अभियान की पुरजोर प्रार्थना की और कॉर्पोरेट से सहयोग की भी अपील की। वहाँ दूसरी और बोध राज सीकरी ने गीता जयंती के उपलक्ष्य में गीता के श्लोकों का उच्चारण कर माहौल गीतामय बना दिया। उन्होंने कहा कि धृतराष्ट्र अंधा था और दूसरी और संजय के पास दिव्य दृष्टि थी। दोनों आज की कांफ्रेंस से संबंध रखते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा किए हेल्थ केयर उद्योग पर प्रयासों का डेटा देकर बता दिया को सरकार इस विषय पर गंभीर है ' इस कॉन्फ्रेंस को 200 से भी ज्यादा डॉक्टर्स, 250-300 के लगभग डेलीगेट्स एवं 200 से भी ज्यादा फैसिलिटीज ने अटेंड किया।

## दिल्ली के शास्त्री नगर में अचानक गिरी चार मंजिला इमारत

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी में उत्तर दिल्ली के शास्त्री नगर में चार मंजिला इमारत गिरने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते चार मंजिला इमारत जमींदोज हो गई। उत्तर दिल्ली के शास्त्री नगर में चार मंजिला इमारत गिरी गई है। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें दिख रहा है कि चार मंजिला इमारत अचानक गिर गई। पुलिस की ओर से वीडियो की पुष्टि की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना सुबह-सुबह हुई, शास्त्री नगर में सोमवार सुबह एक चार मंजिला आवासीय इमारत सड़क पर गिर गई। इस बिल्डिंग के पास भी अन्य इमारतों हैं, हालांकि अगल-बगल की इमारतों को नुकसान नहीं हुआ। उत्तरी दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हमें घटना के बारे में सुबह करीब 8.45 बजे फोन आया कि एक इमारत ढह गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही हम घायल व्यक्तियों की तलाश के लिए पुलिस वाहनों के साथ पहुंचे।

## जनपद में नौ पुरुषों ने दिखाई समझदारी, नसबंदी अपनाकर परिवार नियोजन में की भागीदारी



भास्कर ब्यूरो

गाजियाबाद। 21 नवंबर से शुरू हुए पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान जनपद में अब तक नौ पुरुष समझदारी दिखा चुके हैं। इन्होंने परिवार नियोजन का स्थाई साधन अपनाते हुए स्वेच्छा से नसबंदी कराई है। सीएमओ डा. भवतोष शंखधर ने पखवाड़ा में अच्छा कार्य करने वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों (एमओआईसी) की पीठ थपथपाई है। उन्होंने बताया शासन स्तर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। 21 नवंबर को शुरू हुआ पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अब 11 दिसंबर तक चलेगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी चिकित्सा इकाइयों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक लोगों तक परिवार नियोजन के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी पहुंचातें हुए परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाने के लिए प्रेरित करें। सीएमओ डा. भवतोष शंखधर ने बताया- शासन स्तर पर पुरुष नसबंदी पखवाड़ा एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। अब पखवाड़ा का आयोजन 11 दिसंबर तक होगा। उन्होंने बताया पहले चरण में 21 से 27 नवंबर तक मोबेलाइजेशन और दूसरे चरण में 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक सेवा प्रदायगी सप्ताह मनाया गया। सेवा प्रदायगी सप्ताह का विस्तार करते हुए एक सप्ताह और बढ़ा दिया गया है। सभी चिकित्सा इकाइयों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि सेवा प्रदायगी चरण 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। विस्तारित चरण में सभी चिकित्सा इकाइयों पर परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही एमओआईसी को निर्देशित किया गया है कि इस दौरान परिवार पूरा कर चुके अधिक से अधिक दंपत्ति को परिवार नियोजन का स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित करें।

## सार सुर्खियां

### मेवाड़ के 41 विद्यार्थियों को नौकरी मिली




गाजियाबाद, भास्कर ब्यूरो। स्टॉक मार्केट में स्थापित अनलिस्टिड जोन कंपनी और आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी ने मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 41 विद्यार्थियों का नौकरी के लिए चयन किया है। अनलिस्टिड जोन स्टॉक मार्केट के क्षेत्र में अग्रणी मानी जाती है तो आईआईएफ कंपनी होम लोन, पर्सनल लोन, गोल्ड लोन, शेयर ट्रेडिंग के क्षेत्र में सक्रिय बताई जाती है। मेवाड़ के प्लेसमेंट हैड हर्षवर्द्धन शर्मा ने बताया कि कठिन साक्षत्कार के बाद 41 बच्चे नौकरी के लिए चुने गये। सभी बीकॉम और बीबीए के हैं। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने चुने गये विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि मेवाड़ की विद्यार्थियों को करियर बनाने की राह में जारी मुहिम रंग ला रही है। यह मुहिम भविष्य में भी जारी रहेगी।

### जबरन धर्मांतरण संविधान के विरुद्ध : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जबरन धर्मांतरण को एक बार फिर गंभीर मुद्दा करार देते हुए सोमवार को कहा कि यह संविधान के विरूद्ध है। न्यायालय वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिकाकर्ता ने न्यायालय से केंद्र और राज्यों को डरा-धमकाकर, धोखे से उपहार या मौद्रिक लाभ का लालच देकर किये जाने वाले कपटपूर्ण धर्मांतरण को रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। केंद्र ने अदालत से कहा कि वह ऐसे तरीकों से होने वाले धर्मांतरण पर राज्यों से सूचनाएं एकत्र कर रहा है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ के सामने सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने इस मुद्दे पर विस्तृत सूचना दाखिल करने के लिए समय मांगा। मेहता ने कहा, हम राज्यों से सूचनाएं जुटा रहे हैं। हमें एक सप्ताह का वक्त दे दीजिए। उन्होंने कहा कि वैधानिक रूप से शासन यह तय करेगा कि क्या कोई व्यक्ति अपनी धार्मिक मान्यता बदल जाने के कारण अपना धर्म बदल रहा है या किसी और कारण से। शीर्ष अदालत ने माना कि जबरन धर्मांतरण बहुत ही गंभीर मामला है। जब एक वकील ने इस अर्जी की विचारणीयता पर सवाल उठाया तो पीठ ने कहा, इतना तकनीकी मत बनिए। हम यहां हल ढूढने के लिए बैठे हैं। यह यहां सोद्देश्य बैठे हैं। हम चीजों को सही करने बैठे हैं। यदि किसी चैरिटी (परमार्थ संगठन) का उद्देश्य नेक है तो वह स्वागतयोग्य है लेकिन जिस बात की यहां जरूरत है वह नीयत है। पीठ ने कहा, इसे विरोधात्मक के रूप में मत लीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। आखिरकार यह हमारे संविधान के विरूद्ध है। जब कोई व्यक्ति भारत में रहता है तो उस हर व्यक्ति को भारत की संस्कृति के अनुसार से चलना होगा। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को करेगी। शीर्ष अदालत ने हाल में कहा था कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है और नागरिकों की धार्मिक आजादी का हनन कर सकता है। उसने केंद्र से इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए ईमानदार कोशिश करने को कहा था।

## दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेस वे का काम दो वर्ष में हो जाएगा पूरा

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेस वे का काम अगले दो वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। ठेकेदारों को काम तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्ष 2025 से पहले हाईवे पर वाहनों का बोझ कम हो जाएगा। जम्मू-पठानकोट के बीच रोजाना हाईवे पर दौड़ने वाले लगभग 32 हजार वाहनों में से लगभग 50 फीसदी वाहन दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे पर दौड़ना शुरू कर देंगे। एक्सप्रेसवे के लिए जम्मू-कश्मीर की हद में तेजी से काम शुरू हो गया है। कई किलोमीटर तक खेतों को सपाट कर दिया गया है तो वहीं जद में आ रहे ढांचों को भी गिराने के काम में तेजी आ गई है। नेशनल हाईवे प्राधिकरण की ओर से इस परियोजना में बाकायदा वे साइड एमिनिटी भी तैयार की जा रही हैं। कुल 60 मीटर चौड़े इस एक्सप्रेसवे में 10.5 मीटर का मीडियन (डिवाइडर) रहेगा। इसके अलावा 7.5 मीटर का कैरियजवे, तीन मीटर के पेव्ड शोल्डर, दो मीटर के अर्थन शोल्डर रहेंगे। इसके अलावा किनारों पर नाले का भी प्रावधान है, ताकि एक्सप्रेसवे पर पानी की निकासी हो सके। कीड़ियां गंडियाल इलाके में हालिया बने पुल के नजदीक एक ओर पुल के लिए भी सर्वे जारी है। बाकायदा निर्माण कंपनियों ने अपने निर्माण सामग्री के मिक्सर प्लांट भी स्थापित कर दिए हैं।

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप विजेताओं को सुंदरलाल सरपंच ने किया सम्मानित

■ खिलाड़ियों की करी जमकर हौसला अफजाई , बोले हर खेल स्पर्धा कुछ नया सिखाती है




भास्कर ब्यूरो

गुरुग्राम। यहां हुई 26वीं ओकिनावा नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 में विजेता खिलाड़ियों को सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष और सिकन्दर पुर बढ़ा गाँव के सरपंच सुंदर लाल यादव ने सम्मानित किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों का होंसला बढ़ाते हुए उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 20 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सरपंच सुंदर लाल, लक्ष्मण सरपंच नखड़ोला, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, दयाराम चेयरमैन, हरजस यादव सरपंच रामपुरा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हर खेल स्पर्धा खिलाड़ियों को कुछ नया सिखाती है। कोई खिलाड़ी अनुशासन सीखता है तो कोई खेल के नए गुर सीखता है। चाहे जीत हो या हार, खिलाड़ी दोनों परिस्थितियों में नया अनुभव लेता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में अनुशासन और खेल की भावना सबसे जरूरी होती है। जिस खिलाड़ी में यह दोनों बातें हों, वही खिलाड़ी भविष्य का श्रेष्ठ खिलाड़ी हो सकता है। सरपंच सुंदर लाल नेखिलाड़ियों ने आग्रह किया कि वे अपना भविष्य स्वर्णिम बनाने के लिए नशे से दूर रहें। किसी तरह के नशीले इंजेक्शन ना लें। एक बार अगर गलती हो गई तो वह भविष्य को खराब कर देती है। खुद से जो मेहनत हो सकती है वह करें। लक्ष्मण सरपंच नखड़ोला, विजयपाल सरपंच नाहरपुर, लखन सिंह सरपंच शिकोहपुर, दयाराम चेयरमैन, हरजस यादव सरपंच रामपुरा ने भी सभी खिलाड़ियों को यह प्रेरणा दी कि वे अगर खेलों में ही भविष्य बनाना चाहते हैं तो उनके आगे पूरी जमीन, पूरा आसमान है। अच्छा प्रशिक्षण लेकर खेलों में देश का नाम सभी खिलाड़ी रोशन करें। इस दौरान कटास, कुमिते के बेहतर प्रदर्शन के साथ हथियार प्रदर्शन और आत्मरक्षा की कला से रूबरू कराया। ओकिनावा मार्शल अकादमी के अध्यक्ष श्रीनिवासन की देखरेख में यह भव्य आयोजन हुआ। कराटे प्रशिक्षक आशीष यादव, दीपक यादव की ओर से यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन कराया। इस अवसर पर सीनियर कराटे कोच सुमित के. विरमन, अरविंद सागर भी मौजूद रहे।

## जजपा स्थापना दिवस पर ऐतिहासिक होगी जनसम्मान रैली: रिशीराज राणा

■ गुरुग्राम जिले के विभिन्न गाँवो व कॉलोनियों में दिया जन सम्मान रैली का निमंत्रण




**भास्कर ब्यूरो**

गुरुग्राम। जननायक जनता पार्टी के 5 वें स्थापना दिवस पर भिवानी में 9 दिसंबर को आयोजित होने वाली जन सम्मान रैली का निमंत्रण देने के लिए जिले के प्रभारी पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल व जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा ने गुरुग्राम जिले के दर्जनों गाँवो का दौरा किया, गुरुग्राम जिले के पथरेडी, राठीवास, मऊ लोकरी, शेखुपुर माजरी, आलमदी, न्यू पालम विहार, विष्णु गार्डन, प्रताप नगर, कासन, खोह, सिकन्दरपुर, दरबारीपुर, सकतपुर, मोहम्मदपुर झाड़सा, रामगढ़, अकलिमपुर, टिकली, पंडाला, राठीवास, खोरी कलां, सुनारी, निजामपुर, बावला, धुलावट, मोहम्मद हेडी, चंदू, खेड़ा झाँझरोला, खांडसा, सूर्या विहार, शक्ति पार्क, पातली, हाजीपुर, फर्रुखनगर, अलियर ढाणा, हयातपुर, मांकडोला, शीतला कॉलोनी, तिघरा, धर्म कॉलोनी, शिकोहपुर, रिठौज सहित विभिन्न गाँवो व कॉलोनियों का दौरा कर जन सम्मान रैली का निमंत्रण दिया तथा सभी की जिम्मेवारी तय करते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में भिवानी पहुँचने का आहवान किया, इन सभी बैठकों में स्थानीय निवासियों ने आश्वासन दिया की सैकड़ों गाड़ियों व बसों में सवार होकर हजारों की संख्या में भिवानी रैली में शिरकत कर रैली को सफल बनाएंगे। जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा ने बताया कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला प्रदेश के हित के लिए निरन्तर काम कर रहे है उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर लोग जननायक जनता पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त कर रहें हैं पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

आज भी गुरुग्राम शहर के प्रताप नगर से लीला कृष्ण सेतिया ने अपने सैकड़ो साथियो के साथ जननायक जनता पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए जजपा की सदस्यता ग्रहण की, लीला कृष्ण के साथ संजीव तलुजा, अनील खुराना, कन्नी वर्मा, अशोक डुडेजा, भूपेंदर नारंग, सुभाष सरधाना, रवि मनोचा, सुभाष नागपाल, श्यामलाल वर्मा, शशि अरोड़ा, शीला वर्मा, विन्नी तलुजा, लीना सेतिया, विमला नागपाल सहित काफी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हुए।

# ओबीसी वर्ग में सीट हुई आरक्षित, कहीं आशा तो कहीं निराशा

**जितेंद्र सिंह वर्मा**

लोनी। नगर पालिका की सीट ओबीसी के लिए आरक्षित होने के बाद निकाय चुनाव के लिए स्वर्ण समाज के कुछ लोग अपने आप को शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी मानकर चेयरमैन बनने का सपना संजोए बैठे थे ऐसे लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया ।

**तीन योजना से लोनी नगर पालिका सीट सामान्य रही**

बता दे की पिछले तीन योजनाओं से लोनी नगर पालिका अध्यक्ष की सीट सामान्य वर्ग के लिए थी, लेकिन तीनों ही योजना में ओबीसी वर्ग का ही नगर पालिका चेयरमैन निर्वाचित होता रहा और स्वर्ण वर्ग से कोई ठोस प्रत्याशी चुनाव मैदान में ही नही उतर सका, लिहाजा तीनों ही बार लोनी नगर पालिका सीट पर ओबीसी का प्रत्याशी चुनाव लड़ें और जीत हासिल की।

**इस बार स्वर्ण समाज लगा था चुनाव की तैयारी में**

स्वर्ण समाज के कई उम्मीदवार कई बरस से पालिका चेयरमैन का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। अधिकांश स्वर्ण वर्ग के उम्मीदवार भाजपा से टिकट मिलने की उम्मीद संजोए हुए थे जिसके लिए इन उम्मीदवारों ने सांसद विधायक




भाजपा संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ साथ अन्य प्रदेशों के भाजपा नेताओं के खूब चक्कर लगाए थे लेकिन इस बार सीट ओबीसी के लिए आरक्षित हो गई और उनके चेयरमैन बनने का सपने चकनाचूर हो गया। वैश्य तथा ब्राहम्ण समाज के कुछ लोग तो अपने आपकों भाजपा का उम्मीदवार घोषित कर चुनाव की तैयारियों में जुटे थे

**लाखों की पिला डाली शराब**

एक उम्मीदवार तो ऐसे रहे कि उन्होंने अपने आप को आरक्षण से पहले ही चेयरमैन घोषित कर दिया था नई नई गाड़ियां भी चुनाव के लिए खरीद डाली ।और दिन ढलते ही उनके दफ्तर में महफिल सज जाया करती थी और देर रात तक अपने पक्ष में वोटों का समीकरण बैठाया जाता था। बताते हैं कि पिछले 2 साल में एक उम्मीदवार ने 2500000 रुपए की शराब पीला डाली

**जाट समाज पर खेल सकती है भाजपा दांव**

ओबीसी में सीट आरक्षित होने के बाद गुर्जर समाज के कुछ लोगो मे खुशी का माहौल है ।लेकिन बता दे कि लोनी के विधायक तथा ब्लाक प्रमुख गुर्जर समाज से हैं। जबकि वर्तमान पालिका अध्यक्ष जाट समाज से हैं और भाजपा से निकाले जाने के बाद उन्होने रालोद ज्वाइन कर ली ।रालोद सुप्रीमो ने पूर्व चेयरमैन मनोज धामा को निकाय चुनाव के टिकट देने का भी वादा किया है। भाजपा सूगो की माने तो मनोज धामा को टक्कर देने के लिए भाजपा इस बार लोनी पालिका सीट पर किसी मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी को ही चुनाव लडायेगी ।जिसके लिए पार्टी किसी जाट समाज के उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतार सकती है। जबकि भाजपा के पुराने नेता डा0 रणजीत, डा0 प्रमेन्द्र सिंह जांगडा, डा0 विनोद बंसल, चैनपाल सिंह, विजय भाटी, अनिल कसाना, योगेन्द्र मावी, पवन मावी, सतपाल प्रधान आदि के अलावा भी दर्जनों उम्मीदवार भाजपा से टिकट मांगने की कतार में हैं।

संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा ए0जी0एस0 पब्लिकेशन्स, एफ 23, सेक्टर-06, नोएडा से मुद्रित एवं एफ 23, सेक्टर-06 से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। **वेबसाइटः** dainikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालयः 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद-201002 उत्तर प्रदेश, ई-मेलः nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712

## कुलपति ने की समितियों के अध्यक्षों, संयोजकों के साथ बैठक



**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने समितियों के अध्यक्षों, संयोजकों के साथ एक बैठक की। बैठक में स्वागत, शोभा यात्रा समिति पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। परिधान समिति द्वारा बताया गया कि शोभा यात्रा में सम्मिलित होने वाले सभी अतिथियों, संकायाध्यक्षों, आचार्यों को एक निश्चित परिधान में आना होगा, जिसमें पुरूषों को बंद गले का काले रंग का कोट, काले जूते तथा उत्तरीय जो कि विश्वविद्यालय स्तर द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं महिलाओं को क्रीम कलर की साड़ी, लाल बार्डर के साथ, लाल ब्लाउज, लाल स्वेटर तथा जैकेट एवं उत्तरीय विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा, में आना होगा। अनुशासन समिति की भी समीक्षा की गयी। स्वच्छता, पादप व्यवस्था एवं साज-सज्जा समिति को निर्देशित करते हुए प्रो. शुक्ला ने कहा, हमारा विश्वविद्यालय स्वच्छता के सभी मापदंडों पर खरा उतरता है। दीक्षांत समारोह में यह सुंदरता प्रदर्शित होनी चाहिए। पार्किंग एवं परिवहन समिति, किट व्यवस्था एवं किट वितरण समिति, मंच समिति, अकादिमक समिति, गार्ड आफ ऑनर समिति, प्रेक्षागृह समिति, अतिथि गृह समिति, दीक्षांत साम्रगी क्रय समिति, मेडल वितरण संबंधी समन्वय समिति, प्रेस समिति तथा समन्वय समिति के कार्यों की समीक्षा कुलपति द्वारा की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जिलाधिकारी ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा आईटीआई साकेत स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया।



जिलाधिकारी द्वारा वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनों का विधानसभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उनके साथ निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

## छात्रों को दी जीवन में तनाव कम करने की प्रेरणा




भास्कर ब्यूरो मेरठ। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के कालेज ऑफ एजुकेशन एवं स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा संयुक्त रूप से एक प्रेरणास्पद सत्र का आयोजन कालेज ऑफ एजुकेशन सभागार में किया गया। सत्र का शीर्षक उद्यमिता में प्रभावी स्व-प्रबंधन: एक परिणाम आधारित तनाव प्रबंधन सत्र था। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्तागणों में ब्रह्मकुमारी लक्ष्मी दीदी, फलक दीदी एवं शालू दीदी एवं साथीगणों आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में तनाव को नियंत्रित करने एवं आत्मप्रबंधन के द्वारा एक सफल उद्यमी बनने की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। इसके लिए उन्होंने अनेक प्रेरक प्रसंगों, ध्यान, आत्मसंयम एवं जीवन में लक्ष्य को निर्धारित करने की उसकी ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रो. सुरक्षा पाल, डा. सरिता गोस्वामी, डा. संजीव कुमार अग्रवाल, डा. अरूण कुमार, डा. वैभव राणा, अर्चना शर्मा, डा. कन्हैया कुमार सिंह, ज्योति, मानसी, कोमल एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन डा. शैली राणा एवं कार्यक्रम का संयोजन डा. दीपशिखा राघव द्वारा किया गया।

## मऊखास पुलिस चौकी इंचार्ज सुभाष चंद लाइन हाजिर

■ वृद्धा के घर में घुसकर की थी तोड़फोड़, जांच के बाद हुई कार्रवाई



भास्कर संवाददाता

मुंडाली। मऊखास पुलिस चौकी के एक दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों पर शराब पीकर घर में तोड़फोड़ करने और दो युवकों को जबरन उठाकर ले जाने का आरोप लगने के बाद एसपी देहात केशव कुमार ने कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। ज्ञात हो कि बीते एक दिसंबर को सिसौली निवासी वृद्धा प्रकाशो देवी ने परिजनों व ग्रामीणों के साथ मिलकर एसएसपी ऑफिस पहुंची और जमकर हंगामा किया था। जिसके बाद एसपी देहात केशव कुमार ने ग्रामीणों को समझाते हुए कार्रवाई का आश्वासन दे शांत करने घर भेज दिया था। 80 वर्षीय प्रकाशो देवी ने बताया था कि दो साल पहले उनका पोता राधे संप्रदाय विशेष की एक युवती को गांव से लेकर फरार हो गया था। प्रकाशो के मुताबिक, युवक और युवती दोनों बालिग थे, मगर इसके बावजूद युवती के परिजनों ने उसके पोते के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करा दी, जिसके बाद से ही आज तक उनके पोते और युवती का कोई सुराग नहीं मिला। प्रकाश ने बताया कि इसी के चलते युवती के परिजन उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। उसने पुलिस पर भी आरोप लगाते हुए बताया था कि बीते एक दिसंबर को मऊखास पुलिस चौकी के इंचार्ज सुभाष चंद्र, कॉन्स्टेबल तस्लीम अन्य पुलिसकर्मियों को साथ लेकर उनके घर पहुंचे तथा शराब के नशे में घर पर तोड़फोड़ करते हुए जमकर उत्पात मचाया था।

### डंडा मारकर तोड़ दी थी वृद्धा की टांग

परिजनों के द्वारा विरोध करने पर डंडा मारकर प्रकाशो कि टांग भी तोड़ दी थी, इसके बाद प्रकाशो के बेटे राजन और देवेंद्र को घर से जबरन उठाकर ले गए, जिसका ग्रामीणों ने भी विरोध किया तो पुलिसकर्मियों ने अन्य ग्रामीणों के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज कर उन्हें हवालात में बंद करने तक की धमकी दे डाली थी।

### सीओ सदर देहात कर रहे थे जांच

मामले की जांच एसपी देहात केशव कुमार ने सीओ सदर देहात को सौंपते हुए जल्दी ही रिपोर्ट देने की बात कही थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद एसपी देहात केशव कुमार ने कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र को लाइन हाजिर कर दिया।

## मुंह पर तकिया रखकर किया था नसरीन का मर्डर

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, पुलिस ने किया हत्या का मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो

मेरठ। ससुरालियों ने नसरीन के मुंह पर तकिया रखकर उसकी हत्या की थी। मर्डर से पहले उसके साथ मारपीट भी की गई थी। शरीर पर चोटों के निशान आए हैं। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हो गया। पुलिस ने डाक्टरी रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों की ओर से पति सहित पांच के खिलाफ तहरीर दी गई थी। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी घर पर ताला लगाकर फरार हो गए। सीओ कोतवाली ने बताया, मुकदमा दर्ज करा दिया गया है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है, मृतक नसरीन के पिता हाजी शफीकुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी समर कॉलोनी ने चार दिन पूर्व एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें हाजी शफीकुद्दीन ने बताया था, उसकी पुत्री की हत्या ससुरालियों द्वारा की गई है। हाजी शफीकुद्दीन ने दामाद आमिर सहित पुत्री के ससुर हाजी जान मोहम्मद, सास जकरून, जेठ नदीम व फिरोज निवासीगण



हुमायुनगर को नामजद किया था। उन्होंने कब्र से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कराने की मांग की थी। रविवार को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कब्र से शव निकाला गया और उसका पोस्टमार्टम कराया गया। सीओ कोतवाली अमित कुमार राय ने बताया, डाक्टरी रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हो गई है। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है, जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### पुत्री को मृत देखकर पिता हो गया था बेहोश

हाजी शफीकुद्दीन के अनुसार, 11 साल पहले पुत्री नसरीन की शादी आमिर के साथ की थी। शादी में 35 लाख रुपये खर्च किए, लेकिन ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। एक माह पूर्व नसरीन ने अपनी मां को बताया, आमिर का किसी विदेशी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। परिवार भी आमिर की दूसरी शादी कराने की तैयार है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और तलाक की धमकी दी जाती। नसरीन के दो बच्चे होने के कारण उन्होंने अपनी पुत्री को हालात से समझौता करने के लिए कहा। 26 नवंबर की सुबह आमिर ने उनके पुत्र साकिब को फोन किया। बताया कि नसरीन की तबियत खराब है, उसे सांस लेने में परेशानी हो रहे है। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा नसरीन अपने कमरे में मृत अवस्था में थी। चेहरा छोड़कर सारा शरीर चादर से ढक रखा था। उसका शरीर ऐठ रहा था। नसरीन को मृत देखकर वह बेहोश हो गया। उसके बाद आमिर व उसके घरवालों ने नसरीन को मियां मोहम्मद नगर खत्ता रोड थाना ब्रहमपुरी के कब्रस्तान में दफ्ना दिया।

### तीन दिन बाद पता लगा, बीमारी या स्वाभाविक नहीं हुई मृत्यु

हाजी शफीकुद्दीन ने बताया, गत 29 नवंबर को आमिर के घर हुमायूँ नगर में गया तो मोहल्ले में चर्चा थी कि नसरीन के ससुरालवालों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी 25 नवंबर की रात्रि 10 बजे मृत्यु हो गयी। उसके शरीर व गले पर चोटों के निशान थे, नसरीन का शरीर ऐंठ रहा था। उसने भी अपनी पुत्री को इसी हालत में देखा था, ऐसा लगता है कि नसरीन की किसी बीमारी या स्वाभाविक मृत्यु नहीं हुई थी। उसकी मृत्यु आमिर व उसके घरवालों द्वारा मारपीट करने से हुई है और इसी कारण आमिर के घरवाले नसरीन को इलाज के लिए किसी डाक्टर के पास लेकर नहीं गए थे। नसरीन की हत्या में पति आमिर, ससुर जान मोहम्मद, सास जकरून, जेठ नदीम व फिरोज शामिल थे। आरोप लगाया, आमिर विदेशी महिला से शादी करना चाहता था और एक करोड़ रुपयों की मांग कर रहा था, इसी कारण ससुरालियों ने मिलकर नसरीन की हत्या कर दी।

## सार सुर्खियां

### नवदंपति को 'आंखें' के संरक्षक ने भेंट किया पौधा



**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** मेडिकल थाना क्षेत्र के गांव राली चौहान में सनातन पद्धति से विवाह संपन्न हुआ। शादी समारोह में समाजिक संस्था 'आँखें' द्वारा चलाए जा रहे पौधा रोपण अभियान के चरण में यह विवाह हुआ। विवाह संस्कार में पौधारोपण संस्कार अभियान के तहत 'आँखें' के पर्यावरण संरक्षक कुमारी पूर्वी व विकास बड़गुर्जर शादी के पवित्र बंधन में बंधे। नवदंपत्ति अनानिया निवासी राली चौहान एवं सुनिल कुमार निवासी पिचौकरा बागपत को पौधा भेंट कर शादी की प्रत्येक वर्ष गाँठ पर पौधा रोपण करने का संकल्प दिलाया। पौधा रोपण का संकल्प लेकर उत्साहित नव दंपति ने अत्यंत आन्नद की अनुभूति के साथ पर्यावरण संरक्षकों का आभार प्रकट किया। समाजसेवी विकास बड़गुर्जर ने कहा, पौधे पृथ्वी का आभूषण है। इन्हें नष्ट करना अनैतिकता ही नहीं पाप है। पर्यावरण की रक्षा का संकल्प ईश्वर की आराधना के समान है। इस अवसर पर पूर्वी, अमित कुमार, गीता, रचना, प्रदीप, अमित, मदनसैन, सुविश कुमार, प्रवेश कुमार आदि उपस्थित रहें।

### कटान के लिए ले जाए जा रहे दो गोकश गिरफ्तार



**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** थाना जानीखुर्द पुलिस द्वारा गोकशी के लिए ले जा रहे दो गौवंश, अवैध हथियारों व गौकशी के औजारों सहित दो गोकशों को गिरफ्तार किया गया है। थाना जानीखुर्द पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम नानू फतेहपुर के जंगल से इकरार पुत्र इकराम, इरफान पुत्र जमील निवासीगण अली वाला मोहल्ला ग्राम रसूलपुर धौलड़ी को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से गोकशी हेतु ले जा रहे दो गोवंशों (दो गाय) तथा गोकशी करने के औजार (दो छुरी, सुम्भा आदि) व अवैध अस्लाह के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त इकरार के कब्जे से एक तमंचा व इरफान के कब्जे से एक चाकू बरामद हुए। इनके दो साथी आकिल पुत्र साबिर निवासी रसूलपुर धौलडी व अकरम पुत्र मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला रेती रसूलपुर धौलड़ी रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। दोनों गाय गोशाला जानी खुर्द के सुपुर्द कर दिए गए।

### छत पर चढ़ गया भैंसा, मचाया उत्पात



**भास्कर संवाददाता बहसूमा।** नगर के मोहल्ला छिप्पीवाला में जिने से चढ़कर एक भैंसा छत पर चढ़ गया। भैंसा छत पर चढ़ता देख पड़ोसियों ने शोर मचाया तो आसपास के नागरिक मौके पर आ गए। जिन्हें देखकर भैंसा छत पर उत्पात मचाने लगा। लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला छिप्पीवाला निवासी रमेश गिरी पुत्र जगदीश गिरी किसान परिवार से हैं। वह सोमवार को एक समारोह में गये थे। करीब तीन बजे घर में बंधा भैंसा रस्सी तोड़कर छत पर जा चढ़ा। भैंसा को चढ़ते हुए आनन फानन में नागरिक मौके पर पहुंचे तो भैंसा उत्पात मचाने लगा। नागरिकों की सुझ बूझ से भैंसा बैठ गया। उसके बाद पड़ोसियों ने क्रेन बुलाकर छत से नीचे उतरवाया। जब जाकर नागरिकों राहत की सांस ली।

## टेक्निकल पोस्टर बनाकर प्रतिभा को किया उजागर



**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** गंगानगर स्थित आईआईएमटी एकेडमी में कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए अटल इन्नोवेशन मिशन नीति आयोग के अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने हेतु एटीएल लैब में टेक्निकल पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, रोबोटिक्स, एनर्जी प्रोडक्शन, क्रिप्टो करेंसी, इलेक्ट्रिक व्हीकलस, रोबोट बैलेंसिंग आदि विषयों पर सुंदर एवं आकर्षक पोस्टर बनाकर सभी का मन मोह लिया। आईआईएमटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रति कुलाधिपति डॉ. मयंक अग्रवाल और प्रियांशु अग्रवाल की उपस्थिति शोभनीय रही। प्रथम पुरस्कार अस्मिता रंधावा, द्वितीय पुरस्कार शुभम नारवाल तथा तृतीय पुरस्कार यशदीप कौर ने प्राप्त किया। काव्या गर्ग और खुलुद को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एकेडमी के डायरेक्टर प्रेम मेहता ने बच्चों के विकास हेतु इस प्रकार के क्रियाकलापों को आवश्यक बताया। एकेडमी की प्रधानाचार्या सीमा जैन ने सभी नन्हे वैज्ञानिकों को बधाई दी। कार्यक्रम में सुमित कुमार, हिमांशी शर्मा तथा शुभम आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

### सीबीएसआई-19 नॉर्थ जोन गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता हुई आयोजित



**भास्कर संवाददाता सरधना।** बरनावा रोड स्थित द्रोण पब्लिक स्कूल में 19वीं सीबीएसई नोर्थ जॉन गर्ल्स कबड्डी क्लस्टर का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अर्जुन अवार्ड से सम्मानित अलका तोमर ने किया। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में अलका तोमर ने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। अगर हम जीवन में अपना कोई लक्ष्य निर्धारित करते हैं तो हमें उन्हें पूरा करने का संघर्ष करना चाहिए, तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश ही नहीं देश भर में महिला कुश्ती, कबड्डी या अन्य खेल में काफी मेहनत कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। पूर्व अंतरराष्ट्रीय पहलवान अलका तोमर ने युवतियों और महिलाओं का आह्वान किया है कि वे आत्मनिर्भर बने, स्वयं की रक्षा करें और जी जान से पूरे सम्मान के साथ मेहनत करें। अपना टारगेट सेट करें सफलता जरूर मिलेगी। खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है, क्योंकि खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक दोनों शक्तियां प्राप्त होती हैं।

## प्रो. रमेश चद्र त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। पत्रकारिता शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित विद्वान प्रोफेसर रमेश चद्र त्रिपाठी को चौधरी चरण सिंह विवि के पत्रकारिता विभाग में भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्राकारिता एवं जनसंचार विभाग को स्थापित करने वाले प्रोफेसर रमेश चंद्र त्रिपाठी का गत 03 दिसम्बर को लखनऊ के मेदांता अस्तपाल में निधन हो गया। श्रद्धांजलि सभा में विभाग के निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने कहा, प्रो. त्रिपाठी केवल लखनऊ तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि उत्तर प्रदेश तथा सम्पूर्ण भारत के कई विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता शिक्षा को स्थापित करने में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। शोक सभा में उस समय सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की भी आंखे भर आयीं जब विभाग के पूर्व शिक्षक और वर्तमान में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार मिश्रा ने अश्रुपूरित नेत्रों से प्रो. त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लव कुमार सिंह, नेहा कक्कर, मितेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, ज्योति राठौर तथा छात्र और छात्राएं उपस्थित रहें।

## सरधना विधायक अतुल प्रधान का जन्म दिन मनाया



भास्कर संवाददाता

सरधना। नगर में बिनोली रोड गंज बाजार चौराहे पर सपाइयों ने सरधना विधायक अतुल प्रधान का केक काटकर और लड्डू बांटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अतुल प्रधान जिंदाबाद के नारे लगाने के साथ अतुल प्रधान की लंबी आयु की कामना की गई। सरधना में बिनौली बस स्टैंड चौराहे पर सपा विधायक अतुल प्रधान का जन्मदिन मनाने के लिए सफाई एकत्रित हुए। यहां सभासद साजिद हसन, सिराजुद्दीन मलिक व वीर सिंह भाटी ने संयुक्त रूप से केक काटकर अतुल प्रधान का जन्मदिन मनाया। इस दौरान लड्डू बांटकर एक दूसरे को मुबारकबाद देने के साथ ही खुशी का इजहार किया और समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, अतुल प्रधान जिंदाबाद के नारे लगाए। वीर सिंह भाटी ने कहा कि सरधना विधायक अतुल प्रधान सर्व समाज के नेता है। 36 बिरादरी के चहीते हैं। वह लगातार बिना किसी भेदभाव के सरधना का विकास करने में जुटे हुए हैं। इस अवसर पर अरशद खान, खुर्शीद आलम, सलेक चंद वर्मा, फारुख मिर्जा, राजू मलिक, मनोज बंसल आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## 12 दिसम्बर को बचत भवन में होगी जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक

**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर, मवाना, सरधना, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी तथा जिला कृषि अधिकारी को बताया, जनपद के नगरीय क्षेत्रों में रिक्त उचित दर दुकानों के सापेक्ष आमंत्रित आवेदन पत्रों पर शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार उचित दर विक्रेता का चयन लॉटरी पद्धति के माध्यम से तथा मृतक आश्रित के रूप में उचित दर विक्रेता नियुक्ति किये जाने हेतु प्राप्त 03 आवेदन पत्रों पर विचार किये जाने के संबंध में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 12 दिसम्बर को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) की अध्यक्षता में बचत भवन कलक्ट्रेट में आयोजित होगी।

### बस में चढ़ते हुए मोबाइल चोरी

**भास्कर संवाददाता बहसूमा।** क्षेत्र के गांव समाना उर्फ रामराज निवासी एक व्यक्ति घरेलू कार्य से मेरठ जा रहा था। जैसे ही रामराज बस स्टैंड पर पहुंचा तो अज्ञात चोरो ने मोबाइल साफ कर दिया। उक्त व्यक्ति ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। बताते चलें कि क्षेत्र के गांव समाना उर्फ रामराज निवासी आकाशदीप पुत्र अमृतपाल अपने घरेलू कार्य से मेरठ जा रहा था। जैसे ही रामराज बस स्टैंड पर पहुंचा तो अज्ञात चोरों ने मोबाइल को चोरी कर फरार हो गये। पीड़ित ने थाना पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



## दस पुरुषों ने दिखायी समझदारी, 158 महिलाएं भी नसबंदी के लिए आगे आयीं

शासन के निर्देश पर एक सप्ताह और बढ़ाया गया पुरुष नसबंदी पखवाड़ा, अब 11 दिसम्बर तक चलेगा



**भास्कर ब्यूरो मेरठ।** 21 नवम्बर से चल रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में अब तक जिले में 10 पुरुषों ने नसबंदी कराते हुए समझदारी दिखाई है। इसका उद्देश्य परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाना है। 21 नवंबर को शुरू हुआ पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अब 11 दिसंबर तक चलेगा। इसे शासन के निर्देश पर एक सप्ताह और बढ़ा दिया गया है। पहले इसका समापन चार दिसम्बर को होना था। पखवाड़ा में अब तक 158 महिलाओं ने स्वयं आगे आकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को अपनाया है।

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. विश्वास चौधरी का कहना है कि लोगों को लगता है कि परिवार नियोजन कार्यक्रम जनसंख्या नियंत्रण के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है। परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनी शारीरिक और आर्थिक स्थिति के मुताबिक योजना के साथ परिवार को नियोजित करने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा परिवार नियोजन का उद्देश्य प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देना भी है। विवाह के उपरांत महिला के शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से चिकित्सकीय परामर्श के बाद ही गर्भधारण करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा दो बच्चों के बीच सुरक्षित अंतर भी परिवार नियोजन कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने बताया पुरुषों में यह भ्रांति है कि नसबंदी कराने से कमजोरी आती है। यह एकदम निराधार बात है। पुरुष नसबंदी स्थाई परिवार नियोजन का एकदम सुरक्षित और कारगर उपाय है। यह मामूली सी शल्य क्रिया है और महिला नसबंदी के मुकाबले आसान भी है। नसबंदी कराने के बाद पुरुष में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। इसलिए पुरुषों को भी परिवार नियोजन में बराबर की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत आशा, एएनएम घर-घर जाकर इस बारे में जानकारी दे रही हैं और परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

*स्वेच्छा ने नसबंदी कराने वाली रूकसाना बदला हुआ नाम ने बताया उसके दो बेटियां हैं। उसने बताया इस फैसले में पति तो उसके साथ हैं पर परिवार के अन्य सदस्य सास-ससुर नसबंदी के खिलाफ थे। फिर भी उसने आगे आकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन के रूप में नसबंदी को अपनाया है।*

*उर्वशी ने बताया शादी के बाद उनके एक बेटा व एक बेटी है। उसने अपने पति व सास ससुर की सहमति से नसबंदी कराई है। उसने अन्य महिलाओं को आगे आने के लिए कहा जो परिवार नियोजन को अपनाना चाहती हैं।*

# बजट की बारीकियों को सीखने का एक बेहतरीन मौकाः मुख्यमंत्री

बलराम शर्मा



**दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधायकों से अनुरोध किया कि वर्ष 2023- 24 के बजट पेश करने में 3 माह का समय है, इस अवधि के दौरान विधायक अपने -अपने क्षेत्रों में होने वाले कार्यों की सूची सरकार से सांझा करें ताकि उनके सुझावों व उनकी मांगों को बजट में सम्मिलित किया जा सके। मुख्यमंत्री सोमवार को पंचकूला में हरियाणा विधानसभा द्वारा अयोजित राज्य वित्त प्रबंधन एवं बजट पर विमर्श कार्यक्रम के दौरान विधायकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, संसदीय कार्य मंत्री कंवर पाल सहित अन्य मंत्रीगण और विधायक मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में विधायकों को बजट से संबंधित बारीकियों को समझने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि गत 8 वर्षों से उन्हें बजट से संबंधित सभी प्रकार की गतिविधियों को समझने का मौका मिला। हालांकि, पिछले 3 वर्षों से वित्त मंत्री के तौर पर बजट पेश करने से लेकर कई प्रकार के अनछुए पहलूओं को जानने का मौका मिला। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विधायकों को भी बजट की विस्तृत जानकारी समझने का अवसर मिलेगा। इससे राज्य का बजट अच्छी तरह से तैयार करने में मदद मिलेगी और अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बजट बनेगा। बजट तैयार करने से पहले सदस्यों द्वारा मांग आए तो उन्हें बजट में समाहित करने की करेंगे कोशिश मुख्यमंत्री ने कहा कि आय और खर्च को ध्यान में रखकर बजट बनाया जाता है। विधानसभा में बजट पेश होने के बाद उसमें बदलाव करना संभव नहीं होता है। प्रायः यह देखा जाता है कि जब बजट पेश किया जाता है, उस समय विधायक अपने -अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की मांग रखते हैं, लेकिन उस समय उन मांगों को बजट में शामिल नहीं किया जा सकता। इस बार के बजट में अभी 3 महीने का समय है, इसलिए इन 3 माह के दौरान सभी विधायक अपने -अपने क्षेत्रों में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की सूची वित्त विभाग या संबंधित मंत्री या सीधे मुझे भी भेज सकते हैं, ताकि इन मांगों को समाहित करने का पूरा प्रयास करेंगे। हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठकें करने की पहल की गई शुरू मनोहर लाल ने कहा राज्य सरकार ने बजट को कल्याणकारी बनाने के लिए विभिन्न स्टेकहोल्डर्स से प्री - बजट परामर्श बैठकें शुरू की। वर्ष 2020-21 का पहला बजट प्रस्तुत करने से पहले किसानों, व्यापारियों, सेवा क्षेत्र के लोगों सांसदों, विधायकों आदि से बजट पूर्व चर्चा की गई थी और उनके सुझावों को बजट में शामिल करने का पूरा प्रयास किया था।

# नई पॉलिसी से मिलेगी विशेष रियायतें : दुष्यंत चौटाला

भास्कर ब्यूरो




**दिल्ली।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में इलेक्ट्रिक एवं हाइब्रिड इलेक्ट्रिक- वाहनों के खरीददारों को विशेष प्रोत्साहन देगी ताकि उनके वाहन की अग्रिम लागत को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि ₹हरियाणा इलेक्ट्रिक वाहन नीति -2022₹ को अधिसूचित भी कर दिया है और अब लोग इस नीति का लाभ ले सकते हैं। डिप्टी सीएम, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का प्रभार भी है, ने कहा कि नई ई-व्हीकल नीति का उद्देश्य राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन और उनके घटकों के निर्माण को बढ़ावा देना, इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में रिसर्च और विकास को बढ़ावा देना है।उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निमार्ताओं के लिए पूंजीगत सब्सिडी, रोजगार सृजन सब्सिडी, पेटेंट शुल्क प्रतिपूर्ति, विद्युत शुल्क छूट, स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति, सीड एंड कन्वर्शन फण्ड इंसेंटिव, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और जल उपचार प्रोत्साहन जैसे कुछ प्रमुख लाभ दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ई-मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने के लिए और वाहन-खरीददारों की कीमत बारे चिंता को कम करने के लिए यह पॉलिसी एक अनुकूल बुनियादी ढांचा प्रदान करती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस पॉलिसी में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग, स्वैपिंग स्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदाताओं के लिए काफी लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार रिसर्च एवं विकास गतिविधियों के महत्व को जानती है और यह मानती है कि इस क्षेत्र में रिसर्च पूरे इकोलॉजी तंत्र में बदलाव लाएगा। इसी कारण सरकार ने रिसर्च एवं विकास केंद्रों को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है और राज्य में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार ने 17 नवंबर 2022 को ₹हरियाणा इलेक्ट्रिक वाहन नीति -2022₹ के तहत प्रोत्साहन राशि लागू करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी लॉन्च किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों, मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के निवेशकों और खरीददारों दोनों से इस पॉलिसी के तहत लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पॉलिसी शुरू होने के बाद और ऑनलाइन पोर्टल के लॉन्च से पहले स्थापित इलेक्ट्रिक-वाहन की इकाइयां ऑनलाइन वेब पोर्टल लॉन्च होने के 45 दिनों के भीतर आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यक्तिगत इलेक्ट्रिक-वाहन मालिक, जिन्होंने इस पॉलिसी के लॉन्च के बाद और ऑनलाइन प्रोत्साहन पोर्टल के लॉन्च से पहले हरियाणा में अपने वाहन का पंजीकरण कराया है तो वे भी लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के लॉन्च होने के 45 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

## सार सुर्खियां

### लाइफ स्किल्ज को समय की जरूरत है :

भास्कर ब्यूरो/रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर लाइफ स्किल्ज एंड साफ्ट स्किल्ज के तत्वावधान में 30 विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के ने सोमवार को इंडिया हैबीटेट सेंटर, दिल्ली में- सेल्फ डायरेक्टड इमोशनल लर्निंग फॉर एमपैथी एंड काइंडनेस विषयक कार्यशाला में भाग लिया और लाइफ स्किल्ज के गुर जानें। आईएचटीएम निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने हरी झंडी दिखाते हुए इस दल को रवाना किया। प्रो. संदीप मलिक ने इस अवसर पर लाइफ स्किल्ज को समय की जरूरत बताया। सेंटर फॉर लाइफ स्किल्ज एंड साफ्ट स्किल्ज के निदेशक प्रो. आशीष दहिया की अगुवाई में इस दल ने यूनेस्को महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन फॉर पीस एंड ससटेनेबल डेवलपमेंट, दिल्ली द्वारा आयोजित इस वर्कशाप में भाग लिया और विशेषज्ञों से लाइफ स्किल्ज में महारत हासिल करने का मूलमंत्र जाना। इस वर्कशाप में प्रो. दिव्या मल्हान, डा. अरूण कुमार हुड्डा, डा. निधि तथा डा. विपिन सैनी के साथ एमडीयू के टैक्नीकल तथा प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने शिरकत की।




थाना रामगढ क्षेत्र साठ फुटा रोड अम्बेडकर पार्क के पास महिला की

### फांसी के फंदे पर लटकने से हुई मौत

फिरोजाबाद-थाना रामगढ क्षेत्र साठ फुटा रोड अम्बेडकर पार्क के पास निवासी महिला की फांसी के फंदे पर लटकने से हुई मौत, सूचना थाना पुलिस को दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिये लाया गया जिला अस्पताल। बताया गया थाना रामगढ क्षेत्र साठ फुटा रोड अम्बेडकर पार्क के पास निवासी महिला 28 वर्षीय राधा पत्नी विजेंद्र कुमार की फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। सूचना थाना पुलिस को दी गई। शव पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल लाया गया। जहां देवर अरविंद ने बताया कि परसो के दिन ड्रिंक कर ली थी, नाचा कूदी की इन्होंने, दही आदि पिलाया नशा उतर जाये, समझाया बहू बेटी शराब नहीं पीती। खाना पीना खाया फिर कोई बात नहीं हुई। फिर हम अपने दूसरे मकान पर चले गये, वहीं रहते हैं तब सूचना मिली फांसी लगा ली। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवाया गया है।

### नई नवेली दुल्हन ने पहले दिन ही सास को ईट मार किया गंभीर घायल

फिरोजाबाद-थाना षिकोहाबाद क्षेत्र मोहम्मद माह शंकरपुरी में नई नवेली दुल्हन ने पहले दिन ही ससुराल में आने के बाद आरोप है ईट मार सास को गंभीर घायल कर दिया, आनन-फानन में उपचार को जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया। बताया गया थाना शिकोहाबाद क्षेत्र मोहम्मद माह षंकरपुरी निवासी सुजानसिंह के घर में उनके बेटे की बीते दिन षादी के बाद विदाई होने पर नई नवेली दुल्हन घर आई थी। उनकी पत्नी गिरीष कुमारी घर पर अकेली थी बेटा सुबह निकल गया था, एक बेटी अपने घर जाने को निकल गई थी एक घर थी वह बाजार गई थी। सुजान सिंह के अनुसार उरमुरा से षादी की थी, मौहल्लेवालों से सूचना मिली कि बहू ने सास को ईट मार गंभीर घायल कर दिया। तब मौके पर पहुंचे, लहूलुहान पड़ी थी। आनन-फानन में उपचार को जिला अस्पताल के सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां उपचार कराया जा रहा है।

### थानां टूंडला क्षेत्र नगला महादेव के पास एक कोल्ड स्टोर में चौकीदार ने लगाई फांसी, हुई मौत

फिरोजाबाद-थानां टूंडला क्षेत्र नगला महादेव के पास एक कोल्ड स्टोर में चौकीदार ने फांसी लगा ली, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम को जिला अस्पताल भेजा गया। बताया गया जनपद आगरा के थाना एत्मादपुर क्षेत्र मोहल्ला शतोली निवासी 60 वर्षीय सुरेंद्र पाल थाना टूण्डला क्षेत्र नगला महादेव के पास स्थित उत्तम कोल्ड स्टोरेज में चौकीदार था, बीती देर रात उसने फँसीके फंदे पर लटक आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम को जिला अस्पताल भेजा है। इस संबंध में थाना प्रभारी टूण्डला ने सीयूजी नम्बर पर घटना की पुष्टि करते हुए बताया उत्तम कोल्ड स्टोर जो कि नगला महादेव के पास पड़ता है उसमें चौकीदार ने फांसी लगा ली है।

### कॉलेज परिसर में धरने पर बैठे कहां कॉलेज नहीं यह जेल है जो छात्र बोलेगा वह फेल है।

फिरोजाबाद-सरकारी मेडिकल कॉलेज में 3 दिसंबर को कॉलेज प्रशासन के मानसिक उत्पीड़न के कारण फर्स्ट ईयर के छात्र शैलेंद्र कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसको लेकर छात्र-छात्राओं ने नेशनल हाईवे नंबर दो पर जाम कर दिया था और देर रात तक अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे थे जिसमें पुलिस ने प्रिंसिपल संगीता अनेजा सहित कहां 5 लोगो के खिलाफ धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। लेकिन आज फिर छात्र-छात्राएं मृतक छात्र शैलेन्द्र कुमार की तस्वीर पर माला चढ़ाकर मेडिकल कॉलेज परिसर में धरने पर बैठ गए हैं सभी छात्र छात्राओं ने हाथों में काली पट्टी बांधकर हाथों में पट्टिका को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है और वह प्रिंसिपल संगीता अनेजा मुदार्बाद के नारे लगा रहे हैं छात्रों का आरोप है कि कॉलेज नहीं है जेल है जो बोलता है वह फेल है धरने प्रदर्शन को देखते हुए काफी पुलिस फोर्स मेडिकल कॉलेज पहुंच गया है अभी भी छात्र-छात्राये धरने पर बैठे हैं

### लग्न टीका में झगड़ा कर निकले कुछ युवकों ने दो युवकों संग अकारण की मारपीट

फिरोजाबाद-थाना दक्षिण क्षेत्र हिमायूपुर में खाना खाकर अपने दरवाजे पर बैठे दो युवकों को आरोप है बीती रात एकता मैरिज होम में लग्न टीका से झगड़ा कर लौटे कुछ युवकों ने पकड़ कर मारपीट कर दी, सूचना थाना पुलिस को दी गई, जिस पर दोनों युवकों का मेडिकल कराया गया है। बताया गया थाना दक्षिण क्षेत्र हिमायूपुर निवासी दीपक और सूरज बीती रात खाना खाकर अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे तभी आरोप है पास ही एकता मैरिज होम में लग्न टीका के दौरान झगड़कर आये कुछ युवकों ने बिना कारण पकड़कर मारपीट कर दी, जिस पर थाना पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस ने दोनो पिटाई का शिकार युवको को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# किसानों को दी भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने की जानकारी

भास्कर ब्यूरो



**फतेहाबाद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा डीपीआरसी भवन में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त जगदीश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त जगदीश शर्मा ने कहा कि किसानों को भूमि की उपजाऊ शक्ति बढाने के लिए मृदा नमूने एकत्रित कृषि विभाग द्वारा लिए जा रहे है। किसान इस कार्य में में विभाग द्वारा लगाए गए किसान सहायकों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ह्यहर खेत स्वस्थ खेतह्य अभियान के तहत जिले के प्रत्येक एकड़ से मृदा नमूने एकत्रित की मूहीम चलाई हुई है, जिसमें वर्ष 2022-23 के खरीफ व रबी सीजन तक कुल 183733 मृदा नमूने खण्ड फतेहाबाद, भूना, नागपुर, भट्टू कलां व जाखल से किसान सहायकों के माध्यम से लिए गए है। लिए गए नमूनों में से 132280 मृदा नमूने जिले की सभी लैब में जमा हो चुके है। इनमें से 32000 नमूनों की जांच की जा चुकी है व इनके सॉयल हैल्थ कार्ड जारी का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि मृदा नमूने एकत्रित करने वाले किसान सहायकों को भी विभाग द्वारा 38 लाख 17 हजार 20 रुपये की राशि की अदायगी की जा चुकी है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के डा. राजेश सिहाग ने बताया कि किसानों को इस योजना के बारे जागरूक करने के लिए अपने-2 गांव में जरूरतमंद दसवीं व बाहरवीं पास विद्यार्थी/बेरोजगारों को इस कार्य में अतिरिक्त रोजगार के लिए कृषि विभाग में सम्पर्क करें। इस कार्य हेतु किसान सहायकों को ऑनलाईन माध्यम से मृदा नमूना सम्पूर्ण रिकॉर्ड सहित एकत्रित करके सॉयल हैल्थ कार्ड वितरण करने पर 40 रुपये प्रति मृदा नमूना की राशि दी जायेगी। इस अवसर पर भूमि परीक्षण अधिकारी राजेश सैन, गुण नियन्त्रण निरीक्षक हरभगवान, सहायक कृषि अभियन्ता पवन कुमार, कृषि विकास अधिकारी रामपाल द्वारा विभाग की सभी गतिविधियों/ स्कीमों एवं मृदा नमूने परीक्षण का लाभ व सभी तत्वों की कमी एवं आपूर्ति बारे सम्पूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के राकेश कून्ट, राजपाल, जागीर सिंह व अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे।

# मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दिया जाएगा बढ़ावा

बलराम शर्मा

**दिल्ली** । अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में इस बार नॉर्थ ईस्ट के प्रदेश मेले के थीम स्टेट होंगे। अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प सूरजकुंड मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को ओर बेहतर बढ़ावा दिया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा पर्यटन विभाग के मैनेजिंग डायरेक्टर कम चीफ मेला एडमिनिस्ट्रेटर डॉ नीरज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि मेले में लोकल और वोकल के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले के आगामी 3 से 19 फरवरी 2023 को आयोजन को लेकर आज लगभग 22 देशों के राजदूतों और उनके प्रतिनिधिमंडल ने सूरजकुंड मेला परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के विदेश विभाग की जॉइंट सेक्रेटरी और राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पर्यटन विभाग योजना पटेल ने की। अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले के 3 से 19 फरवरी 2023 को होने वाले आयोजन को लेकर विदेशी राजदूतों के प्रतिनिधि मंडल ने सूरजकुंड मेला परिसर का दौरा भी किया। यहां की सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम पर बंधुओं बारे विस्तार पूर्वक बैठक में चर्चा की गई। बैठक का आयोजन सूरजकुंड राजहंस होटल के बैठक कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम प्रबंधों बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।बैठक में किस-किस देश से को कौन-कौन व्यवस्था सुनिश्चित करवाने और इसके अलावा कुछ डॉक्यूमेंट्री का आदान प्रदान करने बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मेला परिसर में दुकानों के नवीनीकरण का काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।



### इन देशों के प्रतिनिधि हुए उपस्थित

बैठक में कजाकिस्तान के मिस्टर एबिले, चीन के सी वेई, चीन के वांग जेन, किर्गिजस्तान के मिस्टर असेले ,रूस की सुश्री उड़िया, मंगोलिया के डंबजाविन गणबोल्ड, बेलोरूस के आंद्रेई रेजहेस्की, बेलोरूस की सुश्री अनास्तासिया वोराख, ईरान के डॉ. इराज इलाही, ईरान के मिस्टर सालेहतश, तुर्की के महामहिम श्रीमान फिरत सुनेल, कंबोडिया के थेम वुथ, मिस्र के शरीफ एल्गोना, आर्मीनिया के यूरी बाबाखानयान, म्यानमार के मो क्याव आंग, मालदीव के अहमद सुजिल, बहरीन के अब्दुल रहमान मोहम्मद अहमद अल गौड़, विदेश मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी योजना पटेल, आईएफएस, भाविका मंगला नंदन, देवव्रत चट्टोपाध्याय, अमित जखमोला हरियाणा के मैनेजिंग डायरेक्टर चीफ मेला एडवाई एडमिनिस्ट्रेटर डॉक्टर नीरज कुमार भी मौजूद रहे।

# राकेश मल्हान की प्रतिमा का अनावरण

भास्कर ब्यूरो



**दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश धनखड़ ने सोमवार को झज्जर के गांव सुबाना में अशोक चक्र विजेता (मरणोपरांत )शहीद सेकेंड लेफ्टिनेंट राकेश मल्हान की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। प्रतिमा अनावरण के समय 22 ग्रेनेडियर के जवानों ने दी अपने शहीद जांबाज अफसर को सलामी दी। धनखड़ ने कहा कि सोमवार के ही दिन 5 दिसंबर 1992 को पांच विदेशी आतंकवादियों को मौत के घाट उतारकर राकेश मल्हान ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। पूरा राष्ट्र उनके सर्वोच्च बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज मैं और पूरा इलाका उस महान वीर की प्रतिमा का अनावरण कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राज्य सभा सांसद जनरल डीपी वत्स व झज्जर के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह व शहादत के समय 1992 में राकेश मल्हान के कंपनी कमांडर रहे ब्रिगेडियर अजीत कुमार (सेवानिवृत)और सीओ रहे ब्रिगेडियर रणजीत सिंह (सेवानिवृत) सहित अन्य पूर्व सैन्य व प्रशासनिक अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और क्षेत्रवासियों ने शहीद राकेश मल्हान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। धनखड़ ने शहीद राकेश की शहादत को नमन करते हुए कहा कि यह पल गौरव, वीरता और भावनाओं से भरा हुआ है। मैं अपने ही गांव सुबाना में सबसे कम आयु में शांति काल में बहादुरी का सर्वश्रेष्ठ अशोक चक्र विजेता (मरणोपरांत ) शहीद राकेश मल्हान की प्रतिमा का अनावरण करके गौरव से भर गया हूं। उन्होंने कहा कि शहीद की माता सावित्री देवी जी व अन्य स्वजनों की उपस्थिति ने सभी को देश भक्ति की भावनाओं से भर दिया है।धनखड़ ने बताया कि जब वीर राकेश छुट्टी काटकर जा रहे थे तब उनकी माता जी ने रोहतक रेलवे स्टेशन पर कहा था, बेटा अपना ख्याल रखना। मां की बात सुनकर वीर राकेश ने कहा था, माँ अपना ही ख्याल रखता रहा तो, मेरी टुकड़ी के सैनिकों का ख्याल कौन रखेगा। यदि माँ मुझे कुछ हुआ भी तो जीवन भर मुझ पर गर्व करोगी। धनखड़ ने कहा कि आज वीर शहीद की माताजी के साथ पूरी माँ भारती राकेश मल्हान के शौर्य पर गर्व कर रही है। धनखड़ ने बताया कि वीर राकेश के पिता राजसिंह मल्हान भी सेना में कर्नल थे व दादा रतन सिंह भी सेना में आनरेरी कैप्टन थे।प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद को सेल्यूट करते हुए कहा कि मैं इस पुनीत कार्य में भागीदार बनकर कृतज्ञ हूं। हरियाणा वीरों की भूमि है, यहां की अगणित शौर्य गाथाएं हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर सभी शहीदों को शीश नवाते हुए धनखड़ ने कहा कि उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए पूरा भारत अपने वीरों सदैव ऋणी रहेगा। धनखड़ ने कहा कि दुनिया में मनुष्य जब आता है तो दो ही चीजें उसको मिलती है। अगर स्वभाव अच्छा है तो प्रेम मिलता है और अच्छा करके जाता है तो उस पर गर्व होता है। वीर राकेश का बलिदान बहुत बड़ा है। और वह सदा नौजवानों को प्रेरणा देता रहेगा।

# दिव्य कला मेले में जुट रही भारी भीड़



भास्कर ब्यूरो

**दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रयासों से इंडिया गेट के कर्तव्य पथ पर आयोजित दिव्य कला मेला अपनी पूरी भव्यता और असंख्य दर्शकों के साथ चल रहा है। देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 200 से अधिक दिव्यांगजन अपने उत्पादों और हुनर का जादू बिखेर रहे हैं तो दर्शक उनका उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्पाद खरीद रहे हैं। वीकेंड के बाद सोमवार को भी लोगों ने खूब खरीदारी की। मेले में पिछले 4 दिनों में अबतक 50 लाख की बिक्री हो चुकी है। मेले में दैनिक उपभोग की वस्तुओं से लेकर स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड फूड, जैविक उत्पाद, खिलौने, व्यक्तिगत सामान आदि उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध है। यही नहीं दिव्यागों द्वारा फिजियोथेरेपी और स्पा का भी मेला घूमने आए लोग खूब आनंद ले रहे हैं। साथ ही दर्शकों ने मेले में उपलब्ध उत्तराखंड का हथकरघा, यूपी का हैंडलूम, महाराष्ट्र की पेंटिंग और कलाकृति, मध्यप्रदेश की लेडीज सूट, पंजाब की फुलकारी, हरियाणा की बाजरे का बिस्कुट और जौ की नमकीन, बनारसी साड़ी, चिकनकारी कामदानी दुपट्टा, कश्मीरी पशमीना शॉल और गर्म कपड़े की खूब खरीदारी की। मेला घूमने आये लोग ना सिर्फ दिव्यांगजनों की कला के

# दृष्टि बाधित टी 20 वर्ल्ड कप का यह रहेगा शेड्यूल




भास्कर ब्यूरो

**दिल्ली** ।'टी 20 वर्ल्ड कप के निर्धारित शेड्यूल के तहत 06 दिसम्बर को फरीदाबाद के स्लेज हैमर में प्रातः 10 बजे भारत व नेपाल के बीच पहला मैच खेला जाएगा, दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच डीडीए सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कंपलेक्स में प्रातः 9:30 बजे खेला जाएगा व तीसरा मैच पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच साकेत नई दिल्ली में प्रातः 9:30 बजे खेला जाएगा इसी क्रम में 7 दिसंबर को डीडीए सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कांपलेक्स दिल्ली में भारत व पाकिस्तान, फरीदाबाद के स्लेज हैमर में नेपाल व बांग्लादेश सहित दिल्ली के साकेत में साउथ अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच खेला जाएगा। ये तीनों मैच प्रातः 9.30 बजे खेले जाएंगे। 8 दिसंबर को एनसीयूआई ऑडिटोरियम में कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। चौथे दिन 9 दिसंबर को डीडीए सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कांपलेक्स में साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच, दा बॉल पार्क गुरुग्राम में नेपाल व ऑस्ट्रेलिया के बीच व दिल्ली के साकेत में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच मैच खेला जाएगा।

# प्रदर्शनकारी मेडिकल स्टूडेंट्स है, कोई असामाजिक तत्व नहीं

जगंशेर राणा/भास्कर न्यूज

**चंडीगढ।** हरियाणा के करनाल में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों को सिविल लाइन थाना एसएचओ ललित कुमार ने धक्का दिया। शहर के जाने माने एडवोकेट अरविंद मान का कहना है कि यह गलत है। एक पुलिसकर्मी को कानून इस तरह से धक्का देने की इजाजत नहीं देता। वह भी तब जब सामने एमबीबीएस स्टूडेंट्स हो। यदि पुलिस को प्रदर्शनकारी स्टूडेंट्स को रोकना है तो इसका तरीका सही होना चाहिए। एमबीबीएस स्टूडेंट्स इन दिनों सरकार की बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में पिछले 34 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। करनाल में आज स्टूडेंट मेडिकल कालेज में धरने पर बैठे थे। मेडिकल कॉलेज में विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता आए हुए थे। स्टूडेंट उन्हें अपनी मांगों को ज्ञापन सौंपना चाह रहे थे। जैसे ही वह स्पीकर के कार्यक्रम स्थल की ओर जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें इस तरह से रोका। बुद्धिजीवियों ने भी पुलिस की कड़ी आलोचनाशहर के बुद्धिजीवियों ने भी पुलिस की कड़ी आलोचना की है, इनका कहना है कि पुलिस का यह रवैया ठीक नहीं है। मेडिकल स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहें है, उनका प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्वक चल रहा है। वह अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को इस तरह से दबाना कतई सही नहीं है।

### स्टूडेंट्स के साथ होना चाहिए था अच्छा व्यवहार

यूथ फॉर चेंज के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र राठौर ने कहा कि मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ पुलिस को सही व अच्छा व्यवहार करना चाहिए। आज जिस तरह से पुलिस ने उनके साथ रवैया किया, यह ऐसा लग रहा है कि पुलिस मेडिकल स्टूडेंट्स को शरारती तत्व मान रही है। पुलिस की यह सोच गलत है। उन्होंने बताया कि एक मेडिकल स्टूडेंट्स की यदि शिक्षा की बात की जाए तो वह नीट की परीक्षा पास करके आता है। वह खुद को साबित करता है, तब मेडिकल कॉलेज में दाखिला उसे मिलता है। उसे जो शिक्षा मिलती है, वह समाज के लोगों के स्वास्थ्य और उनकी सेहत की देखभाल की मिलती है। यूं ही नहीं डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप बोला जाता। इसलिए भी पुलिस को सोचना चाहिए कि वह इन डॉक्टरों के साथ कैसा व्यवहार कर रही है। दोनों विभाग गृह मंत्री अनिल विज के पास वीरेंद्र राठौर ने बताया कि हेल्थ और पुलिस दोनों विभाग प्रदेश के गृह मंत्री अनिल विज के पास है। उन्हें भी यह देखना चाहिए कि उनकी पुलिस डॉक्टरों के साथ किस क्रूर तरीके से पेश आ रही है। उन्होंने कहा कि जिस भी पुलिस वाले ने मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ यह व्यवहार किया है, उसे यह सीखने की जरूरत है कि सही व्यवहार क्या होता है? उसे मानव अधिकार और लोगों से व्यवहार करने का सही तरीका सीखने की सख्त जरूरत है। इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उन्हें इस बात का भी परीक्षण दिया जाए कि शरारती तत्वों व समझदार लोगों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए। खाकी वर्दी पहन लेने का मतलब यह नहीं कि पुलिस को सब कुछ करने की इजाजत है।

# विधानसभा क्षेत्र खतौली उपचुनाव का शांति पूर्वक मतदान हुआ

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जनपद के विधानसभा क्षेत्र खतौली का उप चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से चल रहाता रहा। कहीं से भी किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है हालांकि गठबंधन प्रत्याशी एवं उसके समर्थकों ने भाजपा पर कई आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र खतौली उपचुनाव में शांतिपूर्ण मतदान निष्पक्ष चुनाव पारदर्शिता पूर्ण चुनाव हेतु चप्पे-चप्पे पर जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। एवं सुरक्षाबलों ने पूरे विधानसभा क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया था। स्वयं जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल लगातार विधानसभा खतौली के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। एवं भयमुक्त वातावरण सुरक्षित वातावरण में मतदान संपन्न कराने में सफलता हासिल की, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक विजयवर्गीय भी सवेरे से ही मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। एवं किसी भी स्थिति से निपटने के निर्देश देते रहे सहारनपुर के डीआईजी पुलिस सुधीर कुमार सिंह भी विधानसभा क्षेत्र खतौली पहुंचे, और सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चुनाव पर्यवेक्षक सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण विधानसभा क्षेत्र खतौली में भ्रमण पर रहे, और पारदर्शिता और शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान कराने में सफलता हासिल की कई, कोई दिनों से जिला पुलिस और प्रशासन विधानसभा क्षेत्र खतौली उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग



से संपन्न कराने हेतु भारी प्रयासरत था जिसमें उन्हें सफलता भी हासिल हुई, कुल मिलाकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान चलता रहा। विधानसभा क्षेत्र खतौली उपचुनाव में लगभग 50 प्रतिशत मतदान सो चुका था एवं अनुमान लगाया जा रहा है कि देर शाम तक 70 प्रतिशत तक मतदान पहुंचने की संभावना है क्योंकि दोपहर 2:00 बजे के पश्चात सभी मतदान केंद्रों पर भारी भीड़ नजर आई क्योंकि दोपहर 2 बजे के पश्चात ही मतदाताओं में भारी उत्साह तमाम राजनीतिक दलो में मतदान के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा था। नेतागण लगातार भ्रमण कर रहे थे कि कहीं कोई गड़बड़ ने हो जाए परंतु ऐसा हो नहीं पाया, संपूर्ण पारदर्शिता एवं भय मुक्त वातावरण में मतदान संपन्न हुआ शाम को सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीन में बंद होगी और 8 दिसंबर 2022 को सवेरे से ही रुझान आने शुरू हो जाएंगे। मतगणना के मतगणना के पश्चात ही पता लगेगा कि इस उपचुनाव में किस की किस्मत जागती है, और मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी राजकुमारी सैनी एवं गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के बीच माना जा रहा है।

# उपचुनाव मे मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संगीनों के साये में हुआ संपन्न

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। विधानसभा खतौली उपचुनाव में शाम पांच बजे तक 54. 5 प्रतिशत मतदान हुआ है। इससे पहले खतौली विधानसभा के उपचुनाव में 3 बजे तक 40.20 मतदान हुआ है। खतौली में उपचुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से संगीनों के साये में मतदान संपन्न हुआ है! वहीं खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में मतदान हुआ इस बीच खतौली की पुलिस सुबह से लगातार चर्चाओं में बनी रही । एक और मदन भैय्या ने पुलिस प्रशासन पर सरकार का एजेंट बनकर काम करने का आरोप लगाया तो जिला पुलिस ने सफाई पेश करते हुए कहा कि खतौली की विधानसभा सीट पर निष्पक्ष चुनाव कराया गया है! वहीं जब ग्रामीण क्षेत्र स्थित लाल फाटक पर बनाए गए मतदान केंद्र पर हुसैन अहमद ने सीओ खतौली सहित पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सी ओ साहब मुस्लिम वोटर को वोट देने से रोक रहे हैं! इस दौरान डीआईजी सहारनपुर रेंज सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि माहौल बहुत ही शांतिपूर्ण रहा और सुरक्षा के साथ लोगों ने निर्भीक होकर मतदान किया है। डीआईजी सुधीर कुमार ने कहा कि सारी व्यवस्थाओं के बीच महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में मतदान किया है! और अकेली महिलाएं बच्चों के साथ मतदान केंद्र गई है और मतदान करने के बाद आराम से निर्भीक होकर वापस लौटी। उन्होंने कहा कि यह एक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण है। हमने लगातार मोबाइलटी को बनाए रखें। जहां जहा संवेदनशील स्थान थे। उन पर पुलिस पिकेट मौजूद रहा और लगातार यह प्रयास किया गया कि निष्पक्ष और निर्भीक होकर पारदर्शी मतदान को अंजाम दिया जा सके। गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के आरोप के सवाल पर डीआईजी सुधीर कुमार ने कहा कि मैं भी बहुत सारे पोलिंग बूथ पर घुमा हूं। वहां लोगों से बातचीत भी की जो पोलिंग एजेंट थे उनसे भी बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि लगातार मीडिया कर्मी भी फील्ड पर सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी मतदाता ने मौके पर कोई शिकायत की हो और उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा हो और उसे कहीं ना जाने दिया जा रहा हो। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पॉलीटिकल पार्टीज है अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए बहुत सारे आरोप लगाते हैं ताकि ध्यान भटक सके और वह अपना काम कर सकें। डीआईजी सहारनपुर रेंज सुधीर कुमार





ने पूरी व्यवस्था के लिए मुजफ्फरनगर जिला अधिकारी चंद्र भूषण सिंह और एसएसपी विनित जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि हमारे जिले के दोनों अधिकारियों ने इस तरह का चक्रव्यूह रचा कि जनता के बीच लगातार मोबिलिटी बनी रहे और हर दो-तीन मिनट बाद जनता के बीच कोई ना कोई ऑफिसर पोलिंग सेंटर पहुंचता रहा। जो संवेदनशील क्षेत्र है! उसमें पुलिस की मौजूदगी रही जिससे कि किसी की हिम्मत नहीं हुई कोई कुछ कर सका है। इस तरह से खतौली उपचुनाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराया गया है।

## अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ खतौली वासियों का जताया आभार

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने बताया कि खतौली विधान सभा उपनिर्वाचन 2022 के। सिखेड़ा थाना, खतौली थाना, जानसठ थाना, नावला गांव, रतनपुरी थाना इति आदि का भ्रमण किया उन्होंने कहा, खतौली विधान सभा उप निर्वाचन में मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। सुबह से ही जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए निकल पड़े थे । इसके बाद सुबह 7 बजे हुए मतदान के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खतौली विधान सभा उप निर्वाचन भ्रमण कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और साथ ही मतदान से जुड़े कार्मिकों व सुरक्षा को निष्पक्ष मतदान कराये जाने प्रसन्नता जाहिर की और जिला




निर्वाचन अधिकारी ने खतौली विधान सभा उप निर्वाचन में बनाये गये आदर्श मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। मतदान समाप्त होने तक खतौली विधान सभा में कोई भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली । खतौली विधान सभा उप निर्वाचन में शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ जिसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने चुनाव में लगाए गए अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी व खतौली विधानसभा के वासियों का आभार व्यक्त किया।

# शॉर्ट सर्किट से जला लाखों का सामान

## ▌रिकॉर्डिंग स्टूडियो का सामान जलकर राख

भास्कर ब्यूरों
कुरावली/मैनपुरी। नगर के मोहल्ला कौआटोला के एक मकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई जिससे कमरे में रखा लगभग 7 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौका मुआयना किया गया। नगर के मोहल्ला कौआटोला निवासी प्रेम चंद्र शास्त्री पुत्र बाबूराम का पुत्र चंदन कुमार यूट्यूबर है। चंदन कुमार ने मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे में स्टूडियो बना रखा था। बीते रविवार की देर शाम अचानक शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई, जब तक कोई कुछ समझ पाता आग की लपटें आसमान छूने लगी। मौके पर दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर आग पर मिट्टी व पानी डालकर किसी तरह काबू पाया। आग में जल्दी से स्टूडियो सहित तीन कंप्यूटर रिकॉर्डिंग मशीन माइक कैमरे ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम तथा स्टूडियो का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौका मुआयना किया गया।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला युवक गिरफ्तार

**भास्कर ब्यूरों**
मीरापुर। ग्राम मुझेडा में विधानसभा की वोट बना रही बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार व मतदाता सूची फाडने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्राम मुझेडा सादात में सरकारी स्कूल में बीएलओ सरला, संजो, शबनम व नूरजहां विधानसभा की वोट बना रही थी। उसी दौरान जावेद पुत्र जुल्फुकार निवासी गढी मुझेडा की बीएलओ से वोट बनाने को लेकर झडप हो गयी। जावेद ने बीएलओ से अभद्र व्यवहार कर मतदाता सूची छीनकर फाडकर फेंक दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जावेद को बीएलओ की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जायंट्स ऑफ सहेली ग्रुप ने जिला अस्पताल में चलाया जागरुकता अभियान

भास्कर ब्यूरों
हाथरस। जायंट्स ऑफ सहेली ग्रुप ने बांगला जिला अस्पताल में क्षय रोग से पीडित रोगियों हेतु जागरूकता अभियान




चलाया। इस दौरान क्षय रोग से पीड़ित रोगियों को पुष्ट आहार वितरित करते हुये टीवी के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की अध यक्षा राधा सिंघल ने बताया कि हमारा ग्रुप हमेशा ऐसे योगदान कार्यो में आगे रहता हैं। वहीं नेकी की दुकान के अध्यक्ष सौरभ जैन ष्रानूष ने कहा कि रोगियो को टीवी का पूरा इलाज और खानपान का विशेष ध्यान देने व हमेशा डॉक्टर के संपर्क में रहने की आवश्यकता है तभी टीवी मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्रम में डा0 ए एस वशिष्ठ एवं डा0 प्रवीन कुमार भारती, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर सीमा वार्ष्णेय और सौरभ जैन रानू आदि लोगों का विशेष योगदान रहा इस मौके पर नगर मंत्री अर्जुन वर्मा, शोभा बंसल आदि भी मौजूद थे।

## सार सुर्खियां




### सामाजिक कार्यो को करने से युवाओं का उत्साह और मनोवल बढ़ता है

भास्कर ब्यूरों
बदायूं। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय वॉलंटियर दिवस पर युवा सेमिनार एवं युवा वक्तव्य कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय बदायूं के सभागार में किया गयाए जिसका शुभारंभ जिला नोडल अधिकारी एनएसएस डॉ0 आर0के0 जायसवाल, जिला युवा अधिकारी डॉ0 दिनेश यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ बबिता यादव ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ0 आर0के0 जायसवाल ने कहा कि युवा हमारे राष्ट्र की कीमती धरोहर हैंए उन्हे अपने कार्य के साथ ही निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा और राष्ट्र की सेवा करें जिससे उनका, समाज का और राष्ट्र का समुचित विकास होगा। डा आरके जायसवाल ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि समाज सेवा हेतु अलग से कोई व्याख्यान की व्यवस्था नहीं होती बल्कि समाज सेवा का भाव स्वत: विकसित होता हैए अत: युवा स्व प्रेरित होकर इस पुनीत कार्य के लिए आगे आएं, यह पुनीत कार्य ही उनकी प्रगति के सभी मार्ग प्रशस्त करेगा। अध्यक्षता कर रहीं डॉ0 बबिता यादव ने युवाओं को प्रेरित हुए कहा कि सामाजिक कार्यो को करने से युवाओं का उत्साह और मनोवल बढ़ता है, अत: युवा पूरे मनोयोग से रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें, उन्होंने देश की प्रगति हेतु युवाओं की सहभागिता एवं स्वयंसेवा को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला युवा अधिकारी डॉ दिनेश यादव ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य और अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा की नेहरू युवा केंद्र संगठन विश्व का सबसे बड़ा युवाओं का संगठन है जो राष्ट्र की प्रगति और उसके सर्वांगीण विकास हेतु युवाओं को तैयार करता है। इस कार्यक्रम को प्रमुख रूप से डॉ संजय कुमार, डॉ गौरव सिंह, डॉ सतीश सिंह, डॉ सरिता यादव, डॉ दिलीप सिंह, संजीव श्रीवास्तव, रवेंद्र पाल सिंह, अर्जुन सिंह, कु स्नेहा पाण्डेय, कु गीतांजलि सिंह कु वर्षा आदि अतिथियों एवं युवाओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर राहुल यादव, रिंकू यादव, महिमा सिंह, नीलम मौर्य, गुलाब सिंह, ओमपाल, कमलेश देवी, रोली देवी, ज्योति कुमारी, शैलजा चौहान आदि युवाओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन रवेंद्र पाल सिंह ने किया।

### 10 दिसम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

भास्कर ब्यूरों
बदायूँ। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि शैक्षणिक सत्र 2022.23 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्गए अनुसूचित जाति/अनु0 जनजाति, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब एवं कमजोर/जरुरतमंद छात्र/छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन एवं सर्वांगीण विकास हेतु एक महत्वाकंक्षी योजना है। दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उक्त वर्गो के गरीब/आर्थिक रुप से कमजोर विद्यार्थियों को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि नियमानुसार भुगतानित की जाती है। विभाग द्वारा जारी समय. सारणी के अनुसार दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सभी वर्गो के छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर, 2022 है।

## डीआईजी ने कहा कि सारी व्यवस्थाओं के बीच महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में किया मतदान

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। खतौली विधानसभा सीट पर मतदान शाम 6 समाप्त हो गया। इस दौरान डीआईजी सहारनपुर रेंज सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि माहौल बहुत ही शांतिपूर्ण रहा और सुरक्षा के साथ लोगों ने निर्भीक होकर मतदान किया है। डीआईजी सुधीर कुमार ने कहा कि सारी व्यवस्थाओं के बीच महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में मतदान किया है और अकेली महिलाएं बच्चों के साथ मतदान केंद्र गई है और मतदान करने के बाद आराम से निर्भीक होकर वापस लौटी। उन्होंने कहा कि यह एक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का प्रमाण है और हमने लगातार मोबाइलटी को बनाए रखें। जहां जहा संवेदनशील स्थान थे। उन पर पुलिस पिकेट मौजूद रहा और लगातार यह प्रयास किया गया कि निष्पक्ष और निर्भीक होकर पारदर्शी मतदान को अंजाम दिया जा सके। गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के आरोप के सवाल पर डीआईजी सुधीर कुमार ने कहा कि



मैं भी बहुत सारे पोलिंग बूथ पर घुमा हूं। वहां लोगों से बातचीत भी की जो पोलिंग एजेंट थे उनसे भी बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि लगातार मीडिया कर्मी भी फील्ड पर सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि किसी मतदाता ने मौके पर कोई शिकायत की हो और उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा हो और उसे कहीं ना जाने दिया जा रहा हो। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पॉलीटिकल पार्टीज है अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए बहुत सारे आरोप लगाते हैं ताकि ध्यान भटक सके और वह अपना काम कर सकें। डीआईजी सहारनपुर रेंज सुधीर कुमार ने पूरी व्यवस्था के लिए मुजफ्फरनगर जिला अधिकारी चंद्र भूषण सिंह और एसएसपी विनित जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि हमारे जिले के दोनों अधिकारियों ने इस तरह का चक्रव्यूह रचा कि जनता के बीच लगातार मोबिलिटी बनी रहे। और हर दो-तीन मिनट बाद जनता के बीच कोई ना कोई ऑफिसर पोलिंग सेंटर पहुंचता रहा। जो संवेदनशील क्षेत्र है उसमें पुलिस की मौजूदगी रही जिससे कि किसी की हिम्मत नहीं हुई कोई कुछ कर सके।

### जनपद में चला मिशन शक्ति जागरुकता अभियान

**भास्कर ब्यूरों**
**मुजफ्फरनगर।** महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा व सम्मान स्वावलमंबन। सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से, जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले स्कूलों, कोचिंग सेन्टरों, गांवों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों के आस-पास मिशन शक्ति फेज-4 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है।अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं हेल्पलाईन नम्बरों ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090 आदि के सम्बन्ध में। विस्तृत से जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया जा रहा है। सात ही सुरक्षा सम्बन्धी सुझावो का आदान प्रदान किया जा रहा है।

# मुजफ्फरनगर नगर पालिकाओं में आरक्षण की सूची जारी

**भास्कर ब्यूरों**
**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिकाओं में आरक्षण की सूची जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार जनपद में पालिका सीट को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है। सीट अनारक्षित होने पर कोई भी वर्ग का पुरुष हो या महिला चुनाव लड़ सकता है। जैसे ही सीट अनारक्षित घोषित हुई पॉलिटिकल पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दल के कई खास चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। नगर पालिका खतौली को भी अनराक्षित घोषित किया गया है। गत निकाय चुनाव से पहले जनपद पालिका परिषद सीट मामान्य महिला के लिए आरक्षित कर दी गई थी। जिससे कई राजनीतिक दल के पारंपरिक प्रत्याशी चुनाव लड़ने से वंचित रह गए थे। गत चुनाव में भाजपा नेता अरविंद राज शर्मा की पत्नी सुधाराज शर्मा बीजेपी, बसपा नेता जियाउर्रहमान की पत्नी मुदस्सिर रहमान बसपा और कांग्रेस से नगर पालिका चेयरमैन रहे पंकज अग्रवाल की चाची अंजु अग्रवाल ने कांग्रेस से ही चुनाव लड़ा था। जनपद में पालिका सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित घोषित किये जाने से कई एक्टिव पॉलिटिकल नेताओं के चेहरों से रौनक गायब हो गई थी, लेकिन जैसे ही जनपद पालिका सीट अनारक्षित घोषत हुई! लगभग सभी राजनीतिक दलों के कई नेताओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा हो या कोई भी पार्टी की बात करें तो इस बार गत चुनाव में अपनी पत्नी सुधाराज शर्मा को मैदान में उतारने वाले अरविंद राज शर्मा, पूर्व में नगर पालिका चुनाव लड़ चुके और संघ के बड़े नेता संजय अग्रवाल, विधानसभा चुनाव में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए गौरव स्वरूप और पंजाबी समाज में काफी सक्रिय राजनीति करने वाले जगदीश बाठला और इसी समाज से आने वाले शहर के बड़े उद्योगपति कुशपुरी अब टिकट की जद्दोजहद में जुट गए हैं। वहीं सपा-रालोद गठबंधन से राकेश शर्मा, बसपा से जियाउर्रहमान और कांग्रेस से शादाब खान जैसे लोग अब टिकट दांव लगाएंगे।दोनों नगर पालिकाओं के अलावा जिले की नगर पंचायतों में भी आरक्षण की घोषणा कर दी गई है।

# जनपद में साइबर सेल का गुड वर्क लगातार जारी

**भास्कर ब्यूरों**
**मुजफ्फरनगर।** साइबर सेल द्वारा लगातार आनलाइन फ्राड का शिकार हुए लोगों को ठगो द्वारा की गयी ठगी की रकम वापस दिलाने का कार्य लगातार जारी है। इसी कडी में साइबर सेल ने धोखाधडी के चार मामलों में ठगी करने वालो से 01,04,577 रूपये पीडितों को वापसी कराये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में साइबर सैल द्वारा चार आवेदकों की धनराशि वापस करायी गयी जो साइबर ठगों द्वारा धोखाधडी से स्थानांतित करायी गयी थी। उल्लेखनीय है कि नितिन कुमार पुत्र सतीष चन्द निवासी थाना सिविल लाइन, द्वारा साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति (साइबर ठग) द्वारा मोबिक्विक से माध्यम से ऑनलाईन फ्राड कर उनसे धोखाधड़ी की गयी है। साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित को फॉड से अवगत कराया तथा 19,751 रुपये आवेदक के खाते में वापस कराये गये। वहीं विरेन्द्र कुमार पुत्र ताराचन्द निवासी बघरा थाना तितावी मुजफ्फरनगर द्वारा साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति (साइबर ठग) द्वारा ओटीपी से माध्यम से धोखाधड़ी की गयी है। साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित को फॉड से अवगत कराया तथा 61,999 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को आवेदक के खाते में वापस कराया गया। इसके अलावा आर के गुप्ता निवासी वसुन्धरा थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर द्वारा साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्धसाइबर ठगऋ द्वारा कनेक्शन काटने के नाम पर धोखाधड़ी की गयी है। साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित को फॉड से अवगत कराया तथा 8827 रुपये आवेदक के खाते में वापस कराये गये तथा राहत खान पुत्र युनूस निवासी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर द्वारा साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति (साइबर ठग) द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी की गयी है। साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित को फॉड से अवगत कराया तथा 15,000 रुपये आवेदक के खाते में वापस कराये गये। साइबर सैल द्वारा धोखाधडी करने वाले अज्ञात साइबर ठगो के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिये किया गया पैदल गस्त

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने और कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिये। पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में पैदल गस्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया, साथ ही संदिग्ध व्यक्ति वाहनो की चेकिंग भी की गयी। जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में। समस्त क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य चौराहों मार्गो, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों, कोचिंग सेन्टर के आस पास, शराब के ठेकों आदि स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए।

स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान आमजन से वार्ता कर उनकी समस्यों के बारे में जानकारी की गयी तथा सुरक्षा संबंधी सुझावों का आदान प्रदान करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतरजनपदीय राज्यीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

## महिला सुरक्षा सेल में प्राप्त फरियादियों की शिकायत का नोडल अधिकारी ने किया निस्तारण

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह के निर्देशन में संचालित डब्ल्यूपीसी में महिलाओं से संबंधित समस्याओं की सुनवाई, नियमित रूप से की जा रही है। डब्ल्यूपीसी नोड्ल अधिकारी डॉ0 नेहा शर्मा की अध्यक्षता में डब्ल्यूपीसी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। महिला से सम्बन्धित समस्त शिकायतों को डब्ल्यूपीसी की पूरी टीम के द्वारा गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण प्रत्येक दशा में करने का प्रयास किया जाता है। डब्लूपीसी टीम द्वारा मामलों को गम्भीरता को समझते हुए शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में डब्ल्यूपीसी में 10 शिकायत को सुनी गई। जिसमें 06 शिकायतों में दोनो पक्षो की काफी समय तक महिला सुरक्षा सेल द्वारा कांउन्सिलिंग की गयी। जिसके उपरान्त शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। बाकी बची 04 शिकायतों की कांउन्सिलिंग करने के लिए अग्रिम तारिख दे दी गयी है। मौके पर डब्ल्यूपीसी नोडल अधिकारी डॉ0 नेहा शर्मा, डब्ल्यूपीसी सदस्य शिवांगी बालियान, डब्ल्यूपीसी की टीम सहित अभियोजक सरिता रानी एवं धर्मेन्द्र पुण्डीर मौजूद रहें।

## मुजफ्फरनगर में ठंड बढने के साथ-साथ कोहरे ने दी दस्तक

भास्कर ब्यूरों
मुजफ्फरनगर। ठंड बढने के साथ ही अब कोहरे ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार की सुबह घने कोहरे के कारण कुछ भी साफ नजर न आने के कारण जहां जनजीवन प्रभावित रहा वहीं वाहन चालकों को भी मुसीबतें उठानी पडी। कोहरे में साफ नजर न आने के कारण चालकों को वाहनों की लाइट जलाकर चलना पडा।दिसम्बर माह के शुरू होते ही कोहरे व ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार की सुबह घना कोहरा छाए रहने से कुछ भी साफ नजर नहीं आ पाया, जिसके चलते जनजीवन भी प्रभावित हुआ, वहीं ठंड ने भी लोगों की कंपकंपी छुडा दी। कोहरे के कारण कुछ दूरी का भी साफ न आने के कारण चालकों को अपने-अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलना पडा। हालांकि दिन चढने के साथ ही कोहरा भी छंट गया और लोगों को धूप खिलने से राहत मिली। कोहरा व ठंड बढने के साथ ही सुबह की सैर को जाने वाले लोगों ने भी अब सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। जो लोग सुबह सैर के लिए निकल रहे हैं वे गर्म कपडे पहनकर ही जा रहे हैं। वहीं चिकित्सकों ने भी दिल के मरीजों को ठंड में सुबह की सैर पर न जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि दिल के मरीजों के लिए ठंड का मौसम काफी खतरनाक होता है, अगर बेहद जरूरी हो तो गर्म कपडे, जूते, मौजे व सिर पर टोपा लगाकर ही घर से बाहर निकले। हल्के गुनगुने पानी का सेवन करें। दूसरी ओर ठंड के लगातार बढने से गर्म कपडों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। गर्म कपडों के विक्रेताओं के यहां लोगों की भीड लगी है। जर्सी, जरकीन, टोपे, की खरीददारी हो रही है। जर्सी, जरकीन, जुराबें, टोपों की खरीददारी में भी तेजी आई है वहीं रुम हीटरों की बिक्री में भी इजाफा हो रहा है। वहीं रात के समय ठंड बढ जाने के कारण गरीब व असहाय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।



# श्री कार्तिकेय

## नकारात्मकता को नष्ट करने वाली शक्ति

**जो रक्षा करते हैं।**
**जो सभी बुराइयों का नाश करते हैं।**
**जो ओजस्वी सेनापति हैं।**







भगवान शिव और देवी पार्वती (शक्ति)के दूसरे पुत्र कार्तिकेय को **सुब्रह्मण्यम, षणमुख, षडानन, स्कंद** आदि कई नामों से जाना जाता है। दक्षिणी भारत में श्री कार्तिकेय एक लोकप्रिय देवता हैं और उन्हें **मुरूगन** के नाम से जाना जाता है।

### श्री कार्तिकेय ~ जन्म कथा



पृथ्वी पर सूरपद्म और उसके भाइयों, सिंहमुख व ताड़कासुर, का आतंक अपने चरम पर पहुंच चुका था। ताड़कासुर को यह वरदान प्राप्त था कि शिव और पार्वती की संतान ही उसका विनाश कर सकती है। । लेकिन भगवान शिव तो सती आत्मदाह के पश्चात मोह के सभी बंधनों से मुक्त होकर हिमालय पर तपस्या करने चले गए थे।

ऐसे में उनके मन में पार्वती के लिए आकर्षण विकसित होना एक कठिन कार्य था। कामदेव के बाण की वजह से वे पार्वती के प्रति आकर्षित हुए । यद्यपि उन्होंने कामदेव को अपने क्रोध में भस्म कर दिया था, लेकिन शिव के भीतर छिपी क्रोध की ज्वाला अभी तक समाप्त नहीं हुई थी। जब अग्नि देव उनके वीर्य को लेकर जा रहे थे, तो उसके ताप के कारण उन्होंने उसको गंगा जी में गिरा दिया और वे इस वीर्य को शरवन वन तक ले गईं जहां उनसे छः बच्चों का जन्म हुआ।

उस वन में विहार करती छः कृतिका कन्याओं (कृतिका नक्षत्र के छः तारों) ने उनका पालन पोषण किया। जब माँ पार्वती ने अपने पुत्रों को देखा तब वे सभी छः शीश वाले एक शिशु में बदल गए। कृतिकाओं द्वारा लालन-पालन होने के कारण उस बालक का नाम कार्तिकेय पड़ गया।

### श्री कार्तिकेय ~ युद्ध के देवता

श्री कार्तिकेय वीरता के प्रतीक और युद्ध के देवता हैं। उनका जन्म राक्षसों को नष्ट करने के लिए ही हुआ है अर्थात वह मनुष्यों की नकारात्मक प्रवृत्तियों का नाश करते हैं।
कार्तिकेय के छः मुखों के प्रतीक स्वरूप, उनका एक नाम षडानन भी है, अर्थात जिसके छः सिर हैं। उनके छः शीश पांच इंद्रियों और मन के प्रतीक हैं। वे यह भी इंगित करते हैं कि यदि मनुष्य जीवन की इस लड़ाई में कुशलता से खुद का नेतृत्व करना चाहता है तो उसे हमेशा इन छः राक्षसी अवगुणों से सतर्क रहना चाहिए। ये छः अवगुण हैं- **काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर।**

उनके छः सिर उन्हें सभी दिशाओं में देखने में सक्षम बनाते हैं। उनकी यह महत्वपूर्ण विशेषता सुनिश्चित करती है कि श्री कार्तिकेय उन सभी प्रकार के प्रहारों का मुकाबला करने में सक्षम हैं, जो उन्हें मार सकते हैं ।

श्री कार्तिकेय एक हाथ में भाला लिए हुए हैं और उनका दूसरा हाथ हमेशा भक्तों को आशीर्वाद देता है। उनका वाहन एक पवित्र पक्षी मोर है जो अपने पैरों से नाग को पकड़ता है, यह नाग लोगों के अहंकार और इच्छाओं का प्रतीक है। मोर हमारी हानिकारक आदतों के विनाश और कामुक इच्छाओं पर विजय का प्रतीक है। इस प्रकार उनका जीवन हमें हमेशा नकारात्मक व्यवहार पर विजय पाने हेतु प्रेरित करता है।





### श्री कार्तिकेय के सम्मान में मनाए जाने वाले त्योहार

**कार्तिक पूजा**- यह एक हिंदू बंगाली त्योहार है और पश्चिम बंगाल में अधिक लोकप्रिय है। यह त्यौहार बंगाली कार्तिक महीने के अंतिम दिन दुर्गा पूजा की तरह ही बड़े उत्साह मनाया जाता है।

**कार्तिक दीपम**- भगवान कार्तिकेय की पूजा के लिए प्रमुख त्योहारों में से एक कार्तिक दीपम है। यह रोशनी का एक त्योहार है जो मुख्य रूप से हिंदू तमिलों द्वारा मनाया जाता है। इसे कार्तिक नक्षत्र में श्री कार्तिकेय के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मनाया जाता है।

**थाईपुसम** - यह भी तमिल समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी पार्वती ने ताड़कासुर की राक्षस सेना को हराने के लिए भगवान मुरूगन को एक दैवीय भाला दिया था, इसलिए यह बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है।

**सहज योग परिवार की ओर से श्री कार्तिक दीपम की हार्दिक शुभकामनाएं।**

www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800

### श्री कार्तिकेय ~ सेनापति (Commander in Chief)

श्री कार्तिकेय के बारे में कहा जाता है कि **वे देवों की सेना के सेनाध्यक्ष हैं**। वे सभी गणों के कप्तान या नेता है अर्थात वे उन पर नियंत्रण करते हैं। नियंत्रण में होना, स्वामी होने से अलग है ।

जब आप नियंत्रण में होते हैं तो स्वामित्व कहीं खो जाता है और यही वह स्थिति है जो हमें अब प्राप्त करनी है। कार्तिकेय के हाथों में अबोधिता की कमान हैं और वे दूसरों पर और स्वयं अपने पर नियंत्रण करने की शक्ति देते हैं।

दूसरों पर नियंत्रण की शक्ति पुरुषों में वाकचातुर्य से, उनके ओजस्वी होने से, उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों के माध्यम से आती है। महिलाओं के लिए यह उनकी प्रेम शक्ति से, उनकी सहनशीलता से, उनके सुंदर व्यवहार, क्षमा, करुणा के माध्यम से आती है।

जब किसी व्यक्ति का अपने पर नियंत्रण हो जाता है तो वह किसी भी हानिकारक आदत से प्रभावित नहीं होता है। बल्कि वह हमेशा इन आदतों के ऊपर नियंत्रण पाने के हेतु वीरता दिखाता है और उन पर विजय प्राप्त करता है। ऐसा व्यक्ति कभी भी सिगरेट, शराब, मादक पदार्थों के व्यसन का शिकार नहीं होता है और ना ही उसे depression या आत्महत्या जैसे विचारों से जूझना पड़ता है। **साथ ही श्री कार्तिकेय की शक्ति, काले जादू और तंत्र-मंत्र के दुष्प्रभाव से भी हमारी रक्षा करती है।**

### श्री कार्तिकेय के गुण और सहज योग

लेकिन इन गुणों को अपने अंदर कैसे जागृत किया जा सकता है? केवल उनकी पूजा करने या बातें करने या इनके बारे में पढ़ने से तो ऐसा संभव नहीं है। इसे श्रीमाताजी निर्मला देवी ने सहज योग के माध्यम से बड़ी ही सुगमता से सफल बनाया है। सहज में ही हमारी कुण्डलिनी शक्ति का जागरण कर हमें चारों और फ़ैली परमात्मा ही की शक्ति से योग कराया है।

हमारी उत्क्रांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए, हमारी रीढ़ की हड्डी में सात चक्र और कुण्डलिनी शक्ति स्थित हैं। **ये सभी चक्र हमारे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए उत्तरदायी हैं ।** जब कुंडलिनी जागृत होती है, तो वह चक्रों को पोषित करती है और उन्हें संघटित करती हुई हमें परमात्मा के दिव्य प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति से जोड़ देती है। कुंडलिनी जागरण और चक्रों के पोषण का एक महत्वपूर्ण लाभ यह होगा कि व्यक्ति में एक आंतरिक संतुलन आएगा और वह स्वस्थ हो जाएगा।

व्यक्ति के भीतर कुंडलिनी शक्ति के जागरण से सभी चक्रो के गुण प्लावित, पोषित होने लगते हैं। जब यह शक्ति हमारे दाएं मूलाधार चक्र को स्पर्श करती हुई पोषण प्रदान करती है तो **इस चक्र के अधिष्ठित देवता श्री कार्तिकेय अपने गुण और शक्तियों से व्यक्ति को आशीर्वादित करते हैं और इस प्रकार सहजयोग के माध्यम से मनुष्य अपनी हानिकारक आदतों और नकारात्मक विचारों और तंत्र-मंत्र के दुष्प्रभावों पर विजय प्राप्त करता है।**

**श्री कार्तिकेय का वास हमारे सूक्ष्म तंत्र के मूलाधार चक्र में दाईं ओर है।**

**अपनी दिव्य शक्तियों को जागृत करें**
**अपना आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करें**

**सहज योग ध्यान**
**पूर्णतः निःशुल्क है**




Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org